"छात्र नेतृत्व का समाजशास्त्रीय अध्ययन"

(बुन्देलखण्ड क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं के संदर्भ में)

समाजशास्त्र में डॉक्टर ऑफ फिलासफी की
उपाधि के निमित्त प्रस्तुत शोध - प्रबन्ध

निर्देशक :

डॉ० जी० सी० श्रीवास्तव

समाजशास्त्र विभाग

डी. वी. महाविद्यालय, उरई

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी (उ० प्र०)

द्वारा

शरणबिहारी खरया

समाजशास्त्र विभाग

बुन्देलखण्ड महाविद्यालय, झाँसी

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी (उ० प्र०)

• • •

१९८४

"छात्र नेतृत्व का समाजशास्त्रीय अध्ययन"

(बुन्देलखण्ड क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं के संदर्भ में)

समाजशास्त्र में डॉक्टर ऑफ फिलासफी की
उपाधि के निमित्त प्रस्तुत शोध - प्रबन्ध



निर्देशक :

डॉ० जी० सी० श्रीवास्तव

समाजशास्त्र विभाग

डी. वी. महाविद्यालय, उरई

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी (उ० प्र०)

द्वारा

शरणबिहारी खरया

समाजशास्त्र विभाग

बुन्देलखण्ड महाविद्यालय, झाँसी

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी (उ० प्र०)

• • •

१९८४

प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री अवध बिहारी अवधा द्वारा प्रस्तुत शोध प्रबन्ध "छात्र असंतोष का एक समाज-शास्त्रीय अध्ययन" (बुन्देलखण्ड क्षेत्र की विशेष संस्थाओं के सन्दर्भ में), एक मौलिक शोध कार्य है ।

यह शोध कार्य बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी की नियमावलि के अनुरूप मेरे निर्देशन में किया गया है ।

यह भी प्रमाणित किया जाता है कि वर्तमान शोध-प्रबन्ध पूर्ण अथवा आंशिक रूप से अन्य संस्था में किसी भी उपाधि की अपेक्षा से प्रस्तुत नहीं किया गया है ।

शोधकर्ता
अवध बिहारी अवधा
समाज शास्त्र विभाग
बुन्देलखण्ड महाविद्यालय,
झाँसी (उ०प्र०)
बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी

शोध निर्देशक
डा० वी० वी० श्रीवास्तव
समाज शास्त्र विभाग
डी० वी० महाविद्यालय,
उरई (उ० प्र०)
बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी

विषय सूची

	पृष्ठ संख्या
प्राक्कथन	i-iv
तालिका-सूची	v-vii
चित्र-सूची	viii
अध्याय 1. प्रस्तावना एवं कार्य प्रणाली	1-41
1.1 प्रस्तावना	1-25
1. ग्राम गौरव की व्याख्या	1-4
2. बुन्देलखण्ड क्षेत्र की विभिन्न संस्थाओं में ग्राम गौरव का इतिहास	4-6
3. वर्तमान शोध समस्या की उपयोगिता एवं विवेचना	6-9
4. साहित्य का पुनरावलोकन	9-23
5. वर्तमान शोध अध्ययन के उद्देश्य	23-25
1.2 कार्य-प्रणाली	26-41
1. अध्ययन क्षेत्र	26-33
2. आदर्श आकार	33
3. तथ्यों के संकलन की विधियाँ	33-36
4. आदर्श की उपयुक्तता	36
5. प्राथमिक एवं द्वितीयक तथ्य	36-37
6. सामाजिक वर्गिकी	37
7. सारणीकरण	37
8. विश्लेषण	37-38
9. सांख्यिकीय विधियों का उपयोग	38
10. वर्तमान शोध कार्य के अनुक्रम एवं सीमायें	38-41

अध्याय 2.	सर्वेक्षण पर आधारित तथ्य	42-47
	1. सामान्य विवरण	42-44
	2. सामाजिक कारक	44
	3. आर्थिक कारक	44
	4. राजनैतिक कारक	45
	5. धार्मिक कारक	45
	6. मनोवैज्ञानिक कारक	45-47
अध्याय 3.	ग्राम नेतृत्व का समाज-आर्थिक विवरण	48-90
	1. सामान्य विवरण	48
	2. समाज आर्थिक व्यवस्था	48-53
	3. समाज आर्थिक गतिविधियाँ	53-87
	4. विश्लेषण	87-90
अध्याय 4.	ग्राम नेतृत्व का शैक्षिक विवरण	91-121
	1. सामान्य विवरण	91
	2. शिक्षा	91-92
	3. शैक्षिक गतिविधियाँ	92-116
	4. विश्लेषण	117-121
अध्याय 5.	ग्राम नेतृत्व का राजनैतिक विवरण	122-147
	1. सामान्य विवरण	122-125
	2. नेतृत्व के प्रकार	125
	3. राजनैतिक गतिविधियाँ	125-142
	4. विश्लेषण	142-147
अध्याय 6.	ग्राम नेतृत्व एवं स्थानीय राजनीति	148-150

अध्याय 7. छात्र आन्दोलन एवं प्रभावीकरण 151-156

अध्याय 8. व्यक्तिगत अध्ययन 157-172

1. सामान्य विवरण 157-159

2. व्यक्तिगत अध्ययन पद्धति द्वारा सर्वेक्षण किये गये छात्र केन्द्रों का विवरण 159

अ. छात्र महाविद्यालय 159-162

ब. छात्रा महाविद्यालय 163-165

स. मेडिकल कालेज 165-168

द. माध्यमिक विद्यालय 169-171

3. विश्लेषण 171-172

अध्याय 9. उपसंहार 173-206

1. सुझाव 173-192

2. निष्कर्ष 192-197

3. सुझाव 197-206

... ... सन्दर्भ ग्रन्थों की सूची 207-234

परिशिष्ट ... ... प्रश्नावली प्रपत्र 1-8

=:=:=:=:=:=:=

प्राक्कथन

वर्तमान शताब्दी के पिछले कुछ दशकों में तकनीकी एवं आधुनिकीकरण की प्रक्रिया में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अपने तमाम अन्वेषणों के फलस्वरूप मानव अन्तरिक्ष में सफलता पूर्वक प्रवेश कर चुका है। विश्व के विभिन्न देशों में निरन्तर अन्वेषणों की एक होड़ सी तीव्रगामी दौड़ लगी हुई है जिसके भविष्य की मात्र कल्पना करके अन्ततः पटल पर कई प्रश्न एक साथ उभरते हैं। मानव समाज का अस्तित्व आणविक परमाणु विकास की प्रक्रिया से अधर में प्रतीत होता है। सामाजिक नियन्त्रण के तौर में बढ़ती हुई जनसंख्या अवरोध का कारक प्रतीत होती है। समाज में जन्म लेने वाले सदस्यों के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व की भूमिका में शिक्षा की आवश्यकता एवं योगदान को नगण्य नहीं समझा जा सकता है। वर्तमान शोध प्रबन्ध इस आशय से प्रस्तुत किया जा रहा है कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं के तौर में छात्र गतिविधियों की क्या दशा रही है? विश्व के विभिन्न विश्वविद्यालयों में छात्र नेतृत्व की वर्तमान शोध समस्या से सम्बन्धता रखने वाले अनेकों शोध पत्र उपलब्ध हुये हैं, परन्तु भारतवर्ष के सबसे बृहद प्रान्त उत्तर प्रदेश की भौगोलिक सीमाओं के अन्तर्गत एक बड़े भाग का निर्माण करने वाले बुन्देलखण्ड क्षेत्र में शोध कार्यों का कोई इतिहास उपलब्ध नहीं हुआ है। वर्तमान शोध प्रबन्ध इस क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक व्यवस्थाओं का विश्लेषण करते हुए यह निष्कर्ष प्रदान करने की दिशा में है कि शिक्षण संस्थाओं में छात्र नेतृत्व की विकलता किस सीमातक है एवं इस विकलता के फलस्वरूप शिक्षण संस्थाओं व छात्र हितों में क्या सुधार की आवश्यकतायें हैं। इस तौर की संस्तुति वर्तमान शोध प्रबन्ध के अन्तिम अध्याय में तालिका की गई है।

वर्तमान शोध प्रबन्ध देवनागरी लिपि में प्रस्तुत किया जा रहा है। टंकण की उपयुक्त सुविधा प्राप्त न होने के कारण सैद्धान्तिक त्रुटियों की सूची शोध प्रबन्ध के अन्त में सन्शुद्ध रूप से संलग्नित की गयी है।

वर्तमान शोध कार्य डा.बी.सी. श्रीवास्तव समाजशास्त्र विभाग, डी.बी. महाविद्यालय उरई, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी उत्तर प्रदेश के तत्वा निर्देशन में किया गया है। वर्तमान शोध कार्य के प्रथम चरण से अन्तिम चरण तक डा. श्रीवास्तव ने वैचारिक क्षमता के माध्यम से तथ्यों का तुलनात्मक विश्लेषण एवं शोध कार्य को वर्तमान तैरवना प्रदान करने में निरन्तर सहयोग प्रदान किया है। मैं व्यक्तिगत रूप से इस अमूल्य योगदान के लिये अपना आभार शब्दों में व्यक्त करने में असमर्थ हूँ।

वर्तमान शोध कार्य की रूप रेखा निर्माण करने के समय से विभिन्न समाजशास्त्रियों के जो रचनात्मक सुझाव समय-समय पर प्राप्त हुये हैं उनके अभाव में शोध प्रबन्ध वर्तमान तैरवना प्राप्त करने में असमर्थ होता। इन समाजशास्त्रियों में डा.बी.एन. सेठ, अध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग, क्राइस्टचर्च कालेज, कानपुर विश्वविद्यालय कानपुर, डा.एस.डी. महेश्वरी, रीडर समाजशास्त्र विभाग दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली एवं डा.एन.के.गौराहा, अध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग, सागर विश्वविद्यालय सागर प्रमुख हैं। मैं व्यक्तिगत रूप से इन सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।

प्रस्तुत शोध प्रबन्ध की कार्य प्रणाली एवं तथ्यों के प्रस्तुतीकरण में डा.एन.एन. अवस्थी प्रवक्ता, महारानी लक्ष्मीबाई मेडीकल कालेज झाँसी एवं डा. सुक्रम चन्द्र जैन का अविस्मरणीय योगदान प्राप्त हुआ है। मैं इनका आभारी हूँ।

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय की परिष्ठ समाजशास्त्री डा. गार्गी, प्रधानाचार्या, आर्य कन्या महाविद्यालय झाँसी ने शोध कार्य के प्रारम्भ से अन्तिम अवस्था तक उत्प्रेरक एवं रचनात्मक सुझाव प्रदान किये हैं। मैं व्यक्तिगत रूप से उनका हृदय से आभारी हूँ।

वर्तमान शोध प्रबन्ध में सबसे अधिक सहयोग की दृष्टि से डा. अरुण कुमार शुक्ल समाज मानवशास्त्री के प्रयासों को मैं जीवन पर्यन्त नहीं भूल सकता। डा. शुक्ल ने प्रारम्भ से लेकर अन्तिम चरण तक शोध प्रबन्ध की पूर्ण तैयारी में जो अपेक्षित सहयोग दिया है उसके लिये मैं उनका जीवन भर ऋणी रहूँगा।

यदि मैं अपनी शिक्षण संस्था के सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त न करूँ तो मेरी यह त्रुटि होगी। बुन्देलखण्ड महाविद्यालय झाँसी के डा. पी.डी. गुप्ता, प्रो० कमाल हुसैन, प्रो० प्रदीप माहिश्री, प्रो० कान्ति चन्द्र सक्सेना एवं प्रो० पी.आर. शुक्ला का मैं आभार व्यक्त करता हूँ।

वर्तमान शोध कार्य की तैरचना के बारे में विभिन्न व्यक्तियों को अवगत कराया गया है। इस सम्बन्ध में हार्दिक रूप से मैं प्रो० के.पी. नाथ, ब.ला. वे. महाविद्यालय, बाँदा एवं डा० एस.पी. सिंह अतरी, महाविद्यालय अतरी, का आभारी हूँ।

वर्तमान शोध कार्य ऐसी अवधि में किया गया है जबकि प्रत्येक अवस्था में शोध कर्ता को निरन्तर प्रेरणा स्रोत का अत्यन्त आवश्यक होता है। इस दिशा में प्रदत्त रचनात्मक सुझाव एवं समयानुकूल निरन्तर सहयोग के लिये मैं अपनी पत्नी श्रीमती सुधारानी श्रीवास्तव का विशेष रूप से आभारी हूँ

शोध प्रबन्ध के निर्माण में श्री कमलेश वर्मा, श्री ज्ञान सागर दिवाकरया, श्री बालचन्द्रन, श्री श्याम सुन्दर एवं श्री कौशल किशोर वर्मा ने अत्यंतीय सहयोग प्रदान किया है । रचनात्मक दृष्टि से प्राप्त सहयोग के लिये मैं कुमारी वर्मा एवं कुमारी अर्चना का हृदय से आभारी हूँ ।

मैं उन सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समाज के अन्य व्यक्तियों का हृदय से आभारी हूँ जिन्होंने तथ्यों के संकलन में निरन्तर सहयोग प्रदान किया है ।

अन्त में यह मेरा परम कर्तव्य होगा कि परोक्ष अथवा अपरोक्ष रूप से प्राप्त सहयोग के लिये विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यों, प्राध्यापकों एवं शिक्षिकों का आभार व्यक्त करूँ । इस क्रम में बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी के अधिकारियों के प्रति भी मैं व्यक्तिगत रूप से आभार व्यक्त करता हूँ ।

मैं श्री भगवानदास कुशवाहा का आभारी हूँ जिनके परिश्रम से यथासमय शोध प्रबन्ध का टंकण कार्य पूरा हो सका ।

। सरन बिहारी अरया ।

तालिका-सूची

क्रम संख्या	विवरण	पृष्ठ संख्या
1.	बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय	29
2.	जन संख्या घनत्व का विवरण	31
3.	तथ्य संकलन में उपयुक्त शिक्षण संस्थाओं एवं छात्र श्रेणियों का विवरण	34
4.	छात्र श्रेणियों का जाति पर आधारित वर्गीकरण	54
5.	छात्र श्रेणियों का पारिवारिक-आर्थिक स्तर पर आधारित वर्गीकरण	55
6.	बुन्देलखण्ड क्षेत्र में उत्पादित फसलों की औसत-उपज	59
7.	छात्र श्रेणियों का क्षेत्रीय वर्गीकरण	60
8.	छात्र श्रेणियों का आयु पर आधारित वर्गीकरण	62
9.	छात्र श्रेणियों का लिंग के आधार पर विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में वर्गीकरण	65
10.	छात्र श्रेणियों की औसत आयु एवं वैवाहिक स्थिति का वर्गीकरण	66
11.	छात्र श्रेणियों के वैवाहिक स्तर एवं विवाह के समय आयु (पति/पत्नि) का विवरण	67
12.	विवाहित छात्र श्रेणियों के मताधिकार - परिषदों के चुनाव में मतदाता की सहमति का विवरण	68
13.	छात्र श्रेणियों की विवाह के समय आयु एवं प्रथम बच्चे के जन्म में अन्तराल का विवरण	69
14.	छात्र श्रेणियों का पारिवारिक व्यवस्था पर आधारित वर्गीकरण	71
15.	छात्र श्रेणियों का पारिवारिक-आर्थिक दृष्टि से वर्गीकरण	72
16.	छात्र श्रेणियों की पारिवारिक संरचना एवं परिवार के मुखियों का वर्गीकरण	74

17.	ओरांव जनजाति की पारिवारिक अभिरचना का वर्णन	76
18.	ओरांव जनजाति के घर से दूर पहुँचने की प्रक्रिया पर पारिवारिक सदस्यों के व्यवहार का विवरण	78
19.	ओरांव जनजाति के अपने मुखिया की आज्ञा मानने का वर्णन	80
20.	ओरांव जनजाति का विवाह पद्धति से सम्बन्धी विवरण	81
21.	ओरांव जनजाति के पारिवारिक सदस्यों अपने प्रेम-विवाह/अन्तर्जातीय विवाह पद्धति में विश्वास का विवरण	82
22.	ओरांव जनजाति का संस्कृति एवं सभ्यता से सम्बन्धित विवरण	83
23.	ओरांव जनजाति के विवाह सम्बन्धी रूपों का विवरण	85
24.	ओरांव जनजाति के मातृ: वर्चस्वपरक व्यवहारों से सम्बन्धित विवरण	86
25.	ओरांव जनजाति एवं सिक्खों के पारस्परिक सम्बन्धों का विवरण	94
26.	ओरांव जनजाति का शिक्षा के आधार पर वर्णन	95
27.	ओरांव जनजाति के मातृ: वर्चस्व शिक्षा प्रणाली के सम्बन्ध में	98
28.	ओरांव जनजाति की शिक्षा सामग्री अभिरचना का विवरण	100
29.	ओरांव जनजाति का आइ-फेक, जादू-टोना में विश्वास	102
30.	ओरांव जनजाति का विभिन्न प्राकृतिक घटनाओं से सम्बन्धों का विवरण	103
31.	ओरांव जनजाति की शिक्षा के लिये परिवार के विभिन्न सदस्यों से मिलने वाली आर्थिक सहायता का विवरण	104
32.	ओरांव जनजाति अपने परिवार से प्राप्त मानसिक सहायता का विवरण	106

33.	विभिन्न संस्थाओं का नियंत्रण	107
34.	छात्र नेताओं के माः प्रजातांत्रिक नियन्त्रण से तौलिया	108
35.	प्रजातन्त्रिक दृष्टिकोण में छात्र नेताओं का योगदान	110
36.	छात्र नेताओं की भविष्य तौलिया अभिलाषाओं का विवरण	111
37.	छात्र नेताओं के माः विभिन्न कार्यक्रमों से तौलिया	113
38.	छात्र नेताओं के माः विभिन्न संस्था की सदस्यता	115
39.	छात्र नेताओं का माः राजनीति से व्यक्तित्व में सहायता	116
40.	नेतृत्व का वर्गीकरण	126
41.	छात्र नेताओं का छात्र-संगठन के पदों के अनुसार वर्गीकरण	128
42.	छात्र नेताओं के माः छात्र आन्दोलनों से तौलिया	129
43.	छात्र नेताओं के माः सक्रिय राजनीति में योगदान	131
44.	छात्र नेताओं के माः वोट देने से तौलिया	133
45.	छात्र नेताओं के माः महिलाओं के राजनीति में योगदान एवं सहयोग के लिये निर्धारित योग्यताओं का विवरण	135
46.	छात्र नेताओं के माः विद्वानों से विभिन्न समस्याओं के बारे में चर्चा	137
47.	छात्र नेताओं के माः प्रजातन्त्रिक दृष्टि से महत्वपूर्ण राजनीतिक दल	138
48.	छात्र नेताओं के माः सामान्य गतिविधियों से तौलिया	140
49.	छात्र नेताओं के माः राजनीतिक गतिविधियों से तौलिया	141
50.	व्यक्तिगत अध्ययन पर आधारित उपलब्ध तथ्य	172

=:=:=:=:=:=:=:=

विषय-सूची

क्रम संख्या	विवरण	पेज संख्या
1.	बुन्देलखण्ड क्षेत्र का विवरण	27
2.	ग्राम क्षेत्रों का जाति पर आधारित वर्गीकरण	56
3.	ग्राम क्षेत्रों का पारिवारिक व्यवसाय पर आधारित वर्गीकरण	57
4.	ग्राम क्षेत्रों का वर्गीकरण (क्षेत्रीय)	61
5.	ग्राम क्षेत्रों का आयु पर आधारित वर्गीकरण	63
6.	ग्राम क्षेत्रों की पारिवारिक आय का वर्गीकरण	73
7.	ग्राम क्षेत्रों का शिक्षा के आधार पर वर्गीकरण	96
8.	ग्राम क्षेत्रों का मतः वर्तमान शिक्षा प्रणाली के सम्बन्ध में	99
9.	ग्राम क्षेत्रों का मतः सक्रिय राजनीति में योगदान	132
10.	ग्राम क्षेत्रों का मतः वोट देने से सम्बन्धित	134

=:=:=:=:=:=:=

अध्याय १

अ : प्रस्तावना

1. छात्र नेतृत्व की व्याख्या
2. बुन्देलखण्ड क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं में छात्र नेतृत्व का इतिहास
3. वर्तमान शोध समस्या की उपयोगिता एवं विवेचना
4. साहित्य का पुनरावलोकन
5. वर्तमान शोध अध्ययन के उद्देश्य

1. छात्र नेतृत्व की व्याख्या

प्रजातांत्रिक राष्ट्र भारत की शिक्षण संस्थाओं में व्याप्त छात्र असंतोष की समस्या बीसवीं सदी की सबसे महत्वपूर्ण घटना है। यह छात्र असंतोष के विस्फोट से उत्पन्न हुई है। आज का छात्र राष्ट्र का भविष्य है। इसलिए यह आवश्यक होगा कि इसके संबंधित विभिन्न समाजशास्त्रीय कारकों को उचित रूप से समझा एवं परखा जाये। ब्रिटिश साम्राज्य के पतन के साथ शिक्षण संस्थाओं में नेतृत्व की समस्या का प्रादुर्भाव भारत एवं के सम्पूर्ण प्रान्तों में दृष्टिगोचर हुआ है। यदि प्राचीन संस्कृति एवं सभ्यता को कोई सार्थक दीर्घायु प्रदान करना चाहता है तो छात्र वर्ग में व्याप्त असंतोष को विभिन्न स्तरों पर उचित प्रकार से समझना होगा। शिक्षा एवं प्रौद्योगिकी के आधुनिक विकास से देश की अर्थव्यवस्था पर विपरीत रूप से प्रभाव पड़ा है। यदि इन व्याख्याओं को सूत्र शब्दों के रूप में परिलक्षित करना है, तो छात्र नेतृत्व - छात्र असंतोष जैसी गम्भीर समस्याओं को ऐतिहासिक मनोवैज्ञानिक, समाजशास्त्रीय, अर्थशास्त्रीय, राजनीतिशास्त्रीय, मानवशास्त्रीय एवं कुछ रूप से समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से अध्ययन करना नितान्त आवश्यक होगा।

छात्र वर्ग की आर्थिक विपत्ति रूप से एक ऐसी व्याख्या है, जिसका यदि समाधानकारक निदान न किया गया तो कोई भी देश प्रगति के उच्चतम शिखर पर पहुँचने में अत्यधिक बाधाओं का अनुभव करेगा। संसार के विभिन्न देशों में समाजीकरण एवं आधुनिकीकरण की प्रक्रिया का विशिष्ट रूप से सामयिक विकास हुआ है। इस विकास का प्रभाव विद्यार्थी वर्ग पर नकारात्मक नहीं माना जा सकता है। विकसित देशों जैसे अमेरिका एवं इंग्लैंड में 18 वर्ष की अवस्था के युवकों को

मताधिकार प्रदान किया गया है । संसार के अन्य देशों में भी यह प्रयास किया जा रहा है कि मताधिकार की आयु 18 वर्ष हो । जिससे नागरिकता होकर देश की सामाजिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकें ।

उपलब्ध साहित्य का पुनरावलोकन करने से स्पष्ट होता है कि नेतृत्व की व्याख्या विभिन्न समाज वैज्ञानिकों ने कई दृष्टिकोणों से की है । समाज वैज्ञानिक इनसाइक्लोपीडिया (1957) में नेतृत्व को इस प्रकार परिभाषित किया गया है कि "एक व्यक्ति का समाज के साथ निर्देशित व अन्तर्क्रियात्मक रूप से समान हितों के लिए क्या सम्बन्धों का व्यवहार है"। व्यक्ति स्वयं या सामाजिक कारणों से प्रेरित होकर व्यक्तिगत एवं सामाजिक प्रतिनिधित्व का उत्तरदायित्व ग्रहण करता है । इस व्यवहार करने वाले कारकों से इस प्रक्रिया को निश्चित रूप से अलग किया जाना चाहिए । जिससे कि नेतृत्व सम्बन्धी विभिन्न कारकों का अलग-अलग मूल्यांकन हो सके । समाज में व्यक्ति अपनी शक्ति का प्रयोग परम्पराओं, संस्कृति या आर्थिक कारकों के कारण करता है । यदि किसी व्यक्ति का प्रभाव समाज पर अधिक समय तक नहीं रहता है तो इसे अल्पकालिक नेतृत्व ही माना जायेगा । व्यक्ति अपनी भावनाओं से ओतप्रोत होकर समाज पर अमिट प्रभाव डालता है तो उसे उच्चादर्श समझा जायेगा । सामंजस्य पूर्ण रूप में वास्तविक नेतृत्व वहीं होता है जिसमें व्यक्तियों का एक समूह स्वेच्छा से नेता का अनुसरण करे। इसमें किसी प्रकार का सामाजिक या मानसिक प्रभाव नहीं होना चाहिए । साथ-साथ अन्य भावनाओं के वशीभूत भी किसी व्यक्ति का अनुसरण नहीं किया जाना चाहिए अपितु उचित कारणों

को स्पष्ट स्थान देते हुए अनुसरण की प्रक्रिया व्यक्तियों द्वारा अपनाना चाहिए ।

वेन्द्रम ने एक अनुसंधित ग्रन्थ में नेतृत्व की लगभग एक सौ तीस परिभाषाओं का संकलन किया है। मोरिस एवं सीकेल (1950) ने इन परिभाषा का प्रमाप वर्गीकरण किया है । आधुनिक जगत में नेतृत्व की परिभाषाओं एवं व्याख्या समाज विज्ञान के क्षेत्रों में की जाती है । तानेनबाम एवं कार्ती बर्ग (1949) ने नेतृत्व की रचनात्मक व्याख्या की है । इनके अनुसार नेतृत्व को परिवर्तन का आधार माना जा सकता है और एक व्यक्ति का प्रभाव समाज के अधिकांश व्यक्तियों पर होता है। इनके विपरीत विचारों का अवलोकन इन्होंने नहीं किया है । गिब (1950) के अनुसार नेतृत्व को एक समाज के सदस्यों के बीच अन्तः क्रियाओं के सम्बन्ध में विश्लेषित किया गया है । स्टागडिल (1952) के अनुसार व्यक्ति का नेतृत्व सम्बन्धी गुण समाज की आवश्यकता के अनुरूप परिवर्तित होता रहता है । उपर्युक्त वर्णित व्याख्याओं के अतिरिक्त अन्य कई विभिन्न परिभाषा सम्बन्धी साहित्य में उपलब्ध है ।

विद्यार्थी नेतृत्व के सम्बन्ध में स्पष्ट रूप से अनुभव किया जा सकता है कि छात्र नेतृत्व का प्रभाव केवल छात्र वर्ग या विशेष सेन्थाओं तक ही सीमित नहीं है अपितु समाज के विभिन्न क्षेत्रों पर भी इसका प्रभाव पड़ता है । अतः विद्यार्थी वर्ग की अन्तः स्थिति अध्ययन का क्षेत्र, प्राचीन संस्कृति एवं सभ्यता भी छात्र नेतृत्व के लिए उत्तरदायी कारक होते हैं ।

वर्तमान शोध विषय में छात्र नेतृत्व को एक मात्र शिक्षण संस्थाओं के संदर्भ में उपयुक्त किया गया है। अतः यह उचित होगा कि अध्ययन की विषय वस्तु परिधि में मात्र शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थी समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले छात्रों को छात्र नेतृत्व की संज्ञा समझा जाये।

2. बुन्देलखण्ड क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं में छात्र नेतृत्व का इतिहास

बीसवीं सदी के पूर्व भारत पर विहंगम दृष्टि डालने से स्पष्ट होता है कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र में शिक्षा का विकास नगण्य था। बीसवीं सदी के प्रारम्भ में अंग्रेजों द्वारा खोली गयी प्रारंभिक पाठशालाओं में शिक्षा का सूत्रपात इस क्षेत्र में किया। प्रथम विश्व युद्ध के समय तक कुछ चुनिन्दा हाई स्कूल भी स्थापित किये गये। ब्रिटिश कालीन कठोर प्रशासनिक व्यवस्था के फलस्वरूप उस समय में स्थापित शिक्षण संस्थाओं में छात्र संघ प्रतिनिधि की प्रथा विद्यमान थी। प्रथम विश्व युद्ध के उपरान्त इस क्षेत्र में कुछ हाई स्कूल एवं माध्यमिक विद्यालय स्थापित किए गये जो ब्रिटिश शासन के कठोर प्रशासनिक नियन्त्रण में थे। जिसके फलस्वरूप किसी भी प्रकार के छात्र नेतृत्व व छात्र असंतोष का इतिहास बुन्देलखण्ड क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं के संदर्भ में उपलब्ध नहीं हो सका है।

द्वितीय विश्व युद्ध के उपरान्त स्वतन्त्रता संग्राम अपने चरमोत्कर्ष पर था और इसके फलस्वरूप सन् 1947 में भारत वर्ष ने स्वतन्त्रता प्राप्त की। इसी समय से भारतीय गण राज्य का नया एवं प्रखर रूप सामने आया है। भारतीय संविधान निर्माताओं ने सरकारी व्यवस्था के लिये प्रजातांत्रिक पद्धति को अपनाया है। यह ऐसा प्रावधान है जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों को अधिक प्रतिनिधित्व मिला है। विश्वविद्यालयीन एवं माध्यमिक

शिक्षा संस्थाओं में छात्र यूनियनों का उदय भी स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात हुआ । इस व्यवस्था के अन्तर्गत शिक्षण सत्र के प्रारम्भ में छात्र पदाधिकारियों का चुनाव करने एक समिति का नियुक्ति करते हैं और इस समिति का यह उत्तरदायित्व होता है कि वह शिक्षण सत्र में छात्र हितों का उचित प्रतिनिधित्व कर सके । परन्तु वर्तमान समय में शिक्षा अर्थ एवं प्रशासन की प्रक्रिया के कारण इन छात्र समितियों का राजनीतिक दृष्टिकोण से उपयोग किया जाने लगा है । बुन्देलखण्ड क्षेत्र की स्थानीय शिक्षण संस्थाओं के चुनावों से स्पष्ट होता है कि विभिन्न मनोवृत्तियों वाले राजनीतिक व्यक्ति इन चुनावों को किस जिज्ञासा से देखते हैं ।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद अन्तराल पश्चात सन् 1975 में देश में गम्भीर स्थिति पैदा हुई और इसके निराकरण हेतु केन्द्र सरकार को देश में सेल्फ रूल की घोषणा करनी पड़ी । इसके साथ ही छात्र समितियों एवं छात्र चुनावों पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाया गया । राजनीतिक प्रगति के कारण यह व्यवस्था अधिक दिनों तक नहीं चल सकी । इसके पश्चात प्रजातांत्रिक सरकार ने सभी माह प्रक्रियाएं एवं छात्र संघों का चुनाव पुनः होने लगा तथा छात्र संघों में सक्रियता आ गयी ।

वर्तमान समय में इस क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं में छात्र समितियां नियमित रूप से गठित हो रही हैं । शिक्षण सत्र के प्रारम्भ में ही इन समितियों के चुनाव होते हैं । सामान्यतः इन समितियों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष एवं कुछ सदस्य के पदों का निर्धारण होता है इस संदर्भ में यह उल्लेखनीय है कि कुछ शिक्षण संस्थाओं में मात्र अध्यक्ष का चुनाव होता है और वह अन्य सहयोगियों की सहायता से कार्यसमितियों विभिन्न सदस्यों का मनोनयन स्वयं करता है । बुन्देलखण्ड क्षेत्र में कुछ इस प्रकार की शिक्षण संस्थायें हैं जिनमें विरोधी-दल का निर्माण होता है सामान्यतः कुल चुनाव में पराजित उम्मीदवार

जिसे पुलाय जीते हुए उम्मीदवार से कम मत प्राप्त हुए हैं, वह एक कार्य समिति का चयन स्वयं करता है । अतिरिक्त इस में भी पदों का परिवर्तन होता है । यह व्यवस्था बुन्देलखण्ड क्षेत्र की एक मात्र शिक्षण संस्था बुन्देलखण्ड महाविद्यालय, झाँसी में ही विद्यमान है । अन्य अतिरिक्त बुन्देलखण्ड क्षेत्र के अन्य परास्नातक, स्नातक एवं माध्यमिक शिक्षा संस्थाओं में इस प्रकार की व्यवस्था विद्यमान नहीं है ।

शिक्षण संस्थाओं में निर्मित इन छात्र समितियों का कार्य काल शिक्षण सत्र के अन्त में समाप्त हो जाता है । कार्य वाहक रूप से छात्र समितियों के पदाधिकारी अगले शिक्षण सत्र के छात्र चुनावों तक कार्यरत रहते हैं । इस अवधि में मुख्य कार्य केवल अल्पकाल हारा ही सम्पादित होते रहते हैं ।

छात्र समितियों का मुख्य कार्य शिक्षण संस्थाओं में रचनात्मक क्रिया कलापों में वृद्धि करना होता है । छात्र गतिविधियों का प्रारम्भ में उद्घाटन समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है । शिक्षण सत्र के अन्त में छात्र गतिविधियों का समापन समारोह भी दीक्षा पूर्ण होता है । शिक्षण सत्र के मध्य समय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्र समितियों के पदाधिकारियों हारा आयोजित किए जाते हैं । इसके साथ-साथ प्रशासनिक मामले होने पर यही छात्र प्रतिनिधि मंच पर धारण करके प्रशासन एवं विद्यालयी गतिविधियों के लिए जनों को उकसाते हैं ।

3. वर्तमान शोध समस्या की उपयोगिता एवं विवेचना

समाज शास्त्रीय क्षेत्र की व्यापक एवं जटिल समस्याओं में से अत्यधिक महत्वपूर्ण शोध समस्या वर्तमान कार्य के लिये चुनी गयी है- जैसा कि शोध प्रबन्ध के शीर्षक "छात्र नेतृत्व का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन : बुन्देलखण्ड क्षेत्र की शैक्षणिक संस्थाओं के संदर्भ में" से स्पष्ट होता है । यद्यपि विकास की विभिन्न दशाओं का सतीय विकास

समाजशास्त्रीय ग्रन्थों एवं अन्य विषयक सामग्री में उपलब्ध है, परन्तु भारत जैसे विशालतम राष्ट्र में जातिय समाज की समस्याएँ स्थानीय क्षेत्रों के आधार पर अधिक व्यापक है, अतः नेतृत्व सम्बन्धी कोई भी पूर्ण या आंशिक प्रकाशन बुन्देलखण्ड क्षेत्र से सम्बन्धित उपलब्ध नहीं हो पाया है। इस भूमिका से अन्तर्गत प्रेरित होकर समाज वैज्ञानिकीय क्षेत्र में एक विनम्र योगदान के लिये वर्तमान शोध विषय का चयन किया गया है। यह अभिलेख पूर्ण चयन निश्चित रूप से उपयोगी होगा।

संसार के सभी समाजों में अपनी भावनाओं एवं आवश्यकताओं को अभिव्यक्ति करने की स्वतन्त्रता रही है। इनको व्यक्त करने के लिये नेतृत्व जैसी प्रक्रियाओं का प्रधानता के अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता है। प्रत्येक समाज में नेतृत्व परिवर्तन एक प्राकृतिक प्रक्रिया है।

समाज के विभिन्न मूल्य सामाजिक समस्याओं के कारण बने जाते है। किसी भी सामाजिक समस्या का अध्ययन बिना परम्परागत मूल्य के सम्भव नहीं है। भारतीय समाज के दृष्टिकोण से जाति नेतृत्व की जो वर्तमान समस्या है वह न तो प्राचीन काल में विद्यमान थी और न ही संसार के अन्य देशों में इतनी तीव्रता एवं जटिलता से विद्यमान है। राष्ट्रीय प्रगति को यदि यथार्थ में परिभाषित किया जाये तो कहना होगा कि राष्ट्र के केन्द्रण है एवं में विद्यार्थी वर्ग का सक्रिय योगदान होता है। विश्वविद्यालयीन परिसरों में आवश्यकतानुसार जातिय समस्याएँ दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इन समस्याओं ने कुछ विश्वविद्यालयों में अपना विकराल रूप लिया है कि शिक्षा के संचालन करने वाले वरिष्ठ प्राध्यापक, शिक्षार्थियों एवं शिक्षा नीतियों का निर्धारण करने वाले उचित निर्णय करने में असफल है। शिक्षण संस्थाओं में व्याप्त अशुद्धता का वातावरण, जो छात्र आन्दोलनों के कारण उत्पन्न होता है, उस परिस्थिति में कोई भी शैक्षिक पुनरावृत्ति टिप्पणी करने से इन्कार कर देता है। भारत एवं एक कृषि प्रधान

देश है और हर समय के फलीडया सर्वेक्षण के अनुसार यह स्पष्ट होता है कि देश की लगभग 80 प्रतिशत जनता आज भी ग्रामीण अन्चलों में निवास करती है ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था क्या इतनी सक्षम है कि इन सहकारियों से आने वाली ग्राम विकास तैय्यारों में ग्राम नेतृत्व जैसी व्यवसीय एवं उत्तरदायित्व पूर्ण कार्य को सफलता से निभा सकें ।

विभिन्न समाजशास्त्रीय खोजों से यह स्पष्ट होता है कि विकास तैय्यारों में अक्सर आन्दोलन एवं नेतृत्व राजनीति से प्रेरित होती है । स्काल्प 1972) । यह राजनीतिक पक्ष अक्सर राजनीतिक नेताओं एवं विधायिकों के आपसी सम्बन्धों के कारण मुख होती है । प्रजातांत्रिक राष्ट्रों में ग्राम वर्ग के चुनाव हेतु समुचित आर्थिक सहायता, स्थानीय राजनीतिक कार्य-कर्ताओं द्वारा प्रदान किये जाने के समाचार भी हैं । स्काल्प एवं स्काल्प (1971) के अनुसार भारत जैसे में ग्राम राजनीति देखने को मिली है विभिन्न राजनीतिक पार्टियों से प्रेरित होती है । पिट्ठल (1962) के अनुसार ग्राम राजनीति की अधिकता अध्यापकों एवं राजनीतिज्ञों के बीच आपसी सम्बन्ध के कारण उत्पन्न हुई है ।

नेतृत्व से सैद्धान्तिक अभिगम कोई विशेष समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से आत्मसात्मकउद्देश्य एवं सामान्य स्वभाव वाला है। इस वर्ग के अन्तर सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, राजनीतिक, शैक्षिक एवं प्रशासनिक क्षेत्रों में व्यापक परम्पराओं कार्यविधियों एवं उनके परिवर्तनीय प्रभाव पर प्रकाश पड़ेगा । यह कल्पनाओं सिद्ध होगा कि समूची सामाजिक व्यवस्थाओं का ग्राम नेतृत्व से क्या सम्बन्ध है । एवं समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से ऐसे कारकों की सैद्धान्तिक रूपरेखा को आदर्श समाज की स्थापना की जा सके यह

भी उचित होगा कि विद्यार्थियों में व्यापक असंतोष के लिये जो उत्तरदायी सामाजिक कारक हैं उनका निरूपण किया जा सके। राष्ट्रीय नीति के अतिरिक्त, मुल्लेखनीय क्षेत्र में विकास की महती आवश्यकता है। इस आवश्यकता की पूर्ति हेतु विभिन्न स्तरों के विद्यार्थियों का योगदान सकारात्मक नहीं पा सका है।

4. साहित्य का पुनरावलोकन

वर्तमान शोध विषय के लिये विभिन्न स्थानों पर उपलब्ध शोध पत्रों, ग्रन्थों एवं समाचार पत्रों का विस्तृत अध्ययन किया गया है। इन पत्रिकाओं के माध्यम से उपलब्ध सामग्री का विवरण निम्न प्रकार है :-

आधुनिक शिक्षालयीन शैली में आयु के अनुरूप उचित पर्यावरणीय कारक यथा भोजन, उपयोग की वस्तुयें एवं स्नेह का अभाव है। प्रगति शनैःशनैः अपनी पराकाष्ठा पर पहुंच रही है परन्तु व्यक्तियों के हितों की सुरक्षा कोई भी समुदाय या राष्ट्र निश्चित रूप से प्रदान नहीं कर पा रहा है। विश्व का कोई भी देश ऐसा नहीं है जहां पर छात्र असन्तोष की समस्या विद्यमान न हो। विश्वविद्यालय परिसरों में बढ़ती हुई अशान्ति मात्र किसी एकल बिन्दु से सम्बन्धित नहीं होती है बल्कि इसकी पृष्ठ भूमि में कई अन्य कारक होते हैं। भारत के प्रथम प्रधान मन्त्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने विश्वविद्यालयीन शिक्षा के सम्बन्ध में जो विचार व्यक्त किये हैं उनका विवरण इस प्रकार है, "एक विश्वविद्यालय मार्गदर्शक, सहिष्णुता, प्रगति के लिये साहसिक विचारों एवं सत्य की खोज के लिये होता है"।

रे । 1977 । द्वारा किये गये बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से सम्बन्धित छात्रों के अध्ययन के अनुसार यह निष्कर्ष निकाला गया है कि शिक्षण संस्थाओं से राजनीति को दूर रखना चाहिये एवं इसी से एक आदर्श शिक्षण संस्था की कल्पना सम्भव है । सिंघल ।1968। ने अपने अध्ययन से प्रतिपादित किया है कि छात्र समुदाय प्रशासन के लिये सबसे राजनीति का कारक है । आर.के. ।1968 । के अनुसार भारतीय शिक्षण संस्थाओं में अनुशासनहीनता का प्रादुर्भाव तीव्रता पर है । गोविन्दो । 1965 । के अनुसार भारतीय कक्षा में विद्यार्थी भी एक समस्या के रूप में समझा जाता है । बोना । 1969 । ने ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्रों के कारण विश्वविद्यालय परिसर का वातावरण दूषित होना प्रतिस्थापित किया है । विद्यार्थियों की क्रियाविधियों एवं प्रशासनिक नियन्त्रण के सम्बन्ध में सा । 1962 &' बीचर । 1962 । एवं डलियट । 1972 । का उल्लेखनीय योगदान है ।

छात्र नेतृत्व को/ स्पष्ट रूप से समझने के लिये आवश्यक होगा कि व्यवहार एवं समाजीकरण की प्रक्रियाओं को समझा जाये । समाजीकरण एक व्यापक एवं जटिल प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यक्ति समूह विशेष में तथा उसमें भी अपने स्थान के अनुरूप उपयुक्त सामाजिक अभिवृत्ति तथा भूमिका व्यवहारों से युक्त होकर समाज का अंग बनता है । अपने समूह द्वारा स्वीकृत व्यवहारों को व्यक्ति एवं समूह के साथ सफल अभियोजन स्थापित करता है । समाजीकरण एक जीवन पर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया है।जो अभिभावक, परिवार, परिवेश तथा विद्यालय जैसे/ औपचारिक तथा अनौपचारिक रूप से तैयारित एवं निर्देशित करते रहते हैं । यह औपचारिक तथा अनौपचारिक व्यवस्था के ही व्यक्ति में विभिन्न प्रकार के व्यवहारों को विकसित एवं परिष्कृत करते रहते हैं । इस प्रक्रिया में इन औजारों के

द्वारा व्यवहार का सम्यक परिमार्जन नहीं होता है तब व्यक्ति के व्यक्तित्व में विकृतियाँ उत्पन्न हो जाती हैं। अतः व्यवहारों का सुधारात्मक परिष्कार व्यक्तित्व के विकास के लिये आवश्यक है। ऐसी स्थिति में व्यवहार का परिष्कार या परिमार्जन एक महत्वपूर्ण प्रश्न हो जाता है। इसीलिए समाज वैज्ञानिकों ने उन विभिन्न कारकों और तत्वों का अध्ययन किया है जो समाजीकरण की प्रक्रिया में व्यवहार का नियन्त्रण करते हैं। समाजीकरण में विभिन्न रीतियों द्वारा व्यवहार नियन्त्रण में उपयुक्त तकनीकें कई प्रकार की होती हैं। इन तकनीकों का उपयोग अधिकांशतः बाल्यावस्था में किया जाता है। तथा यह उसी समय अधिक सरलता के साथ उपयुक्त भी होती है, क्योंकि वयस्क में व्यवहार न तो पूर्ण विकसित होते हैं और न ही परिवर्तन का प्रतिरोध ही करते हैं। व्यवहार के यह नियन्त्रक दो श्रेणियों में बाँटे जा सकते हैं : बाह्य तथा आन्तरिक, बाह्य नियन्त्रकों की श्रेणी में वह नियन्त्रक आते हैं जो व्यक्ति से पृथक अस्तित्व रखते हैं जबकि आन्तरिक नियन्त्रक स्वयं व्यक्ति द्वारा ही प्रयुक्त होते हैं। आरम्भ में बाह्य नियन्त्रक ही सक्रिय रहते हैं किन्तु आयु में वृद्धि के साथ-साथ व्यक्ति क्रमशः स्वनियन्त्रण की क्षमता प्राप्त करने लगता है (विग 1973, तिवारी 1973 (पेशिवलम तथा केयर (1958) के अनुसार अभाव या वंचना की स्थिति सामाजिक प्रेरक है और जैविक अभिप्रेरकों की ही भाँति व्यक्ति को सामाजिक अभिप्रेरक के प्रति क्रियाशील बना देती है।

रिटेन्सन तथा विग (1965) के अनुसारउत्तमता के पश्चात् सुधारात्मक पुनर्बलन की स्थिति में पुनर्बल के अभाव की अपेक्षा निम्न कोटि का निष्पादन होता है। यह परिणाम अनुक्रियात्मक के उच्चस्तर

अनुक्रियाओं में अधिक पाया जाता है । निर्भरता और क्रोध की अनुक्रियाएँ उसी तरह की होती हैं । इसलिए उनके परिणामों में धनात्मक पुनर्बलन का उपयोग प्रेरक करनेवाला होता है ।

समाजीकरण के क्षेत्रों में व्यवहार नियन्त्रण की दृष्टि से महत्वपूर्ण बाह्य नियन्त्रक आदतें हैं । बच्चों के व्यवहार के साधारण निरीक्षण से यह स्पष्ट हो जाता है कि अनुकरण तथा निरीक्षण के द्वारा समाजीकरण के अन्तर्गत घटित होने वाले व्यवहारों का नियन्त्रण करते हैं । गेलेन्ड । 1962 । ने अपने अध्ययन से स्पष्ट किया है कि यदि बालक को अपने विगत जीवन में अत्यधिक अधिक मिली है और आत्मनिर्भर व्यवहार हेतु धनात्मक पुनर्बलन प्राप्त हुआ है तो उसके अंदर आदतों की अनुक्रिया तीव्र के अनुकरण की अधिक सम्भावना है ।

बैन्डूरा तथा ह्यूस्टन । 1964 । एवं राल । 1966 । के अध्ययनों से स्पष्ट हुआ है कि अनुकरण व्यवहार उच्च पर निर्भरता वाले बच्चों में निम्न पर निर्भरता वाले बच्चों से अधिक मात्रा में प्रदर्शित होता है । बैन्डूरा । 1965 । के अनुसार आदतों की अनुक्रिया को पुनर्बलनान्वित करने की क्षमता अधिकांशतः आदतों एवं बच्चे के वातावरण के पारस्परिक सादृश्य पर निर्भर करती है ।

सामाजिक अधिगम के क्षेत्र में किये गये अध्ययनों से दण्ड व्यवहार नियन्त्रण का एक प्रमुख स्रोत सिद्ध हुआ है । बैन्डूरा तथा वाल्टर्स ।1963। के अध्ययन से जिस परिकल्पना का निर्माण हुआ है वह इस प्रकार है कि बच्चे के व्यवहार पर दण्ड का प्रभाव, दण्ड के स्रोत की प्रतिष्ठा पर निर्भर करता है और द्वितीयक रूप से ही उसे दण्ड के पीड़ा उत्पादक गुण निर्धारित करते हैं । चूँकि दण्ड का प्रौढ़ व्यक्ति ही प्रायः पुरस्कार भी प्रदान करता है अतः उसके द्वारा दण्ड प्राप्त करने का अर्थ पुरस्कार का वापिस लेना होता

है । इसलिये यह बड़ा अधिकारी होता है । पार्क तथा बार्नर्ड । 1967 । ने अपने अध्ययनों के आधार पर भी इस परि-कल्पना की पुष्टि की है ।

तकनीकी प्रगति के फलस्वरूप लाखों करोड़ों व्यक्ति अपने घर-बार छोड़कर नगरों में संकलन हो गये हैं । नगरों में आने वाले ये नवीन आगन्तुक गृह-हीन हैं और यदि इनकी आवास व्यवस्था है भी तो वह असंतोषजनक तथा अस्वास्थ्यकर है । विश्व के किसी भौद्योगिक नगर में कलकत्ता के फुटपाथ वाले प्रवास में रहती हुई वस्तुओं की भाँति ही गतिशील देखे जा सकते हैं । यदि हम प्राचीन पारिवारिक जीवन को वास्तविक रूप से दृष्टिगोचर करना चाहते हैं तो तकनीकी प्रगति के निर्मित नये एवं स्थानिक संगठनाओं को अच्छी तरह समझना होगा । इसके लिये कुछ प्रतिबन्ध लगाने होंगे जिससे मानव कार्यकलाप दूषित न हो जाये ।

हरलोक ।1955। ने कुशलक्षेम को आत्यधिक असंतोषजनक अवस्था कहा है । इसके लिये विभिन्न अभिकरणों एवं सेवा-संस्थानों का मत है कि बढ़ती हुई अपर्याप्त सामाजिक समस्यायें ग्राम असन्तोष के लिये उत्तरदायी हैं और इसी के फलस्वरूप विभिन्न सेवा संस्थाओं में ग्राम नेतृत्व के नये परिलक्षित होते हैं । ओगबर्न । 1949 । के अनुसार कुशल आनन्दोप व्यवहार के फलस्वरूप अपरिहार्य है एवं इसका पूर्वा-भास नहीं किया जा सकता है । लेन एवं लोयल ।1949। ने अपने अध्ययनों के आधार पर प्रतिपादित किया है कि यदि कोई अव्यवस्था ग्राम समुदाय में स्थापित करता है तो उचित आयु कुशलक्षेम की है ।

ईस । 1949। के अनुसार प्रायः सभी कुशल पारिवारिक आवश्यकताओं एवं नियन्त्रण के प्रति सजग रहते हैं एवं अनुकूलन को प्रतिबन्ध होती है, के फलस्वरूप वह स्वयं अनुदारिक अनुभव करते हैं ।

प्राचीन समय से यह विदित है कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और वह समूहों में निवास करता है।सामूहिक प्रयासों के फलस्वरूप प्रत्येक व्यक्ति स्वास्थ के लिये पुरस्कार की अपेक्षा करता है । यदि व्यक्ति अकेला कार्य करेतो वह उतना प्रभावी नहीं होगा जितना कि समूह के सभी सदस्यों के साथ कार्य करने से हो सकता है । अधिकांश मानवों का समूह के प्रति वैचारिक क्रियाओं के फलस्वरूप लगाव होता है । पूर्व के कई दशकों में यह प्रयास किया गया कि मनुष्य की सामाजिक प्रवृत्ति के बारे में विस्तृत व्याख्या की जा सके । समस्याओं के निराकरण के लिये सामूहिक प्रयास अत्यन्त आवश्यक है इसके लिये समूह के सभीसदस्यों के सहयोग को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है । अहीर एवं मिश्र, 1951 ।।

विकास की विभिन्न दशाओं में यह स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है कि मानव का सामाजिक जीवन कब प्रारम्भ हुआ । समाजों के उद्भव के बारे में भी समाजशास्त्रियों के विश्लेषण यह निर्दिष्ट करते हैं कि समाज का गठन आधुनिक नहीं है । इस तात्पर्य में प्रारम्भिक पोलिनेशिया, प्राचीन इजिप्ट, परम्परागत चीन एवं इस्त्रे ऐतिहासिक प्रमाण प्रस्तुत करने में सक्षम हैं कि समाज का उद्भव कई हजार वर्ष पुरानी प्रक्रिया है । समाज एवं व्यक्ति के परिवरण में पाये जाने वाले विभिन्न कारकों से यह निर्धारित होता है कि सजीवता स्तरण, श्रम विभाजन, नीतिक ढंग, प्रतिष्ठा, प्रभाव, सहमति, अधिकार, शक्ति एवं इसका उपयोग किस प्रकार का हो । किसी समाज में प्रभुत्व प्राप्त करने के लिये यह आवश्यक है कि वास्तविक रूप में उस समाज के अधिकांश व्यक्तियों का समर्थन प्राप्त हो और व्यक्ति जिसमें वांछित गुणों को प्रदर्शित करने की क्षमता हो उसी को सही अर्थों में नेता कहा जायेगा । नेतृत्व इस प्रकार

ने व्यक्ति को नये सिरे से कार्य करने के लिये बाध्य करता है । यदि परिवर्तन जैसी कोई समस्या सामने आती है तो व्यक्ति उसका विरोध करता है ।

नेतृत्व सम्बन्धी व्याख्याओं के लिये कई शोध-पत्र विभिन्न क्षेत्रों में प्रस्तुत किये गये हैं । लेवातीन्स्की वर्तास एवं गोडेट (1944) ने व्याख्या की है कि पारस्परिक सम्बन्ध पर आधारित नेतृत्व सरल होता है । एडीन (1942) हेकमैन एवं मूल्टन (1950) ने नेतृत्व की व्याख्या करने के लिये पूर्वानुमान की पुष्टि की है । इन्होंने नेता एवं अनुयायियों के बीच अन्तर भी स्थापित किया है । प्रजातान्त्रिक समाजों में नेता एवं अनुयायियों के बीच अन्तर स्थापित करने में अधिक कठिनाई होती है । नेतृत्व सम्बन्धी अन्य दिशा के उल्लेखनीय शोधपत्र (पार्के 1930, रिप्ले 1935, लिण्डस्मिथ एवं स्नूक, 1940, बारकार 1956, गिब, मोटन एवं मिलर 1951, काटज 1951, रोथ 1956, ले 1951, कार्टर 1952, पिजर्स 1947, बरनो विट्ज 1953, एवं मौकोबी 1931) में उपलब्ध हैं ।

भौतिक जगत में मनुष्य एवं उससे ऊपर निर्मित सामाजिक संगठनों को सामाजिक अन्वेषण की दृष्टि से बहुत उपयोगी माना जाता है । अधिकांश अन्वेषणीय अध्ययनों से यह निर्धारित हुआ है कि मानव सामाजिक व्यवस्था में नेतृत्व का उद्भव प्राकृतिक प्रक्रिया है । इस प्रक्रिया के ऊपर विभिन्न कारकों का प्रभाव निम्नलेख रूप से पड़ता है (लोच 1975, आर्डे 1966, गारेन्स 1963, काउन्ट 1958, टाउनर एवं कोवल 1971) । प्रत्येक सामाजिक संगठन में प्रभुत्व का स्तर सामाजिक स्तर एवं व्यक्तिगत क्रिया-कलापों के कारण अलग होता है । इस परिकल्पना की पुष्टि के लिये विभिन्नसमय दैशनिक समय-खण्ड पर वैज्ञानिक अन्वेषण कार्य करते रहे हैं (वर्नस्टीन 1970) । जटिल सामाजिक व्यवस्था एवं प्रभुत्व की

समस्या विशिष्ट रूप से अध्ययन विषय सामग्री नहीं है। यह विस्तृत रूप से स्वीकार किया गया है कि जब से मानवीय सामाजिक संगठनों का उद्भव हुआ-तभी दुबारा क्रिया प्रणाली के लिये नेतृत्व होता रहा है। यह नेतृत्व अन्तः क्रियाओं एवं अन्तः सम्बन्धों की दृष्टि से हर क्षेत्र में उपयोगी माना गया है। उचित नेतृत्व के अभाव में सामाजिक विकास की प्रक्रिया सम्यक प्रतीत नहीं हुई। प्रभुत्व एवं नेतृत्व पूर्ण रूप से प्रभावी व्यक्तिगत सीमाओं पर आधारित नहीं रहा है। व्यक्तियों द्वारा सामाजिक दृष्टि सेमहत्वपूर्ण किये गये कार्यों के अनुसार नेतृत्व का निर्धारण हुआ। व्यक्ति के व्यवहारों एवं कार्यों में सामंजस्य स्थापित किया गया (राकेश 1972)। मानव समूहों में प्रभावी एवं वांछित नेतृत्व आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक सत्ता पर निर्भर करता है। यद्यपि किसी भी क्षेत्र के कमजोर होने से नेतृत्व निःसन्देह रूप से प्रभावी होता है।

हरलोक (1955) ने युवा विकास से सम्बन्धित अत्यधिक उपयोगी ग्रन्थ का सम्पादन किया। इस विषय में युवावों से सम्बन्धित आयु का प्रभाव, युवा परिवर्तन, शारीरिक परिवर्तन में मनोवैज्ञानिक परिवर्तन, युवावस्था में भावों की स्थिति, सामाजिक व्यवहार, सामाजिक तारतम्य, युवा अभिरुचियाँ, व्यक्तिगत अभिरुचियाँ, युवा मनोविनोद, धार्मिक विकास एवं प्रभाव, आदतें परम्परायें एवं व्यवहार मौन अभिरुचियाँ, सह-सम्बन्ध, पारिवारिक सम्बन्ध एवं व्यक्तित्व के क्षेत्रों में विस्तृत जानकारी उपलब्ध है।

विभिन्न स्तरों पर होने वाले युवा परिवर्तनों के लिये क्रो (1945), हिलेगिड (1952), हैवरस एवं स्नेन्डर (1950), डाल (1904), रायबर (1937), डालिंग एवं (1928), मुर्डी (1949), मीड (1928) हैवीघर्स (1950, 1953), स्नीपी एवं हैवीघर्स (1952), स्नेपी एवं

अन्य (1953), क्लिन (1941), मुखर्जी (1952), मेन एवं लोगन (1949), हेकर एवं गेर्ड (1945), ओबलिन (1952), केरी (1944), ओलसेन (1950), ओगार्ड (1939), सीवार्ड (1946), गार्डनर (1947), डेविस (1944), डेरी (1948), फिल (1950), फेनी (1949), कोल (1943), पोप (1943), फेडर (1945), सीविस (1949), ब्लूम (1951), मैरिसन एवं कनिंघम (1952), हन्टर एवं मोरगन (1949), हीथ एवं मेकार्टी (1946), साइमण्ड (1935), स्टोन (1946), थामसन (1952), थामसन एवं विट्टियोल (1948), टैक्सेल एवं लार्ड (1952), एवं अन्य कई समाज वैज्ञानिकों के शोध-पत्र उपलब्ध हैं। इस दिशा में बालसर्स (1942), साईमण्ड (1937), मेरी एवं मेरी (1950), एवं साउदल (1951) का अविस्मरणीय योगदान है। इन्होंने अपने अध्ययनों से व्यक्तित्व सम्बन्धी अवधारणाओं को स्पष्ट किया है। पार्क एवं टिंकर (1960) ने अपने ग्रन्थ लीडर शिप एण्ड पोलिटिकल बिहेवियर इन इण्डोनेशिया में नेतृत्व सम्बन्धी परम्पराओं, व्यक्तित्व एवं नेतृत्व, राजनैतिक संस्थायें, राजनैतिक पार्टियाँ, जन प्रशासन, ग्रामीण विकास एवं प्रशासन तथा भारत में नेतृत्व परिवर्तन के लिये तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया है। इस अध्ययन की विवेचनाओं के लिये मेरियम (1945), मोरका (1939), सरकार (1922), मुकर्जी (1952), इंगारवाली आयंगर (1943), सिन्हा (1935-36), मेहता (1946), राधाकृष्णा (1944), आडम (1948), पिल्लर एवं बोन्डयूरान्ट (1956) समाजशास्त्रियों एवं विद्वानों के योगदानों से उपयोगी तुलनायें प्राप्त हुई हैं। वास्तविक रूप से इस अध्ययन में विभिन्न समाज शास्त्रियों के शोध-पत्रों का संकलन किया गया है। यह शोध-पत्र 1956 में वैलीकोलियर विश्वविद्यालय में आयोजित गोष्ठी में प्रस्तुत किये गये थे। इस गोष्ठी का विषय "भारत में नेतृत्व एवं राजनैतिक संस्थायें" था।

मेयर सिंह (1963) ने नेतृत्व के विकास एवं गुणों पर अपने विचार व्यक्त किये । यह शोध अध्ययन प्रशासनिक दृष्टिकोण से नेताओं के गुणों की व्याख्या करता है । इन गुणों में व्यवसायिक दक्षता, सौजन्य क्षमता, सामाजिकता, प्रभावीकरण की क्षमता, साहस एवं लगन आदि का सजीव वर्णन किया है । इस अध्ययन के अनुसार नेतृत्व का विकास कभी न रुकने वाली प्रक्रिया है एवं यह बाल्यावस्था से ही प्रारम्भ होती है । विद्यालय संस्थाओं में जहाँ चरित्र निर्माण का प्रारम्भिक कार्य किया जाता है, इस बात की आवश्यकता है कि विद्यार्थी के बौद्धिक एवं सामाजिक विकास को उचित रूप से निर्देशित किया जाये । यह तभी सम्भव है जब कि विद्यालय संस्थाओं में अच्छी प्रशिक्षित अध्यापक, अच्छी पुस्तकें एवं उचित वातावरण उपलब्ध हो। युवा वर्ग में नेतृत्व की जागरूकता के लिये प्रादेशिक एवं केन्द्र सरकार उचित योगदान प्रदान कर सकती है । यहाँ यह वर्णन करना आवश्यक होगा कि छात्र आन्दोलनों को राज्य सरकार द्वारा नियन्त्रित किया जाना चाहिये ।

मेयर अग्रवाल (1965) ने नेतृत्व सम्बन्धी विचारों से सम्बन्धित एक व्याख्या की है । जीवन के हर क्षेत्र में सही व्यक्तित्व एवं प्रेरणा की आवश्यकता है । इस अध्ययन में नेतृत्व के गुणों एवं कारकों पर संक्षिप्त सामग्री उपलब्ध है । सामुदायिक विकास में उचित नेतृत्व अपेक्षित है । इसके लिये सामूहिक प्रयास अत्यधिक आवश्यक है । आज के युवा ही देश के भावी कर्णधार सिद्ध होंगे । इसलिये समाज के हर व्यक्ति का यह उत्तरदायित्व है कि युवा वर्ग को प्रशिक्षित व दीक्षित करें ।

आर्यकि (1968) का योगदान नेतृत्व के कारकों पर विस्तृत व्याख्या उपलब्ध कराता है । इस अध्ययन में छात्र राजनीति एवं विद्यार्थी-विद्यालय का उच्च शिक्षा से सम्बन्ध स्पष्टीकृत है । स्वतन्त्रता के पूर्व एवं

बाढ़ की स्थिति को तथाय ढंग से पाकीं किया गया है। अध्ययन में उपलब्ध जानकारियों को आधार, कोरिया, टर्की एवं अन्य कई राष्ट्रों के परिवेश में विश्लेषित करते तुलनात्मक तथ्य प्राप्त किये गये हैं। इस अध्ययन में प्राप्त उपलब्ध कारकों के विश्लेषण एवं विवेचना की दृष्टि से देसाई (1954) आरलैंड (1960) अलबुकार्क्यिा (1963) सिंह (1962), कामथ एवं देसाई (1963) आदि समाजशास्त्रियों के शोध पत्र उल्लेखनीय है। इस अध्ययन को अत्यधिक उपयोगिता की दृष्टि से अनुभव किया जाता है।

बाल (1960) जो कि अध्ययन की दृष्टि से मनोवैज्ञानिक है, ने नेतृत्व, मनोविज्ञान एवं सैनिक व्यवहार सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की है। लम्बे एक दशक की अवधि में किये गये विभिन्न मनोवैज्ञानिक अध्ययनों को नेतृत्व की व्याख्या करने के लिये सारगर्भित आधार माना जा सकता है। नेतृत्व की प्रारम्भिक अवधि से लेकर 4 अवस्था तक जितनी सैद्धान्तिक अवधियाँ हो सकती हैं उनका विवरण इस अध्ययन में उपलब्ध है। प्रारम्भिक सूचना प्रदान करने की दृष्टि से वर्तमान अध्ययन नेतृत्व सम्बन्धी साहित्यों में प्रथमिकता रखता है। इस अध्ययन में विभिन्न अवधियों पर पड़ने वाले अन्य कारकों के प्रभाव का भी विश्लेषण किया गया है।

सिंह (1975) ने अपने अध्ययन में नेतृत्व के प्रकारों एवं प्रभावी तरीकों से सैद्धान्तिक व्याख्या की है। विकासशील देशों में जहाँ सामाजिक समस्यायें दिन-प्रतिदिन परिवर्तित हो रही हैं नेतृत्व का परिवर्तन भी अपरिहार्य है। स्थानीय नेता इन समस्याओं के लिये उपयोगी भूमिका का निर्माण करते हैं। सामाजिक तैरकना एवं उसकी कार्यविधि बिना किसी गतिशील नेतृत्व के सम्भव नहीं है।

सामाजिक संरचना में मुख्य प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्तियों को नेता कहा जाता है। किसी भी खोज के लिये यह आवश्यक होगा कि इन व्यक्तियों की स्थिति एवं कार्यों का मूल्यांकन किया जाय। इस अध्ययन में परम्परागत एवं विकासशील नेतृत्व सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध है। नेता की व्याख्या करने के लिये मुख्य तीन कारकों की विवेचना की गयी है। यह कारक निम्न प्रकार हैं :-

1. व्यक्ति की अत्यधिक भूमिका एवं कार्य,
2. किसी भी दिये गये कार्य में अधिक निष्कर्ष तक पहुँचने के लिये सक्रिय योगदान, एवं
3. विस्तृत नेतृत्व का स्थानीय से अधिक बाहरी राजनीति में योगदान।

इस अध्ययन में केन्द्रल (1950), डालविन (1964), कार्टर (1953), गोविन्देतकी (1962), वासकिंगर (1962), पालमी (1959), हन्टर (1953), एगर (1956), पालमी एवं अन्य (1962), गिब (1947), गोल्डनर (1950), स्टागडिल (1948), ड्रीकेल एवं अन्य (1963), काकेल (1958), (1959), कोल्मीन एवं आलान (1964), किंबाल एवं मायरलास (1955), रोबी (1957), कार्ब एवं हॉर (1966), एगर एवं गोल्डरिच (1958) के अध्ययनों से प्राप्त सूचनाओं को विश्लेषण की दृष्टि से अधिक स्थान दिया गया है।

महाजन (1975) की अध्ययन क्षेत्र के दृष्टिकोण से अतिशय रोचक है, वे विभिन्न स्थानीय स्तरों में भाग लेने वाले नेताओं, बड़े आर्थिक सम्प्रदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्तियों के नेतृत्व सम्बन्धी गुणों पर प्रकाश डाला है। व्यक्तित्व विशेषों की व्याख्या में इस विवरण को उपयोगी दृष्टि से देखा जाता है।

जैन (1974) ने अपने अध्ययनों में विद्यार्थी आन्दोलन के प्रमुख सिद्धान्तों की विवेचना की है । विभिन्न देशों में व्याप्त युवा विद्रोह एक सामाजिक तत्व है । पिछड़ापन पूँजीवादी या समाजवादी सभी देशों में युवा क्रियाशीलता नये-नये आयामों में अवधारित हुई है । इस समस्या के निदान हेतु विभिन्न देशों के समाज वैज्ञानिक सक्रियता से लगे हुये हैं । इस शीर्ष पत्र में व्याख्या की दृष्टि से दास (1962), सिन्हा (1969), सिन्हा एवं मेन्गराडे (1971), गोयल (1969) एवं श्री निवास (1969) के अध्ययनों को प्राथमिकता प्रदान की गयी है ।

श्रीवास्तव (1975) ने प्रशासनिक क्रिया विधियों में छात्रों के योगदान पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की है । यह अध्ययन अध्यापक एवं शिक्षण संस्थाओं तक ही सीमित रहा है । शिक्षण संस्थाओं के क्षेत्रों में प्रशासनिक दृष्टिकोण से छात्रों का किस सीमा तक नियन्त्रण किया जाना चाहिये, भी चर्चित है । वस्तुतः यह मनोवैज्ञानिक सैद्धान्तिक जानकारी प्रदान करता है ।

शिक्षा, जैन एवं दीक्षी (1975) का युवा, विश्वविद्यालय एवं समुदाय सीर्षक अध्ययन महत्वपूर्ण है । इस अध्ययन में सामुदायिक विकास, सेवा योजना, सामाजिक सेवाओं की आवश्यकतायें एवं प्रकार, छात्रों का सामुदायिक विकास में योगदान विश्वविद्यालय एवं समुदाय, सामाजिक कार्यों का समाज में युवाओं की स्थिति एवं भूमिका, विकास के कार्यों में विद्यार्थियों की संलग्नता से सैद्धान्तिक मनोवैज्ञानिक कारकों की व्याख्या की गयी है ।

रे (1977) का अध्ययन की बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से सम्बन्धित है, एक मात्र ऐसा शीर्ष प्रबन्ध है जिसमें सीमान्त समय में छात्र नेतृत्व सम्बन्धी शीर्ष समस्याओं के लिये ठोस आधार भाषा

जा सकता है । इस शोध प्रबन्ध के आधार पर यह कहा जा सकता है कि डा० नेतृत्व एवं डा० आन्दोलन सम्बन्धी समाजशास्त्रीय अध्ययन बड़ा कठिनाई से उपलब्ध है । इस अध्ययन के विश्लेषण के लिये जिन प्रमुख शोध कार्यों को सैद्धान्तिक किया गया है उनमें गोखिनी (1965), पीनर (1962), ओमेन (1974), माथुर (1969), सिनहा (1970), वान्दर पार्तीगहन (1959), ओना (1969), सक्सेना (1966), साह (1967), डनिंघम (1972), शाह (1968) एवं गोखले (1973) के अध्ययन प्रमुख हैं ।

मेहरा (1977) के अनुसार आधुनिक समाजों में सुधा वर्मा का क्या योगदान होना चाहिये पर समीक्षात्मक शोध प्रबन्ध उपलब्ध है । इस अध्ययन में सुधा वर्मा का परिवार, शिक्षा संस्था, पड़ोस, सम्बन्धु के समूह, मनोरंजन एवं सुधा वर्मा की आकांक्षाओं का विवरण दिया गया है । उपलब्ध सभी तथ्यों को प्रतिनिधात्मक तौरकीय विधि का उपयोग करते हुये वर्गीकृत एवं वर्णित किया गया है ।

बोस (1977) ने डा० वर्मा के विचारों को ध्यान में रखते हुए उच्च शिक्षा से सम्बन्धित समस्याओं एवं उनके निराकरण हेतु तथ्य प्रस्तुत किये हैं । विभिन्न राष्ट्रीय शिक्षा कार्यक्रमों का विस्तृत विवरण इस अध्ययन में उपलब्ध है । इस अध्ययन से विवरण प्राप्त होता है कि विश्वविद्यालयीय शिक्षा को समय-समय पर किस प्रकार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा नियन्त्रित किया जाना चाहिये । माध्यमिक एवं स्नातक शिक्षा सम्बन्धी उपयोगी विचारों का यह संकलन है ।

सरन (1978) ने आधुनिकीकरण की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए व्यक्तित्व को निर्धारित करने वाले कारकों का विश्लेषण

किया है । ग्रामीण नेतृत्व के बारे में यह अध्ययन उपयोगी सूचनायें देता है । सामाजिक संस्थायें जैसे स्थानीय राजनीति, पंचायत व्यवस्था, जाति व्यवस्था एवं पर्यावरण संबन्धी कारकों का विवरण इस अध्ययन में उपलब्ध है ।

डेसूजा (1970) ने अपने अध्ययन में सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक एवं मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण कारकों का विवरण नेतृत्व के संदर्भ में प्रदान किया है । इस अध्ययन में भारत एवं अफ्रीका के समुदायों में किस प्रकार की राजनैतिक एवं शिक्षा संबन्धी सुविधायें उपलब्ध हैं उनका भी विवरण किया गया है । नेतृत्व के लिये उचित मार्गदर्शन देने हेतु किस प्रकार की तकनीकी शिक्षा प्रदान की जानी चाहिये का भी विवरण इस अध्ययन से प्राप्त होता है ।

5. वर्तमान शोध अध्ययन के उद्देश्य

वर्तमान शोध अध्ययन को विभिन्न आधारों पर ग्राम नेतृत्व के संदर्भ में अत्यधिक उपयोगी माना जा सकता है :-

प्रथम - नेतृत्व से संबन्धित प्राचीन सूचनाओं को परिवर्धित करने की आवश्यकता है क्योंकि इनमें उपयोगी समाजशास्त्रीय मॉडल आदि अधिक सटीक नहीं है,

द्वितीय - तथ्यों एवं सिद्धान्तों को निर्देशित होने की आवश्यकता है । जिससे कि उपलब्ध सम्पूर्ण सामग्री विभिन्न सामाजिक स्तरों एवं संस्थाओं में उपयोगी सिद्ध हो सके ।

विभिन्न संस्थाओं में ग्राम नेतृत्व संबन्धी उपलब्ध प्रारम्भिक सूचनाओं के आधार पर वर्तमान शोध समस्या का अध्ययन समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से अत्यधिक उपयोगी सिद्ध होगा । यह सिद्ध करना है

विभिन्न कारकों पर प्रभाव डालेगा ।

3.	पसंद नहीं करते पर उदासीन रहते हैं	187	74.8%	39	15.6%
	योग	250	100%	250	100%

तालिका संख्या 19 का अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि 59.2% प्रतिशत उत्तरदाता परिवार के प्रमुख से विभिन्न कारकों पर बहस करना उचित समझते हैं। उसके सापेक्ष 40.8% प्रतिशत उत्तरदाता परिवार के प्रमुख से आज्ञाकारी व्यवहार करते हैं। इन तथ्यों से स्पष्ट होता है कि लड़कों की गतिविधियों विभिन्न संस्थाओं के सम्पर्क में आने के कारण बढ़ती हैं। यह प्रतिशत पारिवारिक परम्पराओं, मूल्यों एवं नियन्त्रण की दृष्टि से अत्यधिक चुनौती देने वाला है।

सांस्कृतिक परम्पराओं का मूल्यांकन करने की दृष्टि से ग्राम नेताओं से प्राप्त जानकारी का विवरण तालिका संख्या 20, 21 एवं 22 में दर्शाया गया है। 66% प्रतिशत उत्तरदाताओं ने प्रेम विवाह के पक्ष में अपने विचार प्रकट किये हैं एवं 34% प्रतिशत ने नकारात्मक उत्तर दिये हैं। अन्तर्जातीय विवाह के लिये 84% ग्राम नेताओं ने सकारात्मक विचार प्रकट किये हैं तथा मात्र 16% प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अन्तर्जातीय विवाह में विश्वास के प्रति अपनी स्वीकृति दी। इन्हीं उत्तरदाताओं से विवाह के मुद्दे प्रश्न पर परिवार के सदस्यों के विचार जाने गये। उन विचारों का विश्लेषण करने से स्पष्ट होता है कि 94.8% प्रतिशत परिवार के सदस्य प्रेम-विवाह में विश्वास नहीं करते हैं। अधिकांश रूप से अन्तर्जातीय विवाहों को 97.2% प्रतिशत ग्राम नेताओं के परिवार वाले पसन्द नहीं करते हैं। इन महत्वपूर्ण उपलब्धियों की विवेचना करने से स्पष्ट होता है कि हुन्देल-खण्ड क्षेत्र में अभी परम्परागत सांस्कृतिक मूल्य विद्यमान हैं और इनका विरोध प्राचीन संस्कृति से लगाव रखने वाले व्यक्ति नहीं करते हैं। वैज्ञानिक रूप से इस तथ्य का मूल्यांकन करने के लिये ग्राम नेताओं से पूर्वी एवं पाश्चात्य संस्कृति के प्रति झुकाव का प्रश्न किया गया। आंकड़ा विश्लेषण करने से स्पष्ट हुआ कि 67.6% प्रतिशत उत्तरदाता पश्चिमी संस्कृति की तरफ रुचि प्रदर्शित करते हैं। उसके सापेक्ष केवल 32.4% प्रतिशत उत्तरदाताओं ने पूर्वी

तालिका संख्या 19 छात्र स्रोतों द्वारा परिवार के मुखिया की आय मापने का परिणाम

क्रम संख्या	परिवार के मुखिया से कोई खास उम्मीद नहीं है।	परिवार के मुखिया से खास उम्मीद करना चाहिये	कुल
1. उत्तरदाताओं की संख्या	102	148	250
2. उत्तरदाताओं का प्रतिशत	40.8%	59.2%	100%

तालिका संख्या 20 प्रतिवादी महिलाओं का विवाह पद्धति से सम्बन्धित विवरण

क्रम संख्या	प्रेम विवाह में विचार				अन्तर्जातीय विवाह में विचार			
	हाँ	प्रतिशत	नहीं	प्रतिशत	हाँ	प्रतिशत	नहीं	प्रतिशत
1.	165	66%	85	34%	40	16%	210	84%
	योग	250		100%	योग	250		100%

तालिका संख्या 21 ग्राम क्षेत्रों के पारिवारिक सदस्यों द्वारा प्रेम विवाह/अन्तर्जातीय विवाह पद्धति में विवाह का विवरण

क्रम संख्या	परिवारों के सदस्यों का प्रेम विवाह में विवाह	संख्या	प्रतिशत	परिवार के सदस्यों का अन्तर्जातीय विवाह में विवाह	संख्या	प्रतिशत
1.	हाँ	13	5.2%	हाँ	7	2.8%
2.	नहीं	237	94.8%	नहीं	243	97.2%
	योग	250	100%	योग	250	100%

तालिका संख्या 22 उत्तर भारत की संस्कृति एवं सभ्यता से संबन्धित

विवरण

क्रम संख्या	संस्कृति	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	पूर्वी संस्कृति अच्छी है ।	81	32.4%
2.	पश्चिमी संस्कृति अच्छी है ।	169	67.6%
	योग	250	100%

सन्तुष्टि के प्रति आस्था व्यक्त की है । यह तथ्य इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये बाध्य करता है कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र का शिल्प संस्थाओं में आधुनिकीकरण एवं परिष्कारीकरण का प्रवेश हो चुका है । जिसके फलस्वरूप ग्राम वर्ग की मनोपूरित सुख-सुविधा, भोगविलास से परिपूर्ण जीवन के लिए आवश्यक है । इन तथ्यों की सूक्ष्म व्याख्या करने से परिलक्षित होता है कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र में ग्राम वर्ग की छिपा-दबाव पारिवारिक मान्यताओं से निर्धारित होता है । परन्तु शिल्प संस्थाओं के सम्पर्क में आने से विद्यार्थी वर्ग, सीखने का ढंग पारम्परिक मान्यताओं एवं सन्तुष्टियों पर आधारित होता जा रहा है ।

शिक्षा सम्बन्धी सुविधाओं की विवेचना का विवरण तालिका संख्या 23 में दर्शाया गया है । इस तालिका से ग्राम क्षेत्रों की सामान्य जानकारी के बारे में जानकारी प्राप्त होती है । तालिका का अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि 66.0% प्रतिशत ग्राम क्षेत्र मिल बनाने में सफलता प्राप्त करते हैं और यह बीज मिल बनाते हैं । 92% प्रतिशत ग्राम क्षेत्रों के मानुसार सभी आयु के मिलों की परीक्षा हो गयी है । 94% प्रतिशत उत्तरदाताओं ने महिला मिल बनाने के सम्बन्धों स्वीकारात्मक मत दिया है । तालिका से यह भी विस्तृत होता है कि मिलों के विभिन्न वर्ग समूहों में समान स्तर वाले मिलों को परीक्षा क्रम में प्रथम स्थान ग्राम क्षेत्रों ने दिया है ।

ग्राम क्षेत्रों के निवास पर्यावरण सम्बन्धी जानकारी का विश्लेषण तालिका संख्या 24 में प्रदर्शित किया गया है । इस तालिका का निरीक्षण करने से स्पष्ट होता है कि निवास के चारों तरफ रहने वाले शिक्षा एवं व्यापार में तीव्र अधिकांश व्यक्तियों के बारे में जानकारी उत्तरदाताओं के पास है । जबकि अन्य नौकरियों में तीव्र व्यक्तियों के बारे में कम

तालिका संख्या 23 उत्तर भारत के विवाह संबन्धी गुणों का विवरण

क्रम संख्या	उत्तर	विवाह संबन्धी विभिन्न गुण													
		भिन्नों के सम्बन्ध में अभिमत						भिन्नों के वर्ग सम्बन्ध							
		भिन्न जल्दी बनाते हैं		सम्बन्धु के भिन्न		महिला भिन्न		समान स्तर		स्तर के नीचे		उच्च स्तरीय		तभी वर्ग के	
		उत्तरदाता की संख्या	प्रतिशत	उत्तर दाताओं संख्या	प्रतिशत	उत्तर दाताओं संख्या	प्रतिशत	उत्तर दाता की संख्या	प्रतिशत	उत्तर दाताओं संख्या	प्रतिशत	उत्तरदाता की संख्या	प्रतिशत	उत्तर दाता की संख्या	प्रतिशत
1.	हाँ	78	31.2%	205	82%	210	84%	207	82.8%	97	38.8%	121	48.4%	125	50%
2.	नहीं	172	68.8%	45	18%	40	16%	43	17.2%	153	61.2%	129	51.6%	125	50%
योग		250	100%	250	100%	250	100%	250	100%	250	100%	250	100%	250	100%

तालिका संख्या 24 छात्र क्षेत्रों के अभिभावकों का - पर्यावरणीय जानकारी संबंधित विवरण

क्रम संख्या	उत्तर	पढ़ाई से संबंधित जानकारी							
		विशेष व्यवसाय		व्यापार में लगना		नौकरियों में लगना		अन्य कोई	
		उत्तर दाताओं की संख्या	प्रतिशत	उत्तर दाताओं की संख्या	प्रतिशत	उत्तर दाताओं की संख्या	प्रतिशत	उत्तर दाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	हाँ	167	66.8%	148	59.2%	63	25.2%	36	14.4%
2.	नहीं	83	33.2%	102	40.8%	187	74.8%	214	85.6%
	योग	250	100%	250	100%	250	100%	250	100%

जानकारी उत्तरदाताओं के पास है । इसके साथ अन्य व्यवसायों से सम्बन्धित व्यक्तियों के बारे में जानकारी उत्तरदाताओं को नहीं है ।

4. विश्लेषण :-

समाज अपने शैशवकाल में निर्बल एवं स्वेच्छाचारी था। व्यक्ति का कार्य एवं आचरण स्वयं के विवेक से नियन्त्रित होता था। धीरे-धीरे जो सामाजिक संगठन का उदय हुआ और व्यक्ति सीखिचोपार्जन हेतु संलग्न हुआ । अर्थव्यवस्था ने/ को संगठनता की ओर प्रवृत्त किया। व्यक्तियों का समूहों में रहना, भौगोलिक परिस्थितियों का अत्यधिक उपयोग में लाना ही अर्थव्यवस्था की प्रारंभिक अवस्था है । सीखिचोपार्जन के साधनों में प्रतिस्पर्धा की प्रवृत्ति विकसित हुई । इस प्रवृत्ति के विकास से आवश्यक समूहों में संघर्ष होने लगे, जिससे विभिन्न समाजों का निर्माण संभव हुआ । इस सम्पूर्ण प्रक्रिया के फलस्वरूप प्राकृतिक स्रोतों का उपभोग एवं श्रम विभाजन जैसी व्यवस्थाओं का विकास हुआ एवं क्रमशः व्यवस्थाओं में संघर्ष की प्रवृत्ति बढ़ती हुई ।

डर्खिम एवं मेरिल (1950) ने सामाजिक संगठन को सूक्ष्म प्रात्मिक दृष्टिकोण से वर्णित करते हुये कहा है कि सामाजिक व्यवस्था बनाये रखने के लिये समाज के सदस्यों द्वारा व्यक्तिगत स्थिति तथा कार्य निर्धारण के अनुसार कार्यों को समन्वय किया जाना चाहिये । भारतवर्ष के प्राचीन समाजों में स्थिति एवं कार्य पर आधारित वर्गीकरण विद्यमान था । मानव आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु, व्यवसाय का निर्धारित सामाजिक व्यवस्था की अपनी विशेषता है । भारत वर्ष के वैदिकालीन पूर्व के ऐतिहासिक साक्ष्यों से यह स्पष्ट होता है कि व्यक्ति क्या कार्य करेगा यह उसके जन्म से निर्धारित होता । सामाजिक व्यवस्था की दृष्टि से यह अर्थव्यवस्था का विशेष आधार था । सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया के फलस्वरूप अर्थ व्यवस्था में संघर्ष

कारकों में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुये हैं। पूर्वमध्य काल (1000 से 1300 तक) में, जिसमें हिन्दू राज्यों का अन्त एवं मुस्लिम राज्यों का प्रारम्भ है, सामान्यतः ब्राह्मण कुछ ऐसे कार्य करते थे जिनसे जीविकोपार्जन हो जाता था परन्तु यह कार्य अन्यों के लिये निर्धारित थे। व्यवसायिक वर्गीकरण सामाजिक व्यवस्था की दृष्टि से बहुत कठोर नहीं था फिर भी, शूद्रों को उच्च जाति के व्यवसाय करने की मनाही थी। वैश्यत्व नहीं आरम्भ में अन्तिम चरण में प्रचलन में आने लगे थे। 11वीं शताब्दी तथा उसके बाद वाले समय में उन्होंने उच्चतम पद प्राप्त करना शुरू किया। सामान्यतः शूद्रों के प्रति समाज का दृष्टिकोण सौम्य नहीं था। ऊँची जाति के व्यक्ति उन्हें कार्य एवं वस्तुओं को मारना किया करते थे। मध्य युगीन भारत में मुस्लिम शासन शूद्रों में इतने व्याप्त रहे कि उन्हें स्वयं आर्थिक उत्थान का कोई समय प्राप्त नहीं हुआ। ब्राह्मण धार्मिक कार्यों से अतिरिक्त कृषि कीजिया करते थे। सम्भवतः मुस्लिम शासकों द्वारा धार्मिक मन्दिरों का विनाश इसका कारण था। शूद्रों को इस काल में नमक, मांस, मछिदा आदि बेचने की सुविधा प्रदान की गई जो वस्तुतः भारतीय प्राचीन जाति व्यवस्था में अस्तित्व नहीं है।

भारत एक कृषि प्रधान देश रहा है तथा सम्पूर्ण देश की अर्थव्यवस्था का लगभग 90% देश कृषि से प्राप्त होता है। स्वतन्त्रता प्राप्ति के पूर्व तक बुन्देलखण्ड क्षेत्र में परम्परागत व्यवसाय कृषि नागरिकों का आर्थिक आधार रहा है। तकनीकी विकास के वर्तमान की सीमाई के तौलिकल साधन ग्रामीण क्षेत्रों में, आज भी उपलब्ध नहीं है। ब्रिटिश शासन साम्राज्य में देश की अर्थव्यवस्था इस प्रकार चक्र हुई कि आज भी कृषि के व्यवहारों सम्बन्धी

विवाद ग्रामीण क्षेत्रों में बाहुल्यता वाले हैं। भौगोलिक दृष्टि से भी बुन्देलखण्ड क्षेत्र कम प्रगतिशील नहीं है। अधिकांश भाग में पथरीली जमीन एवं कैमूर विद्यमान है। सन् 1946 से पूर्व औद्योगिक दृष्टि से यह क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ था। स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात राज्य व केन्द्र सरकारों के प्रयास के फलस्वरूप विभिन्न औद्योगिक संस्थाओं की स्थापना बुन्देलखण्ड क्षेत्र में हुई है। अर्थ सम्बन्धी अन्य उपलब्धियों के लिये यह क्षेत्र के व्यापारिक व्यापार एवं नौकरियों पर निर्भर है।

उपलब्ध अध्ययनों से यह स्पष्ट होता है कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र में व्यापार एवं नौकरी आय-व्यय का आधार है। स्थानीय व्यापारी, अफसर, ठेकेदार, मजदूर एवं श्रमिक की सुनिश्चित रूप से अर्थव्यवस्था पर नियन्त्रण करते हैं। साधारण किसान प्रति व्यक्ति आय के अनुपात में गरीबी का जीवन यापन करते हैं। राज्य की ओर से प्राप्त अनेक सुविधाओं के बावजूद मानसून का सर्वाधिक प्रभाव कृषि एवं व्यापार पर पड़ता है। कृषि कार्य आज भी मानव श्रम पर आधारित है। कम आय वाले किसान ट्रैक्टर या अन्य आधुनिक उपकरणों के माध्यम से कृषि करते हैं। अन्यथा निम्न स्तर वाले किसान परम्परागत हल-बैल एवं प्राकृतिक सिंचाई पर निर्भर रह कर कृषि कार्य करते हैं। वर्तमान अध्याय में उपलब्ध विभिन्न समाज आर्थिक कारकों का सर्वेक्षण से विश्लेषण करने से स्पष्ट होता है कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र में कृषि कृषक जीविकोपार्जन का ठोस दृष्टिकोण होता है। अन्य व्यवसाय सामान्य से निम्न स्तर की ओर कुछ अंश प्रदर्शित करते हैं। जाति व्यवस्था की दृष्टि से ठाकुर एवं यादव जातियों के परिवारों वाले ग्राम

नेताओं के आंकड़ों प्रतिशत से यह प्रदर्शित होता है कि इस क्षेत्र की प्रमुख जातियों में यह जातियां अपना सर्वोपरि स्थान बनाये हुये है ।

पारिवारिक व्यवस्था के संदर्भ में यहां वर्णन करना आवश्यक होगा कि परम्परागत विस्तारात्मक परिवार बुन्देलखण्ड क्षेत्र में पाये जाते हैं । यद्यपि तत्तात्मक परिवारों का पाया जाना इस क्षेत्र में नाम मात्र को अपवादस्वरूप है । सरकारी नौकरियों के सम्बन्ध में जो दक्षिण भारतीय परिवार इस क्षेत्र में है, उन परिवारों से वर्तमान सर्वेक्षण के दौरान कोई प्रतिनिधि प्राप्त नहीं हुआ है । परम्परागत परिवारों में संयुक्त परिवारों की प्रमुखता है ।

सम्पूर्ण अध्याय की उपलब्धियों पर एक विहंगम दृष्टिपात करने से यह स्पष्ट होता है कि ग्रामीण परिवारों के साथ प्रतिस्पर्धा की बाहुल्यता, बुन्देलखण्ड क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं में है । इन परिवारों का प्रमुख आय का स्रोत परम्परागत कृषि कार्य है । यह तनाव ग्रामीण क्षेत्र विद्यार्थियों को निरन्तर रूप से शिक्षण संस्थाओं में राजनीतिक गतिविधियों के लिये उचित वातावरण प्रदान करने में सक्षम है ।

=:=:=:=:=:=:=:=

अध्याय ४

छात्र मेहतर का शैक्षणिक विवरण

1. सामान्य विवरण

2. शिक्षा

3. शैक्षणिक गतिविधियाँ

4. विशेषता

1. सामान्य विवरण :-

विभिन्न समाजों में बौद्धिक ज्ञान अर्जित करने के लिये शिक्षा की आवश्यकता पर बल दिया गया है। इसकी सामाजिक व्यवस्था सैद्धान्तिक रहती है। वास्तविक रूप में शिक्षा विकसित समाजों का आधार-भूत तत्व है। प्राचीन शिक्षा परम्पराओं में लिपि की मान्यता प्राप्त थी। इससे इस प्रकार भी वर्णित किया जा सकता है कि लेखन सामग्री का प्रचलन नहीं था। एक व्यक्ति द्वारा कहे गये वाक्यों को संस्मरण करके दूसरे व्यक्ति तक पहुंचाया जाता था। समय के विकास के साथ-साथ लेखन सामग्री का अविष्कार हुआ और इसकी प्रकार रचनायें वेद एवं पुराण के रूप में उपलब्ध हैं। वर्तमान समय में जब तकनीकी विकास अपनी चरमसीमा पर है लेखन सामग्री के सम्बन्ध में अत्यधिक आधुनिक साधन उपलब्ध हैं।

शिक्षा प्राप्त करने के लिये वर्ण एवं जाति व्यवस्था के समान गुरुकुल शिक्षा प्रणाली प्रचलित थी। आश्रम में रहकर उपदेश प्राप्त करने की परम्परा विद्यमान थी। अनुसूचित जैसे के समय ब्राह्मण जाति का व्यक्ति अन्य जातियों के व्यक्तियों से शिक्षा प्राप्त कर सकता था। परन्तु जैसे ब्राह्मण शिक्षण उन दैविक सेवाओं से दूर थे जिन्हें अन्य शिक्षों को पूरा के लिये करना होती थी। समाज को वास्तविक शिक्षा प्रदान करने के लिये शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है।

2. शिक्षा :-

भारतवर्ष में आधुनिक शिक्षा का सूत्रपात ब्रिटिश काल में हुआ। इसके विकास हेतु ब्रिटिश विधारियों ने समय-समय पर विभिन्न शिक्षा संस्थायें प्रारम्भ कीं। इस शिक्षा प्रणाली की सफलता पर विभिन्न समयों में टिप्पणियां होती रही हैं। ब्रिटिश

शासन काल में प्रदान की गयी शिक्षा का उद्देश्य न्यून वेतन पर कर्मचारी प्राप्त करना था तथा पाश्चात्य संस्कृति को भारतवासियों पर थोपना था। वर्तमान आधुनिक शिक्षा के अनेक दुष्परिणाम समाज में दृष्टिगोचर होते हैं। अभी निरपेक्ष राष्ट्र भारत में ईसाई पादरियों द्वारा हिन्दू एवं मुस्लिम समुदायों में तनाव पैदा करने के लिये धार्मिक आधारों पर शिक्षण संस्थायें खोली गयीं। भारत वर्ष में आधुनिक शिक्षा के प्रणेता राजाराम मोहन राय थे। मान्टेसरी शिक्षा पद्धति के अतिरिक्त उपयोगी शिक्षा का विकास धीरे-धीरे हुआ। प्रारम्भिक शिक्षण संस्थाओं में छात्र नेतृत्व अथवा छात्र कल्याण जैसी समस्यायें विद्यमान नहीं थीं।

भारतवर्ष में स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात शिक्षण संस्थाओं की संख्या में तीव्र प्रगति हुई। प्रजातान्त्रिक शिक्षण होने के कारण छात्र प्रतिनिधित्व को शिक्षण संस्थाओं में उचित स्थान दिया जाने लगा है। यह छात्र प्रतिनिधित्व स्थानीय अथवा राष्ट्रीय दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

3. <u>शैक्षणिक गतिविधियाँ</u> :-

वर्तमान अध्याय में छात्र नेताओं से शैक्षणिक विषय पर जो तथ्य उपलब्ध हुये हैं उनका विश्लेषण वर्णित किया गया है। विद्यार्थियों अभिवृत्तियों पर आधारित तथ्यों के विश्लेषण से जो विधिवत प्राप्त हुई है, वह नेतृत्व के लिये उपयुक्त क्रिया विधियाँ को कार्यान्वित करने की दिशा में एक प्रयास है। प्रश्नावलि गतिविधियों से सर्वेक्षित प्राप्त जानकारी के आधार पर यह निष्कर्ष निकालने का प्रयास किया गया है कि वास्तविक रूप से शैक्षणिक योग्यताओं का विद्यार्थी वर्ग पर किस सीमा तक प्रभाव पड़ता है, जिससे कि छात्र समुदाय शिक्षण संस्था की प्रशासनिक गतिविधियों में अनुकूलता प्रदर्शित करते हैं।

शिक्षकों के साथ परस्परिक सम्बन्धों के बारे में उत्तरदाताओं से प्राप्त जानकारी का विश्लेषण तालिका संख्या 25 में दर्शाया गया है । इस तालिका का अवलोकन करने से यह स्पष्ट होता है कि प्राचीन मुक्त शिक्षा प्रणाली के सम्बन्ध में उत्तरदाताओं का प्रतिक्रिया लगभग समसंख्या वाला है । तालिका से स्पष्ट होता है कि 74.8% प्रतिशत उत्तरदाताओं के शिक्षकों के साथ मधुर सम्बन्ध हैं । शिक्षकों के साथ अनौरंजन करने का प्रतिशत 81.2% प्राप्त हुआ है।इसके विपरीत भी 47.2% प्रतिशत उत्तरदाता शिक्षकों के साथ सुझाव करते हैं जबकि 52.8% उत्तरदाता शिक्षकों के साथ सुझाव करने की बातें बताते हैं । इन तथ्यों से स्पष्ट होता है कि जहाँ तक प्रश्न सामान्य से अनौरंजन का है वहाँ तक उत्तरदाताओं एवं शिक्षकों के बीच सामंजस्य है । परन्तु शैक्षणिक अनौरंजन के क्षेत्र में वहाँ सुझाव जब समुदाय में करना होता है वहाँ विद्यार्थी वर्ग विरुद्ध अनुभव करता है । सांस्कृतिक मूल्यों का क्या इस व्यवहार पर प्रभाव पड़ता है ऐसा नहीं होगा ।

विभिन्न शिक्षण संस्थाओं से जो प्रतिनिधि सर्वेक्षण शोध कार्य में सम्मिलित किये गये हैं, उनका विवरण तालिका संख्या 26 में प्रदर्शित किया गया है । इस तालिका का अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि सबसे अधिक उत्तरदाता (52%) स्नातक कक्षाओं से प्राप्त हुये हैं एवं सबसे कम उत्तरदाता (9.6%) मेडिकल संस्थान से प्राप्त हुये हैं । जबकि परास्नातक एवं व्यावसायिक शिक्षा स्तरों का प्रतिशत क्रमशः 22.4% एवं 16% रहा है । इस तालिका का अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि सर्वेक्षण क्रम में स्नातक विद्यार्थी तीसरे स्थान पर रहे हैं । तार्किक आधार इस प्रकार दी जा सकती है कि अधिकांशतः कला संकायों

तालिका संख्या 25 छात्र नेताओं एवं शिक्षकों के पारस्परिक संबन्धों का विवरण

क्रम संख्या	उत्तर	ग्रामीण गुरु शिष्य परम्परानुसार		शिक्षकों के साथ घनिष्ठ सम्बन्ध		शिक्षकों के साथ सहयोग		शिक्षकों के साथ औपचारिक	
		उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	हाँ	127	50.8%	118	47.2%	187	74.8%	203	81.2%
2.	नहीं	123	49.2%	132	52.8%	63	25.2%	47	18.8%
	योग	250	100%	250	100%	250	100%	250	100%

तालिका संख्या 26 उत्तरदाताओं का शिक्षा के आधार पर वर्गीकरण

क्रम संख्या	शिक्षा	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	माध्यमिक	40	16%
2.	स्नातक	130	52%
3.	परास्नातक	56	22.4%
4.	मेडिकल	24	9.6%
	योग	250	100%

चित्र सं. 7. छः नेताओं का शिक्षा के आधार पर वर्गीकरण



के महाविद्यालयों में स्नातक विद्यार्थियों को विषयक उत्तरदायित्व कम रहते हैं, अत कारण उन्हें विभिन्न छात्र गतिविधियों में भाग लेने के अधिक अवसर प्राप्त होते हैं। इसके सापेक्ष मेडिकल समूह में प्रयोगात्मक एवं विषय सामग्री की दुरूहता के उत्तरदायित्व अधिक होने के फलस्वरूप छात्र यूनियनों या अन्य छात्र गतिविधियों में भाग लेने के अवसर कम प्राप्त होते हैं। (चित्र सं० 7)

छात्र स्रोतों से वर्तमान शिक्षाप्रणाली के सम्बन्ध में एकत्रित जानकारी का विश्लेषण तालिका संख्या 27 में दर्शाया गया है। इस तालिका का मूल्यांकन करने से स्पष्ट होता है कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली से सम्बन्धित विभिन्न कारकों के प्रति उत्तरदाताओं के मन में असंतोष है। उचित शिक्षकों के अभाव को 92.0% प्रतिशत उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया है। वस्तुतः इस तथ्य की भूमिका में यह परिलक्षित होता है कि मुख्तेश्वर क्षेत्र की शिक्षण संस्थायें आर्थिक दृष्टि से अधिक सम्पन्नतर हैं जिससे वह शिक्षकों को उपयोगी पुस्तकालयीन सुविधा उपलब्ध करा सके, जिससे फलस्वरूप शिक्षक दिन प्रतिदिन की शिक्षण प्रणाली से अलग हो सके। (चित्र सं० 8)

विद्यार्थियों की मनोवृत्ति से सम्बन्धित शिक्षण सामग्री अभिरुचि का विवरण तालिका संख्या 28वें* दर्शाया गया है। इसमें अधिकांश प्रतिशत उन छात्रों का है जो कि दूसरा पढ़ने, पुस्तकालय की पुस्तकें अपने पास होने एवं नवल जैसी दोषपूर्ण आदतों में विश्वास नहीं करते हैं। 54.0% प्रतिशत उत्तरदाताओं के फलस्वरूप पुस्तकें क्रीत कर पढ़ना चाहिये। यह तालिका में प्राप्त तथ्य विशिष्ट रूप से छात्र वर्ग के बौद्धिक अस्तित्व का ज्ञान कराते हैं।

तालिका संख्या 27 छात्र केवलों के मत - वर्तमान शिक्षा प्रणाली के संबन्ध में

क्रम संख्या	उत्तर	वर्तमान शिक्षा प्रणाली							
		शिक्षा प्रणाली दोषपूर्ण है		परीक्षा प्रणाली दोषपूर्ण है		उचित शिक्षकों का अभाव है		शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है	
		उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत	उत्तर दाताओं की संख्या	प्रतिशत	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	हाँ	177	70.8%	126	50.4%	232	92.8%	188	75.2%
2.	नहीं	73	29.2%	124	49.6%	18	7.2%	62	24.8%
	योग	250	100%	250	100%	250	100%	250	100%

चित्र सं. 8. छात्र भेदाओं का उनके दृष्टिकोण शिक्षा प्रणाली के संबन्ध में



तालिका संख्या 28 छात्र सेवाओं की सिंह सामग्री अभिरुचि का विवरण

क्र० संख्या	उत्तर	अभिरुचियाँ							
		पुस्तकें अवश्य पढ़ना चाहिये		सुलभ पढ़ना चाहिये		पुस्तकालय की पुस्तकें घरों में रखना चाहिये		परीक्षा में नकल पर निर्भरता	
		उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत	उत्तर दाताओं की संख्या	प्रतिशत	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत	उत्तर दाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	हाँ	136	54.4%	118	47.2%	7	2.8%	-	-
2.	नहीं	114	45.6%	132	52.8%	243	97.2%	250	100%
	योग	250	100%	250	100%	250	100%	250	100%

विभिन्न पर्यावरणों में पाये जाने वाले सामाजिक समूहों के अपने मूल्य एवं परम्परायें होती है। इन मूल्यों में दैवीय प्रकोप, जादू टोने एवं जादू टोने का प्रमुख स्थान है। ग्राम मेलाओं से प्राप्त तथ्यात्मक जानकारी का विश्लेषण तालिका संख्या 29 एवं 30 में दर्शाया गया है। इन तालिकाओं का मूल्यांकन करने से स्पष्ट होता है कि जादू टोने में विश्वास न करने वाले उत्तर दाताओं का प्रतिशत क्रमशः 98.4% एवं 96.4% है। गुणात्मक घटनाओं से सम्बन्धित मतों का विश्लेषण करने से स्पष्ट होता है कि 73.2% प्रतिशत ग्राम मेला किसी भी कारक के प्रति स्थैर्य के प्रयास को महत्वपूर्ण समझते हैं। अन्य वर्गों में प्राप्त प्रतिशत अत्यधिक कम है और किसी गणना योग्य नहीं माना जा सकता है। राष्ट्रीय, प्रादेशिक एवं क्षेत्रीय विकास के क्रम में बुन्देलखण्ड क्षेत्र का आंचलिक ग्राम की स्थानीय को प्रतिस्पर्धा में भागीदार समझता है। अधिकांश ग्राम मेलाओं के धन में किसी भी उपलब्धि के लिए स्थैर्य का प्रयास अन्य किसी कारक से अधिक उत्तरदायी है।

विकास संस्थाओं में अत्यन्तरत अधिकांश ग्राम निवासी ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं एवं इसीलिये उन्हें आर्थिक सहायता की आवश्यकता है। ग्राम मेलाओं को परिवार के विभिन्न सदस्यों से मिलने वाली आर्थिक सहायता का विवरण तालिका संख्या 31 में दर्शाया गया है। इस आर्थिक सहायता में पिता वर्ग को 60% प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अपनी गिनी है। इसके क्रम में जो न्यून प्रतिशत 11.2% रिश्तेदारों से मिलने वाली आर्थिक सहायता का प्राप्त हुआ है यह इस बात को स्पष्ट करता है कि अधिकांशतः अल्प वर्गीय परिवार अपने बच्चों को शिक्षा देने का सतत प्रयास करते हैं और इसमें किसी भी प्रकार का आर्थिक उत्तरदायित्व

तालिका संख्या 29 उत्तर प्रदेश में आदू-कूद/बादू-दौना

के विषय में

क्रम संख्या	विषय	उत्तर	उत्तरदाताओं की संख्या	योग	प्रतिशत	योग
1.	आदू-कूद	हाँ	4		1.6%	
		नहीं	246	250	98.4%	100%
2.	बादू-दौना	हाँ	9		3.6%	
		नहीं	241	250	96.4%	100%

तालिका संख्या 30 ग्राम सेवाओं का विभिन्न प्राकृतिक घटनाओं के संबन्ध में विवरण

क्रम संख्या	घटनायें	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	बिल्कुल	23	9.2%
2.	स्वर्ण का प्रभाव	183	73.2%
3.	बैंकिंग साखी	19	7.6%
4.	अज्ञात	10	4%
5.	अन्य कोई	15	6%
	योग	250	100%

तालिका संख्या 31 ग्राम सेवाओं की शिक्षा के लिये परिवार से विभिन्न सदस्यों से मिलने वाली आर्थिक सहायता का विवरण

क्रम संख्या	व्यक्ति	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत	उल्लेख
1.	पिता	200	80%	
2.	भाता	12	4.8%	
3.	रिश्तेदार	3	1.2%	
4.	स्वयं	6	2.4%	सम्पन्न परिवार
5.	चाचा	15	6%	
6.	अन्य	14	5.6%	
	योग	250	100%	

रिश्तेदारों से निर्भर नहीं करवाते हैं।

तालिका संख्या 32 में ग्राम मेलाओं द्वारा परिवार से प्राप्त मासिक आमदनी का विवरण दर्शाया गया है। इस वर्गीकरण में 42.8% प्रतिशत उत्तरदाता 200/-रु से 300/-रु के मध्य परिवार से प्राप्त करते हैं। 300/-रु से अधिक आमदनी प्राप्त करने वाले उत्तरदाताओं का प्रतिशत केवल 4.0% है। तालिका के द्वितीय भाग में 37.2% प्रतिशत उत्तरदाता ऐसे हैं जिन्हें 100/-रु से 200/-रु तक मासिक आमदनी प्राप्त होती है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि 100/-रु से 300/-रु तक मासिक आमदनी प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की अधिकता है।

ग्राम मेलाओं से प्राप्त जानकारी के आधार पर विभिन्न शिक्षण संस्थाओं का नियंत्रण तालिका संख्या 33 में प्रदर्शित किया गया है। इसका अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि अधिकांश शिक्षण संस्थाओं का नियंत्रण व्यवस्थापन समितियों द्वारा किया जा रहा है। सरकारी नियंत्रण में प्राप्त शिक्षण संस्थाओं का प्रतिशत अपेक्षाकृत न्यून है। इससे यह स्पष्ट होता है कि मेधावी सम्बन्धी ग्राम परिवारिकों के लिए व्यवस्थापन समितियों द्वारा नियंत्रित शिक्षण संस्थाएँ सुविधा वातावरण प्रदान करती हैं। इसके साथ सरकारी नियंत्रित शिक्षण संस्थाओं में ग्राम परिवारिकों के आधार कम प्रदान किये जाते हैं एवं शिक्षा के अन्य अधिक और दिखावापन है।

शैक्षणिक/प्रशासनिक नियंत्रण के सम्बन्ध में जो जानकारी ग्राम मेलाओं से एकत्रित की गई है उसको तालिका संख्या 34 में दर्शाया गया है। इस सम्बन्ध में सम्पूर्ण ग्राम मेलाओं के अनुसार

तालिका संख्या 32 ग्राम मेलाडी वासे परिवार से ग्राप्त

मासिक आमदनी का विवरण

क्रम संख्या	मासिक आमदनी	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	50/-रु से 100/-रु	38	15.2%
2.	100/-रु से 200/-रु	93	37.2%
3.	200/-रु से 300/-रु	107	42.8%
4.	300/-रु से अधिक	12	4.8%
	योग	250	100%

तालिका संख्या 33 विभिन्न संस्थाओं का विवरण

क्रम संख्या	विवरण	चीनी मेवाओं की संख्या	प्रतिशत
1.	व्यक्तिगत समितियां	235	94%
2.	सरकारी	15	6%
	योग	250	100%

तालिका संख्या 34 ग्राम सेवाओं का नाम - प्रशासनिक निर्णयन से संबन्धित

क्रम संख्या		उत्तर दाताओं की संख्या	प्रतिशत	प्रशासनिक दृष्टिकोण									
		सैद्धान्तिक-प्रशासनिक योजनाओं में ग्रामों की लगाई अधिक है		संख्या से प्रशासनिक निर्णयन में ग्राम प्रतिनिधि होने से									
				सैद्धान्तिक रूप से सिद्धान्त आवेगी		व्यवस्था की दृष्टि से उपयुक्त नहीं है		कोई संचार द्वारा नहीं स्थित होगी		संख्या अधिक-		अन्य कारण	
				उत्तर दाताओं की संख्या	प्रतिशत	उत्तर दाताओं की संख्या	प्रतिशत	उत्तर दाताओं की संख्या	प्रतिशत	उत्तर दाताओं की संख्या	प्रतिशत	उत्तर दाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	हाँ	250	100%	6	2.4%	40	16%	-	-	28	11.2%	-	-
2.	नहीं	-	-	244	97.6%	210	84%	-	-	222	88.8%	-	-
	योग	250	100%	250	100%	250	100%	-	-	250	100%	-	-

क्षेत्रीय/प्रशासनिक योजनाओं में छात्रों की सलाह उचित है।
शिक्षण स्तर एवं सेवा की व्यवस्था में प्राप्त उत्तरों से स्पष्ट होता है कि छात्रों को अधिक प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए। इस प्रतिनिधित्व से न तो शिक्षा के स्तर में गिरावट आयेगी और कोई अव्यवस्था भी उत्पन्न नहीं होगी। सम्पूर्ण तथ्यों का अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि छात्र समुदाय अपने प्रति होने वाले नीति निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका चाहता है और यदि यह भूमिका उसे प्रदान नहीं होती है तो वह आन्दोलन या अन्य विनाशकारी कार्यों को अपनाता है। इस भूमिका का महत्व उत्प्रेरक एवं नियोजन भावना की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

शिक्षण सेवा की प्रशासनिक योजनाओं में छात्र नेताओं ने अपनी जो रुचि दिखाई है उसका विवरण तालिका संख्या 35 में दर्शाया गया है। प्राप्त तथ्यों का अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि प्रशासनिक कार्यों, योजना निर्माण एवं छात्रों के हित में छात्र यूनियनों का योगदान महत्वपूर्ण है।

व्यक्तिगत सामान्य अधिकारियों से सम्बन्धित जो जानकारी छात्रनेताओं से प्राप्त हुई है उसे तालिका संख्या 36 में दर्शाया गया है। इस तालिका का अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि नौकरी करने के पक्ष में 52% प्रतिशत, विपक्ष में 48% प्रतिशत, व्यवसाय के पक्ष में 54.4% प्रतिशत, विपक्ष में 45.6% प्रतिशत, जबकि तटस्थ व्यवसायों के पक्ष में 3.2% प्रतिशत एवं विपक्ष में 96.8% प्रतिशत उत्तरदाता हैं। अन्वीक्षित सम्बन्धी व्यवसाय के पक्ष एवं विपक्ष में प्राप्त प्रतिशत लगभग समान पाया है।

तालिका संख्या 35 प्रशासनिक दृष्टिकोण से छात्र नेताओं का योगदान

क्रम संख्या	उत्तर	शिक्षण संस्थाओं में छात्रों की राजनीतिक गतिविधियां					
		संस्था के प्रशासनिक कार्यों में विद्यार्थियों की प्राथमिकता		योजना बनाते समय अधिकारियों के साथ समन्वय		छात्रों के हित में सूचनाओं का योगदान	
		उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	हाँ	204	81.6%	165	66%	230	92%
2.	नहीं	46	18.4%	85	34%	20	8%
	योग	250	100%	250	100%	250	100%

तालिका संख्या 36 छात्र नेताओं की भविष्य संबन्धित अभिलाषाओं का विवरण

क्रम संख्या	उत्तर	अभिलाषायें															
		व्यवसाय संबन्धी								विदेश संबन्धी							
		नौकरी		व्यवसाय		व्यापार		इन्जीनियर		नेता		अन्य		अन्य देश के लिये		निजी		पर्यटन के लिये		स्थाई निवास के लिये	
		उत्तर दाताओं की संख्या	प्रति शत	उत्तर दाताओं की संख्या	प्रति शत	उत्तर दाताओं की संख्या	प्रति शत	उत्तर दाताओं की संख्या	प्रति शत	उत्तर दाताओं की संख्या	प्रति शत	उत्तर दाताओं की संख्या	प्रति शत	उत्तर दाताओं की संख्या	प्रति शत	उत्तर दाताओं की संख्या	प्रति शत	उत्तर दाताओं की संख्या	प्रति शत	उत्तर दाताओं की संख्या	प्रति शत
1.	छात्र	130	52%	136	54.4%	0	54.2%	127	50.8%	25	10%	"	"	125	50%	250	100%	67	26.8%		
2.	छात्रा	120	48%	114	45.6%	242	96.8%	123	49.2%	225	90%	"	"	125	50%	"	"	183	73.2%		
	योग	250	100%	250	100%	250	100%	250	100%	250	100%	"	"	250	100%	250	100%	250	100%		

वर्तमान शोध कार्य की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण जानकारी उत्तरदाताओं से उनके कार्यालय में जाकर एकत्र की गई। इसमें 90% प्रतिशत उत्तरदाता सेवानिवृत्ति को व्यवसायिक दृष्टि से सीधे कोपरेशन का साधन नहीं मानते पाये गये, जबकि 10% प्रतिशत कुछ उत्तरदाता सेवानिवृत्ति को व्यवसायिक दृष्टि कोण से अपनाने को तैयार हैं। इस तथ्य की पुष्टि करने की दृष्टि से उत्तरदाताओं से विदेश पर्यटन सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की गई है। इसका विश्लेषण करने से स्पष्ट होता है कि उच्च शिक्षा के लिये विदेश जाने की अभिरुचि रखने वाले तथा न रखने वाले दोनों वर्गों का प्रतिशत लगभग समान प्राप्त हुआ है। अध्ययन पर्यटन के लिये जाने की अभिरुचि सम्पूर्ण 250 उत्तरदाताओं ने प्रकट की है। पर्यावरण को पूर्ण रूप से परिभाषित करने के लिये वर्तमान शोध विश्लेषण के उत्तरदाता तत्परता से तैयार नहीं हैं। इसका स्पष्टीकरण इस बात से मिलता है कि 73.2% प्रतिशत दोनों वर्गों ने विदेश में स्थाई निवास के प्रति अनिच्छा व्यक्त की है। मात्र 26.8% प्रतिशत का वर्ग इस दिशा में महत्वाकांक्षी परिलक्षित हुए हैं।

शिक्षा एवं प्रशासनिक नीति निर्धारण से सम्बन्धित विभिन्न वर्गों की जानकारी तालिका संख्या 37 में दर्शाई गई है। इस तालिका का अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि अधिकारियों द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में शिक्षाविदों का एक बड़ा समूह साथ नहीं होता है। सम्पूर्ण तालिका पर एक दृष्टि पात करने से स्पष्ट होता है कि दोनों वर्गों का प्रतिशत स्थितियों के अनुरूप बदलता या प्रतीत होता है। उदाहरण स्पष्ट होता है कि इन उत्तरदाताओं

तालिका संख्या 37 उत्तरदाताओं के मत - विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में

क्रम संख्या	विभिन्न मत	उत्तर			
		हाँ	प्रतिशत	नहीं	प्रतिशत
1.	केवल अधिकारियों द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में विद्यार्थी कम भाग लेता है	39	15.6%	211	84.4%
2.	विद्यार्थियों से स्वतः कार्यक्रम तय हो जाते हैं और अधिकारियों की अपेक्षा कर दी जाती है	218	87.2%	32	12.8%
3.	कार्यक्रम की योजना अधिकारी बनाते हैं एवं क्रियान्वयन विद्यार्थी एवं अधिकारियों की सहमति से होता है	124	49.6%	126	50.4%
4.	विद्यार्थियों को विचार प्रकट करने की छूट दी जाती है परन्तु अधिकारी निर्णय स्वतः लेते हैं और विद्यार्थियों की भावना को महत्व नहीं दिया जाता है	175	70%	75	30%
5.	विद्यार्थियों के विचारों को महत्व देते हुए अधिकारी योजना बनाते हैं	142	56.8%	108	43.2%

में पेशागत स्थायित्व की न्यूनता है ।

शिक्षण संस्था की सफलता की दृष्टि से महत्वपूर्ण कारकों का विश्लेषण तालिका संख्या 38 में दर्शाया गया है । इस तालिका का अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि अधिकांश छात्रचेताओं के मत में शिक्षण संस्थाओं में उचित पर्यावरण का अभाव है। इस सम्बन्ध में प्राप्त माँग का प्रतिशत, लगभग 1:3 है । निष्कर्ष स्पष्ट रूप से स्पष्ट करते हैं कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र की शिक्षण संस्थायें रचनात्मक कम तथा व्यवसायिक अधिक है । इसमें सन्देह नहीं है कि छात्र चेताओं के अनुसार शिक्षण संस्थाओं में विभिन्न वर्गों के प्रति असमानता अधिक व्याप्त है फिर भी सेवायोजी दृष्टि से महत्वपूर्ण 250 सर्वेक्षित छात्र चेताओं के विचारों को कम्य नहीं समझा जाता है और यह प्रतिशत सोचने के लिये बाध्य करता है कि शैक्षणिक एवं प्रशासनिक पहलुओं में सामन्जस्य होना चाहिये ।

शिक्षा का स्तर एवं छात्र चेतृत्व के उद्भव पर क्या प्रभाव पड़ता है, को वास्तविक रूप में मूल्यांकित करने की दृष्टि से यह आवश्यक था कि छात्रों के सामाजिक निर्माण में उपयोगी व्यक्तित्व के अवधारणा का विश्लेषण किया जाये । तत्सम्बन्धित किस पर एकत्र की गई सूचनाओं से स्पष्ट होता है कि 75.2% प्रतिशत छात्र चेताओं के अनुसार छात्रों का राजनैतिक गतिविधियों में भाग लेना व्यक्तित्व निर्माण में सहयोगी होता है । संस्था का विकास एवं रचनात्मक कार्य छात्रों के व्यक्तित्व के लिये समानुपातिक हैं । छात्रों किसी भी प्रकार की असमानता व्याप्त होने से शिक्षण संस्थाओं की सेवा पर प्रभाव पड़ता है तालिका 39 ।।

तालिका संख्या 38 ग्राम क्षेत्रों के सर्वे - शिक्षण संस्थाओं की व्यवस्था

क्रम संख्या	व्यवस्था	उत्तरदाताओं का मत				
		हाँ प्रतिशत		नहीं प्रतिशत		कुल प्रतिशत
1.	उचित शिक्षा का वातावरण	53	21.2%	197	78.8%	100%
2.	उचित अध्यापन विधि	58	23.2%	192	76.8%	100%
3.	रचनात्मक कार्य	55	22%	195	78%	100%
4.	पुस्तकालय की सुविधा	40	16%	210	84%	100%
5.	अन्य सुविधायें	48	19.2%	202	80.8%	100%

तालिका संख्या 39 ग्राम क्षेत्रों का मद्य - राजनीति से व्यक्तित्व में सहायता

क्रम संख्या	राजनैतिक गतिविधियों से व्यक्तित्व निर्माण में सहायता	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	हाँ	188	75.2%
2.	नहीं	62	24.8%
	योग	250	100%

५. निष्कर्ष :-

वर्तमान शिक्षा तथा प्राचीन भारतीय शिक्षा के उद्देश्यों में बहुत अधिक अन्तर है । यह सही है कि वर्तमान शिक्षा पूर्ण रूप से अंग्रेजी शासकों का देन है और उनका उद्देश्य था भारतीयों को लिपिक बनाना । आज की शिक्षा पद्धति लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति पर आधारित है । परन्तु प्राचीन भारतीय शिक्षा का उद्देश्य पूर्ण रूप से ज्ञान प्राप्त करना था । बालक जब गुरुकुल आश्रम में आता था तब पूर्ण रूप से घर के सारे क्रियाकलापों से दूर होकर शिक्षा में ही संलग्न हो जाता था । वहाँ शिक्षा के द्वारा जीवन की अलग उद्देश्य होता था । प्राचीन भारतीय व्यवस्था में आश्रम व्यवस्था का भी उद्देश्य प्रत्येक आश्रम में रहकर वहाँ के क्रिया कलाप पूरे करना और अगले आश्रम की तैयारी अर्थात ज्ञान प्राप्त करने का ही उद्देश्य था । मनुष्य का प्रथम आश्रम ब्रह्मचर्य आश्रम था जिसमें वह शिक्षा ग्रहण करता था और अगले आने वाले जीवन की तैयारी का आश्रम था । परन्तु वर्तमान समय में शिक्षा के उद्देश्य पूर्ण रूप से बदले हुये हैं । विद्यार्थी शिक्षा से ज्ञान प्राप्त नहीं करना चाहता अपितु अधिक से अधिक डिग्रीयाँ प्राप्त करके नौकरियों के योग्य बनना चाहता है । शिक्षा का उद्देश्य जीवन का चौमुखी विकास का एक एकीय विकास मात्र रह गया है ।

साथ ही साथ यह भी अनुभव किया जा रहा है कि अब से शिक्षण संस्थाओं में राजनीति का प्रवेश हुआ, शिक्षा के स्तर में गिरावट अधिक आने लगी है । वैसे शिक्षा में नेतृत्व की भावना का होना बुरा नहीं है, परन्तु शिक्षण संस्थाओं में राजनीतिक नेतृत्व की भावना आज की शिक्षा के स्तर में गिरावट पैदा कर रही है ।

वर्तमान अध्याय में प्राप्त सैद्धान्तिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों के विवरण से सुनिश्चित होता है कि मुक्तेश्वर क्षेत्र का ज्ञान को अपने

वर्धापरण में घटित होने वाली विभिन्न घटनाओं के प्रति जागरूक है । वर्तमान शिक्षा प्रणाली को अंग्रेजों द्वारा अपने भोपी गयी है, स्पष्ट रूप से दोषपूर्ण व्यवस्था है । यह आवश्यक नहीं है कि भूतकाल में जो शिक्षा नीतियाँ निर्धारित की गई है वह आज के प्रत्येक समय में उपयोगी सिद्ध हों । परिवर्तन एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और इस प्रक्रिया ने कालान्तर में विभिन्न कारकों पर तुलनात्मक प्रभाव डाला है । शिक्षा का क्षेत्र एक ऐसा व्यापक क्षेत्र है, जिसमें दिन-प्रतिदिन नये आविष्कारों का होना एक साधारण सी घटना मान ली गया है ।

इन आविष्कारों के कालान्तर सामाजिक गतिविधियाँ एवं वैयक्तिक रूप से व्यक्ति प्रभावित हुये बगैर नहीं रह सकते हैं ।

आधुनिक वर्धापरण में बेकार, परिवारी समस्या, तलाकी विवाह, एवं अन्य कई कारक व्यापक रूप से विद्यमान हैं । विश्व के किसी भी देश की शिक्षा संस्थाओं को उपर्युक्त कारकों से प्रभावित हुये बिना नहीं पाया जा सकता है । सामाजिक एवं आर्थिक कारकों का विद्यार्थियों की शिक्षा में अनुचित प्रभाव पड़ता है । भारत जैसे विकासशील देश में जहाँ मुखिया प्रधान परिवार हैं , शिक्षा स्थानीय तथा राजनैतिक दबावों से भी प्रभावित होती है । मुख्यतौरपर देश की शिक्षा संस्थाओं का नियंत्रण अधिकांश प्रतिशत में व्यक्तिगत संगठनों के द्वारा किया जाता है । यह तथ्य सर्वमान्य रूपेण निर्णयित हुआ है । अतः यह निष्कर्ष निकालना स्वाभाविक है कि विभिन्न स्थानीय व्यक्तियों के आपसी मतभेद, पद लोलुपता एवं अन्य अवांछनीय कारकों के कारण शिक्षा संस्थाओं में कुछ इस प्रकार की गतिविधियाँ होना चाहिये जिसे छात्र नेतृत्व की आवश्यकता पड़े और छात्र गतिविधियाँ जन्म लें । शिक्षा की कमियों में मुख्य दूषित कारण बताया की गया है । आज प्राचीन देशों की

की प्रारम्भिक कक्षाओं में यह प्रथा इतनी तीव्र हो चुकी है कि इसका समाप्त करना असम्भव सा प्रतीत हो रहा है। विद्यालयों के भान्नसटल पर इस प्रथा से विपरीत प्रभाव प्रारम्भ से ही पड़ना शुरू हो जाता है। यह वह अवस्था है, जब विद्यार्थी एक क्षेत्रीय व स्थानीय राजनीति से अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होता है। धीरे-धीरे इसी प्रवृत्ति के कारण छात्रों का स्थानीय एवं आपस में तनाव व सीधे शिक्षण संस्थाओं में बन्द हो जाते हैं। इस प्रक्रिया के फलस्वरूप जाति, धर्म, सम्प्रदाय एवं छोटे-छोटे अन्य प्रकार के समूहों की प्रवृत्ति में अन्तर आने से कुन्टेलाइज़ेशन की शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थी वर्ग की मनोवृत्ति पर सुविधा प्रभाव वैज्ञानिक अध्ययन से परिलक्षित होता है।

वास्तविक रूप से सोचने वाले प्रत्येक नागरिक के मन में अपने बच्चों को शिक्षित करने की प्रवृत्ति में विकास हुआ है। वैज्ञानिक समय में शिक्षा ने अपना उचित स्थान समाज में बनालिया है। प्राचीन समय में व्यक्तियों का ज्ञान सीमित था। मानव सभ्यता का विकास इतना नहीं हुआ था, जितना वैज्ञानिक समय में उपलब्ध है। प्रारम्भिक शिक्षा संस्कार व्यक्ति को परिवार के माध्यम से ही प्राप्त होता है। ज्ञान की खोज में व्यक्ति को अपनी पारिवारिक सीमाओं से बाहर नहीं जाना पड़ता था। सभ्यता के विकास के साथ-साथ यह आवश्यक सा प्रतीत होने लगा कि समाज में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को संस्कारों से अलग कराया जाये एवं औपचारिक शिक्षण संस्थाओं की आवश्यकता प्रतीत हुई। मानव ज्ञान में वृद्धि के फलस्वरूप समाज सरल से जटिल प्रवृत्ति की ओर अग्रसर हुआ।

मानव एवं समाज एक दूसरे के परिपूरक हैं । यह एक सिक्के के दो पहलू के समान है एवं इन्हें विलग किया जाना नितान्त असंभव है । मानव समाज में जन्म लेने वाला प्रत्येक व्यक्ति एक महत्वपूर्ण इकाई होता है । इस इकाई की उचित शिक्षा से मुक्त नहीं किया जा सकता है । इसके बावजूद समाज का व्यक्तिगत अस्तित्व सम्भव नहीं है । इस प्रकार समाज सुधार को व्यक्ति सुधार से ही सम्भव बनाया जा सकता है और यह व्यक्ति सुधार शिक्षा नीतियों में आमूल परिवर्तनों से ही सम्भव है। समाज में शिक्षण संस्थायें सबसे आवश्यक अंग हैं । इन शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से विद्यार्थी वर्ग को अपना बौद्धिक विकास करने का उचित अवसर मिलता है । प्राचीन गुरुकुल शिक्षा पद्धति का यहाँ उल्लेख करना पुनः आवश्यक होगा कि विद्यार्थी ब्रह्मचर्य आश्रम की अवस्था में घर परिवार से दूर रह कर गुरुजनों से शिक्षा प्राप्त किया करते थे ।

वर्तमान शिक्षा प्रणाली में विभिन्न स्तरों पर सुधारों की बहुत आवश्यकता है । इसके लिये कई ऐतिहासिक कारण उत्तरदायी हैं । वर्तमान समय में निरक्षता एवं से उच्च शिक्षा के व्यापक तौर से देशों में एक भ्रान्ति पैदा कर दी है । भारत वर्ष को शिक्षा की दृष्टि से पिछड़ा क्षेत्र कहा जाता रहा है, जो इस भ्रान्ति का उचित प्रभाव देखने को मिलता है । मुल्तेकाल क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं से सम्बन्धित वर्तमान शोध अध्ययन के व्यापक को उपलब्ध तथ्य सामने आये हैं उनसे स्पष्ट होता है कि शिक्षा के प्रति इस क्षेत्र के नागरिकों की जागरूकता में वृद्धि हुई है । राष्ट्रीय हित में इस प्रकार की शिक्षा का उचित नीति-निर्धारण होना चाहिये जिससे कि छात्र सहजता उचित रूप से ज्ञान अर्जन करने के पश्चात उपयोगी कार्य कर सकें । शिक्षण

अध्याय ५

छात्र नेतृत्व का राजनीतिक विवरण

1. सामान्य विवरण
2. नेतृत्व के प्रकार
3. राजनीतिक गतिविधियाँ
4. विश्लेषण

1. सामान्य विवरण :-

अंतिम अध्याय में हम नेताओं की राजनीतिक गतिविधियों के बारे में प्राप्त जानकारी का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। सामाजिक व्यवस्था में अन्तर्गत राजनीतिक क्रियाशीलता व्यक्ति में अन्य सामाजिक क्रियाओं के समक्ष विकसित होती है। व्यवस्था आचरण एवं उसके नियन्त्रण हेतु सामाजिक नियन्त्रण की व्यवस्थाएँ प्रत्येक समाज में सभ्यता के विकास के साथ-साथ विकसित होती रही। स्वेच्छा से प्रारम्भ करने वाले आदिम समाजों में संगठित नियन्त्रण की व्यवस्था विद्यमान नहीं थी। एक सार्वभौम सत्ता की तरह व्यक्तियों ने स्वतः नियन्त्रण की प्रक्रिया अपनाई होगी एवं इस प्रक्रिया के फलस्वरूप सामाजिक नियन्त्रण के प्रतिमानों का उद्भव सैकड़ों हो सका। कई हजार वर्षों के पश्चात संस्कृति एवं सभ्यता सामाजिक गतिशीलता के फलस्वरूप वर्तमान रूप प्राप्त कर सके। विश्व के किसी भी देश में इस बात को नकारा नहीं जा सकता है कि व्यक्ति का राजनीतिक उद्भव समाज के अन्तर्गत कहीं होता हो। सैद्धान्तिक रूप से इस दिशा में कई समाज वैज्ञानिकों प्रयास किये गये। इन प्रयासों के फलस्वरूप समाज वैज्ञानिक कुछ सीमा तक यह निर्धारित करने में सफल हुये हैं कि सामाजिक व्यवस्था के अन्तर्गत राजनीतिक गतिविधियों की आवश्यकता क्यों पड़ती है।

मानव अपनी आवश्यकताओं के अनुसार सामाजिक प्राणी कहा जाता है। प्रारम्भिक आवश्यकताएँ जैसे भोजन की व्यवस्था, सुरक्षा एवं विकास के लिये उचित पर्यावरण की प्रमुख है। इन आवश्यकताओं में से किसी एक कमी का सृजन होने पर व्यक्ति के मन पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। जब असन्तोष की सीमा पहुँचती है तो जैविकीय एवं सामाजिक पर्यावरण व्यवस्था गतिविधियों के फलस्वरूप व्यक्ति उग्र रूप धारण करता है। इस अवस्था में सामान्यतः व्यक्ति अपनी वास्तविक मनोदशा को खो देता है।

किसी भी असामाजिक या विध्वंसकारी कार्य को सुनते हैं उनको बदले की भावना के फलस्वरूप व्यक्ति करने की सोचता है । सामाजिक विकास की विभिन्न अवस्थाओं में सामाजिक नियन्त्रण के तौर-तरीके मूल्य परिवर्तित होते रहे हैं ।

जाति प्रथा के उद्भव से सामाजिक स्तरीकरण की प्रक्रिया ने निश्चित रूप से समाज व्यवस्था में राजनैतिक गतिविधियों को तीव्रता प्रदान की है । इस व्यवस्था के फलस्वरूप उच्च वर्गीय व्यक्तियों ने निम्न वर्गीय व्यक्तियों का शोषण प्रारम्भ किया और इसी शोषण की पृष्ठ भूमि में विभिन्न उग्रवादी गतिविधियों की शुरुआत हुई । किसी घटना से प्रेरित होकर व्यक्ति स्वतः को तैयार करने का प्रयास करता है एवं इसका प्रभाव उसके व्यक्तित्व पर स्पष्ट रूप से पड़ता है । समाज के अन्य सदस्य इस प्रकार के व्यक्तित्व को भली-भाँति अवलोकित करते हैं ।

सामाजिक व्यवस्था का व्यक्तित्व निर्माण में निश्चित रूप से सक्रिय योगदान होता है । इस दिशा में स्थिति एवं कार्यों का स्पष्ट मूल्यांकन किया जाना चाहिये । स्थिति व्यक्ति के लिये वह स्तर होती है जो वह जन्म, विवाह, अन्य, शारीरिक अवस्थायें एवं अपने सामाजिक दायित्वों से प्राप्त करता है । इसके सम्मुख कार्य वह व्यवस्था है जो व्यक्ति किसी स्थिति विशेष में कार्यान्वित करता है । कुप्पाया समाज-शास्त्रीय अभिलेखों में 111 प्रदत्त स्थिति एवं 82 अर्जित स्थिति की विवेचना उपलब्ध है । एक प्रदत्त व्यवहार स्थाई प्रतिमान को परिभाषित करता है, तथा आन्तरिक क्रियाँ से जो कि क्रियात्मक अनुक्रमों को स्थान देते हैं, नियन्त्रित होता है । व्यवहार का यह प्रतिमान अनेक व्यक्तित्व

संबन्धी सूचनाओं का विश्लेषण किया जाता है, जो कि एक व्यक्ति के आन्तरिक हितों की स्थाई प्रतिक्रिया को चित्रित करते हुये होते हैं। किन्तु व्यवहार के गुणों को जो कि आन्तरिक हितों की अनुक्रियाओं को परावर्तित करते हैं, व्यवहार के उन गुणों से जो कि बाह्य आवश्यकताओं की स्थाई अनुक्रियाओं को परावर्तित करते हैं, से किस प्रकार भिन्न किया जा सकता है। बाद की विशेषताएँ स्पष्ट अर्थों में व्यक्तित्व की विशेषतायें नहीं हैं, अपितु सामाजिक संरचना तथा सांस्कृतिक प्रकारों के प्रभावों के लिये व्यक्तिगत अनुकूलन के ढंग हैं। मर्फी 1949 । उदाहरण के तौर पर जब एक व्यक्ति विशिष्ट बाह्य आवश्यकताओं की अनुक्रिया में कुछ भूमिकाओं अथवा अन्य प्रभावों से पीछे हटता है अथवा अपने आप को उनके अनुकूल बनाता है, तो वह कम या अधिक स्थाई अनुक्रियाओं के प्रकारों को व्यक्त करता है जो कि उसके व्यक्तित्व की विशेषताओं पर आवश्यक रूप से व्यापक नहीं है।

यहाँ पर यह निहित अनुमान है कि सामाजिक संरचना तथा सांस्कृतिक प्रकार व्यक्तियों पर प्रभाव डालने के लिये कार्य करते हैं, तथा जो व्यवहार के एक या दूसरे वैकल्पिक ढंग को प्रकट करते हैं। व्यक्तिगत अनुकूलन के वैसे प्रकार अक्सर अस्पष्ट रूप से व्यक्तित्व की विशेषताओं के रूप में पहचाने जाते हैं। व्यक्तित्व की विशेषतायें अनुकूलन के प्रकारों से अधिक भिन्नता नहीं रखती है।

सामाजिक व्यवस्थाओं के अन्तर्गत किसी भी क्षेत्र में अभिविन्यास होने से अलग रहने वाले सदस्य इन अभिविन्यासों का विरोध करते हैं। इस विरोध को प्रदर्शित करने के लिये विभिन्न प्रकार के छोटे-छोटे संगठन बनाये जाते हैं। स्थानीय रूप पर यह छोटे संगठन व्यापक गतिविधियों में अवरोध उत्पन्न करने की चेष्टा करते हैं। इन संगठनों में

मार्ग निर्देशन एवं क्रियान्वयन की दृष्टि से सम्पूर्ण उत्तर दायित्व एक व्यक्ति पर सौंपा जाता है । यह व्यक्ति संगठन के अन्य सदस्यों से परामर्श कर आवश्यक अग्रिम कार्यवाही हेतु तत्पर रहता है । वास्तविक रूप से यही नेतृत्व की सीमा है ।

2. नेतृत्व के प्रकार :-

समाज-शास्त्रीय कारकों की व्यापक सीमा होने के कारण व्याख्याएं एवं तात्पर्य विभिन्न प्रकार के होते हैं । समाज- मनोवैज्ञानिक क्षेत्रों में इस दृष्टिकोण से अनेकों प्रयास हुये हैं और यह निर्धारित करने की कोशिश की गई है कि व्यक्ति में नेतृत्व सम्बन्धी गुण किस मुख्य सामाजिक कारक पर निर्भर करता है जैसेकि एर्स मिल 1940, हेनसेल 1953, न्यूकोम्ब 1950, मुर्फी 1954, होमेन्स 1950, लाजेन्फल्ड एवं बरलसन 1949, किम्बाल एवं पार्सन्स 1954, गोर्डन 1920, कोन्डे 1915, रिग्ले 1926, बार्नेस 1928, नाके 1930, बोगार्डस 1934।

किम्बाल एवं पार्सन्स ने नेतृत्व को किस प्रकार वर्गीकृत किया है उसका प्रारूप तालिका संख्या 40 में दर्शाया गया है । इस वर्गीकरण में विभिन्न समाजशास्त्रियों एवं मनोवैज्ञानिकों द्वारा प्रतिपादित गुणों को भी उचित स्थान दिया गया है ।

3. राजनैतिक गतिविधियां :-

बुन्देलखण्ड क्षेत्र की विधान सभाओं से जो सात प्रतिनिधि वर्तमान लोक सभा में सैद्धान्तिक किये गये हैं उनके द्वारा विभिन्न प्रकार की राजनैतिक गतिविधियों का विवरण वर्तमान अध्याय का मुख्य विषय है । इस संदर्भ में यह उल्लेखनीय है कि सात क्षेत्रों की सामान्य अभिरुचि किसी राजनैतिक गतिविधियां

तालिका संख्या 40 मैत्रुत्व का वर्गीकरण *

क्रम संख्या	मैत्रुत्व के प्रकार	समाज वैज्ञानिकों का विवरण	
1.	इन्ट्रोवर्ट/अम्बीवर्टिव	गोपिन	1920
2.	कम्पैनी/एक्सपेन्ट्स/पिक्चेन्टेटिवा	डानमे	1945
3.	कायनिटिव/अम्बीवर्टिव	रिवस	1926
4.	कन्फ्लिक्ट/कोर्स आफ इन्टेक्ट	वाकेर	1928
5.	फिक्सिव/इन्ट्रोवर्ट	नार्के	1930
6.	ओर्टिव/डायनामिक	"	"
7.	इम्प्रेसी/एक्सप्रेसी	"	"
8.	एडेप्टिव-डायनामिक/डायनामिक-इन्फ्लुएन्सिव	"	"
9.	पार्सेटिव/डाइरेक्ट	"	"
10.	कनवर्ट/स्पेसिफिकाइन्ड	"	"
11.	टेम्पोरेरी/परमानेन्ट	"	"
12.	डाग्निक्स/प्रोग्नोसिस	"	"
13.	प्रोजेक्शन/आब्जेक्ट	"	"
14.	पर्सेप्ट/इम्प्रेशन	"	"
15.	डायरेक्ट/इनडायरेक्ट	बोगार्डस	1934
16.	सोशल/सेक्स	बोगार्डस	1934
17.	ओटोमेटिव/रेटरनेशिस्टव/टेलीलेक्ट	"	"
18.	इन्ट्रोवर्ट/विलोवर	वर्नन	1934
19.	स्लाव ड्राइव/मास सीकर/पर्सनेलिटेरियन	वर्नन	1934

* सीजर सिम, साइकोलोजी एण्ड आर्गेनाइजेशन सिद्धेन्थियरी एण्ड प्रैक्टिस 1960.

उत्प्रेरित होती है उनका विवरण भी प्रस्तुत किया गया है। मुख्य रूप से छात्र गति विधियों को शिक्षण संस्था एवं प्रशासनिक कार्यवाहियों के सापेक्ष मूल्यांकित करने का प्रयास किया गया है। शिक्षण संस्थाओं में व्याप्त नियन्त्रण के संदर्भ में छात्र नेताओं की आवश्यकता का मूल्यांकन वर्तमान अध्याय का प्रमुख उद्देश्य है।

वर्तमान सर्वेक्षण में छात्र यूनियनों के विभिन्न पदों पर आसीन उत्तरदाताओं का प्रतिशत 0.8% से 3.2% तक रहा है। इस सर्वेक्षण में 8% छात्र नेता को पिरोयी छात्र के रूप में शामिल किया गया है। शोध अध्ययन की सुविधा के लिये विभिन्न योग्य छात्रों को किसी अवि छात्र यूनियनों की क्रिया विधि में सम्बद्धता से भी उन्हें भी समायोजित किया गया है एवं उनका प्रतिशत 72.4% है (तालिका सं० 41)।

छात्र नेताओं से प्राप्त जानकारी से स्पष्ट होता है कि छात्र संस्थाओं में व्याप्त अनियमितताओं से प्रेरित होकर 76.4% नेता छात्र आन्दोलनों के पक्ष में हैं। इसके विपरीत केवल 23.6% प्रतिशत छात्र नेता छात्र आन्दोलनों के पक्ष में नहीं है और यह प्रतिशत उन छात्र नेताओं का हो सकता है जो राजनैतिक दृष्टि से अधिक महत्वाकांक्षी नहीं हैं एवं सर्वेक्षण की अवधि में शारीरिक रोगग्रस्त हो जाने के कारण छात्रों के नेतृत्व में समायोजित कर लिए गये हों। (तालिका सं० 42)

समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण वर्तमान शोध प्रबन्ध से स्पष्ट होता है कि छात्र वर्ग की गतिविधियों के लिए राजनैतिक दल सदैव जिम्मेदार नहीं होते हैं। इस सर्वेक्षण से प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण करने से स्पष्ट होता है कि 92.8% प्रतिशत उत्तरदाताओं

तालिका संख्या 41 खेल खेलाड़ियों का खेल समिति के पदों के अनुसार वर्गीकरण

क्रम संख्या	पद	उत्तर-दाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	अध्यक्ष	5	2%
2.	उपाध्यक्ष	5	2%
3.	सचिव	7	2.8%
4.	सहसचिव	3	1.2%
5.	सांस्कृतिक सचिव	6	2.4%
6.	सहसांस्कृतिक सचिव	5	2%
7.	क्रीड़ा सचिव	8	3.2%
8.	सह क्रीड़ा सचिव	3	1.2%
9.	कोषाध्यक्ष	5	2%
10.	सह कोषाध्यक्ष	2	0.8%
11.	खेल विरोधी दल	20	8%
12.	अन्य सहयोगी खेल खेल	181	72.4%
	योग	250	100%

तालिका संख्या ५२ छात्र नेताओं के या - छात्र आन्दोलनों से सम्बन्धित

क्रम संख्या	छात्र आन्दोलनों के पक्ष में	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	हाँ	191	76.4%
2.	नहीं	59	23.6%
	योग	250	100%

के अनुसार राजनीति में भाग लेना चाहिए एवं 7.2% प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार छात्रों को सक्रिय राजनीति में भाग नहीं लेना चाहिए तालिका संख्या 43। यह प्रतिशत उन छात्रों का हो सकता है जो वर्तमान समय में नेतृत्व का गुण रखने के कारण समायोजित हो गये हों फिर भी भविष्य के प्रति जागरूक होने के कारण उन्होंने नकारात्मक उत्तर दिया हो। इस विश्लेषण में 86% प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार राजनीति में भाग लेने से रोजगार प्राप्त करने में सुविधा होती है। व्यवसायिक क्षेत्रों में बढ़ती हुयी प्रतिस्पर्धा में अपने को अग्रणी स्थान दिलाने के लिये छात्रों के अनुसार सक्रिय राजनीति उपयोगी है।(चित्र सं० 9)

अब एक अन्य छात्रा प्रतिनिधि जो कि उपाध्यक्ष पद पर आसीन है, होस्टल के डैन्टीन में सम्पर्क स्थापित किया गया । उसने समय की कमी को बताते हुये भोजन के साथ-साथ विषय पर चर्चा करने की इच्छा व्यक्त की तथा शोध कर्ता को भी भोजन के लिये आमन्त्रित किया । विस्तृत जानकारी से ज्ञात हुआ कि वह कानपुर के विचारों से प्रभावित एक मध्यमवर्गीय परिवार की है । वह 20 वर्षीय सुन्दर व्यक्तित्व वाली वैश्य जाति की कन्या है तथा एम० बी०बी०एस० द्वितीय वर्ष की छात्रा है, शोधकर्ता ने जब अपने कार्य को शोध से सम्बन्धित बताया और उसकी राय जानने का प्रयत्न किया तो उत्तरदाता ने कहा कि "यह बहुत ही महत्वपूर्ण शोध कार्य है, एवं इस प्रकार के कार्य शिक्षण संस्थाओं के स्तर में किये जाने चाहिये । प्रजातन्त्रिक दृष्टिकोण से छात्र-छात्राओं को दबाया नहीं जाना चाहिये । संविधान में जब यह प्रावधान निर्धारित किया गया है कि व्यक्ति को बोलने एवं वोट देने का अधिकार है तो शिक्षण संस्थाओं में भी इनका उपयोग किया जाना चाहिये ।"

३४। एक अन्य छात्र प्रतिनिधि से हॉस्टल के कमरे में जाकर सम्पर्क स्थापित किया गया। छात्र बड़ा ही प्रफुल्लित दिखाई दे रहा था। कुर्ता पैजामा पहने हुये पलंग पर लेट कर किसी उपन्यास का अध्ययन कर रहा था। पहले तो शोधकर्ता को देखकर उसने कुछ नाराजगी प्रकट की परन्तु बाद में शोध कर्ता का उद्देश्य ज्ञात होने पर बड़े ही अच्छे व्यवहार से पेश आया। विस्तृत जानकारी से पता चला कि दूसरे दिन अवकाश होने के कारण वह आराम से समय व्यतीत कर रहा था। अन्य जानकारी से पता चला कि वह एक उच्च आर्थिक स्तर वाले वैश्य जाति के परिवार का सदस्य है। उसकी आयु 23 वर्ष और एम०बी० बी०एस० की अन्तिम वर्ष का छात्र है। उसे शोध विषय पर अपनी राय प्रकट करने के लिये कहने पर उसने उत्तर दिया कि "वैसे तो हम सभी राजनैतिक गतिविधियों से परिचित हैं, फिर भी सक्रिय छात्र राजनीति क्या कॉलेजों के कालेजों में अधिक होती है, क्योंकि उन्हें कोई प्रायोगिक कार्य नहीं करने पड़ते हैं। व्यवसायिक शिक्षण संस्थाओं में छात्र-छात्राओं की आवश्यकताओं को उचित रूप से प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिये छात्र समितियों की आवश्यकता है।"

14। माध्यमिक विद्यालय

वर्तमान सर्वेक्षण की अवधि में जिन माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों से सूचना एकत्र की गई उनमें वस्तुतः कोई छात्र यूनियन नहीं थी। इसके लिये कक्षा प्रतिनिधियों से जानकारी प्राप्त की गई।

15। माध्यमिक शिक्षण संस्था के एक कक्षा प्रतिनिधि से शिक्षण संस्था के बाहर की कुछ सम्बन्धित तथ्यों के बारे में जानकारी एकत्र की गई तो ज्ञात हुआ कि वह मध्यम वर्गीय सुखी परिवार एवं वैश्य जाति का है, उसकी आयु 15 वर्ष तथा 9वीं कक्षा का छात्र था। शोध विषय के बारे में उसका कहना था कि " छात्रों इस जानकारी का हमारे कक्षाध्यापक या प्रधानाचार्य को पता नहीं चलना चाहिये।" उसके विचार से प्रत्येक छात्र को शिक्षण संस्था की राजनीति में खुलकर भाग लेना चाहिये।

16। एक अन्य माध्यमिक शिक्षण संस्था के कक्षा प्रतिनिधि से सम्पर्क स्थापित किया गया। स्कूल के चौराहे पर स्थित पान की दुकान पर उससे चर्चा हुई। चर्चा के माध्यम से पता चला कि वह छात्र एक अच्छे सुखी परिवार का सदस्य है और ठाकुर जाति का है। उस 20 वर्षीय 12वीं कक्षा के विद्यार्थी के चेहरे से उम्र से अधिक प्रौढ़ता नजर आ रही थी तथा नेतागीरी की भावना झलक रही थी। वह अपनी कक्षा में लगातार 2 वर्ष से अनुत्तीर्ण हो रहा था, फिर भी कक्षाध्यापक उसको कक्षा प्रतिनिधि इसलिये बना देते थे जिससे वह अन्य छात्रों पर नियन्त्रण रख सके। छात्र सम्बन्धित तथ्यों के बारे में जानकारी एकत्र की गई तो उसने कहा कि "छात्र देश की राजनीति के बारे में हम ज्यादा नहीं जानते हैं, पर जहाँ तक हमारे कालेज का सवाल है हमारे प्रधानाचार्य महोदय सभी ज्यादा राजनीति करवाते हैं।"

अ॥ एक अन्य शिक्षण संस्था की एक छात्रा कक्षा प्रतिनिधि से शिक्षण संस्था में ही सम्पर्क स्थापित किया गया। विस्तृत विवरण से पता चला कि यह छात्रा एक मध्यम आर्थिक स्तर वाले परिवार एवं ब्राह्मण जाति की है। उसकी आयु 19 वर्ष तथा 12वीं कक्षा की छात्रा है। छात्रा से सामान्य सी चर्चा में यह बताया कि वर्तमान कार्य शोध से सम्बन्धित है इस बारे में आपकी क्या राय है? पहला तो प्रश्न उसका यह था कि "यह शोध कार्य क्या होता है।" दूसरा उसका कहना था कि " हम लोग अपने अध्ययन में व्यस्त रहते हैं और अध्ययन के बाद घर के कार्यों में भी हाथ बटाना पड़ता है, अतः राजनैतिक विषय में भाग लेने का सवाल ही पैदा नहीं होता। वैसे भी छात्र-छात्राओं को राजनीति से दूर रहना चाहिये।"

अ॥ माध्यमिक शिक्षण संस्था की एक अन्य छात्रा प्रतिनिधि से सम्पर्क स्थापित करने पर विस्तृत जानकारी से पता चला कि वह एक अध्य वर्गीय परिवार तथा ब्राह्मण जाति की है। उसके पिता किसी फैक्ट्री में सुपरवाइजर हैं, अतः आर्थिक दृष्टि से उसके अच्छे रहन-सहन का पता चलता था। उसकी आयु 19 वर्ष तथा 12वीं कक्षा की छात्रा है। जब उससे यह कहा गया कि वर्तमान जानकारी शोध कार्य के लिये एकत्र की जा रही है तो उसने कहा कि "हमारे पाठ्य क्रम में भी वनस्पति शास्त्र के विषय में परियोजनाएँ दी हैं। यदि राजनीति से शिक्षण संस्था को दूर रखा जाये तो विद्यार्थियों एवं देश का सर्वांगीण विकास हो सकता है।

अ॥ शिक्षण संस्था के एक अन्य कक्षा प्रतिनिधि जो कि निम्न आर्थिक स्तर वाले परिवार तथा पिछड़ी जाति का है, से विस्तृत जानकारी से पता चला कि वह 11वीं कक्षा का 18 वर्षीय छात्र है।

चर्चा में उनसे यह बताया गया कि वर्तमान कार्य शोध से सम्बन्धित है तो उसने सरल भाव से उत्तर दिया कि "साहब यह शोध वगैरह तो हम जानते नहीं हैं, आप तो एक-एक करके प्रश्न पूछते चलें, जो हम जानते होंगे उनका हम जवाब देंगे, और जो नहीं जानते होंगे उनका जवाब नहीं देंगे। रही बात छात्र राजनीति के सम्बन्ध में तो अपनी बात कहने का सभी को अवसर प्रदान किया जाना चाहिये।

1.8. विश्लेषण

उपर्युक्त व्यक्तिगत अध्ययनों से जो उपयोगी सूचनायें प्राप्त हुई हैं। उनका विश्लेषण तालिका (50) में दिया जा रहा है।

उपर्युक्त तालिका की व्याख्या करने से स्पष्ट होता है कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न जाति के प्रतिनिधि वर्तमान क्रीड़ा में (1:1) में प्राप्त हुये हैं जिससे स्पष्ट होता है कि व्यवसायिक दृष्टि से सम्पन्न परिवारों में छात्रों को शिक्षण संस्थाओं में कुछ रूप से नेतृत्व का अवसर मिला है। वर्तमान 20 व्यक्तिगत अध्ययनों में पिछड़ी जाति के मात्र 3 प्रतिनिधि प्राप्त हुये हैं, जो ब्राह्मण जाति से प्राप्त प्रतिनिधियों की संख्या से समानता रखते हैं (1:1)। आयु समूह का वर्गीकरण करने से स्पष्ट होता है कि 20 से 25 वर्ष के युवा छात्र-छात्राओं में शिक्षण संस्थाओं की राजनीति एवं देश-विदेश की घटनाओं के बारे में जानकारी है। 20 वर्ष से कम आयु के छात्र क्षेत्रों में राजनीतिक जानकारी तुलनात्मक दृष्टि से कम दिखायी है।

तालिका संख्या 150 : व्यक्तिगत अध्ययन पर आधारित उपलब्ध तथ्य

क्रम संख्या	शिक्षण संस्थायें		जाति	आयु (वर्ष)	शिक्षा	आर्थिक स्तर
1.	डी.ए.वी. महाविद्यालय	1	ठाकुर	25	एम.ए. द्वितीय वर्ष	उच्च
		2	ठाकुर	20	एम.ए. प्रथम वर्ष	निम्न
		3	ठाकुर	20	एम.ए. द्वितीय वर्ष	मध्यम
		4	पिछड़ी जाति	20	बी.ए. द्वितीय वर्ष	निम्न
		5	वैश्य	20	एम.ए. द्वितीय वर्ष	उच्च
2.	डी.ए.वी. महाविद्यालय	1	ठाकुर	20	बी.ए. द्वितीय वर्ष	मध्यम
		2	यादव	19	बी.ए. द्वितीय वर्ष	मध्यम
		3	वैश्य	22	एम.ए. द्वितीय वर्ष	उच्च
		4	जैन	22	एम.ए. द्वितीय वर्ष	उच्च
		5	पिछड़ी जाति	18-20	बी.ए. प्रथम वर्ष	निम्न
3.	वैज्ञानिक कालेज	1	वैश्य आगरा	22	एम.बी.बी.एस. चतुर्थ	उच्च
		2	ब्राह्मण आगरा	23	एम.बी.बी.एस. पंचम	मध्यम
		3	ठाकुर आगरा	21	एम.बी.बी.एस. तृतीय	उच्च
		4	वैश्य आगरा	20	एम.बी.बी.एस. द्वितीय	मध्यम
		5	वैश्य आगरा	23	एम.बी.बी.एस. फाइनल	उच्च
4.	माध्यमिक विद्यालय	1	वैश्य आगरा	15	9वीं कक्षा	मध्यम
		2	ठाकुर आगरा	20	12वीं कक्षा	उच्च
		3	ब्राह्मण आगरा	19	12वीं कक्षा	मध्यम
		4	ब्राह्मण आगरा	19वीं	12वीं कक्षा	उच्च
		5	पिछड़ी जाति आगरा	18	11वीं कक्षा	निम्न

अध्याय १

उप तैयार

1. तपीश
2. सिरीज
3. सुझाव

।। । समीक्षा

वर्तमान अध्याय पिछले सम्पूर्ण अध्यायों की एक संक्षिप्त समीक्षा है । यह उन मुख्य परिभाषाओं, क्षेत्रों एवं सिद्धान्तों का मूल्यांकन करेगा जो दुन्देलखण्ड क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं के संदर्भ में छात्र नेतृत्व से जुड़ी हुई है । प्रारम्भ में यह आवश्यक होगा कि नेतृत्व की मूल व्याख्याओं को समझा जाये । इस दिशा में विभिन्न दार्शनिकों के विचारों का संक्षिप्त विवरण सम्भव नहीं है । यद्यपि इस दिशा में जो वैचारिक प्रगति समय: समय: हुई है, उसका यहाँ संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया जा रहा है ।

वर्तमान शोध कार्य के विषय में समय-समय पर छात्रों से चर्चा करने पर विभिन्न विचारों सामने आते रहे हैं । छात्रों के स्थायित्व बनाने के लिये वर्तमान शिक्षा को स्थायी रोजगार परक बनाने पर बल दिया जाये । पिछड़े वर्गों के आरक्षण की व्यवस्था को या तो समाप्त किया जाये या फिर उसका आधार जातीय न होकर आर्थिक रखा जाये । छात्रों, चुनावों जैसी अन्य सामाजिक समस्याओं के लिए चुना वर्ग को स्वयं पहलना चाहिए तथा विरोध करना चाहिए । असामाजिक तत्वों को विद्यालयों में प्रवेश न दिया जाये । छात्र संघ चुनावों में पैसे की बरबादी रोकी जाये तथा विद्यालयों को हिंसा का केन्द्र न बनने दिया जाये । परीक्षाओं में नकल की प्रवृत्ति को रोका जाये ।

उपरोक्त विचारों का अधिकांश छात्र नेताओं ने सामान्य चर्चा में भी व्यक्त किया है । इनके क्रियान्वयन के लिए उन्होंने कहा कि सामाजिक और राजनीतिक चेतना एवं नेतृत्व के गुणों को विकास के लिए सभा-विद्यालयों में छात्र संघों के चुनाव आवश्यक हैं । छात्र-छात्राओं को राजनीति में रुचि रखनी चाहिए । जिले आय के अन्त राजनीतिक

वातावरण को दूर किया जा सके । छात्र स्थानीय राजनीति में भाग लेने से अपने उद्देश्य से विमुख नहीं होते हैं । बल्कि अपने आपको अच्छा तरीकों से उभारने के लक्ष्य से विमुख हो जाते हैं । आज नयी पीढ़ी को प्रगतिशील विचारों को अपनाना है और सामाजिक कुरीतियों को दूर करना है । दहेज और बलात्कार जैसी समस्यायें जो आज भी नारी का शोषण कर रही हैं, दूर करने के लिये युवकों को ही आगे आना है।इन चुनावों के विरुद्ध जन जागृति पैदा करनी है । छात्र नेताओं को ऐसे कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी जिससे उनका उद्देश्य छात्र नेता सप्ताह, पत्रिका प्रकाशन और राजनीति के अतिरिक्त समाज के रचनात्मक कार्यों को पूरा करना हो । छात्र संघ चुनावों में यदि छात्र आपसी प्रतिद्वन्द्वता त्याग दें तो पैसे की बर्बादी रोकी जा सकती है । सामान्य वर्ग में एक आम धारणा ने सह-शिक्षा को अधिक नहीं माना है । उनका कहना है कि छात्राएँ छात्रों के प्रभाव के कारण अपना स्वयं का व्यक्तित्व स्थापित नहीं रख पातीं तथा सह-शिक्षा अनुशासनहीनता का एक कारण है ।

छात्र संघों के चुनाव में देश के राजनीतिक दलों का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिये । साथ ही साथ जो राजनीतिक दल अपने स्वार्थों की सिद्धि के लिये छात्रों को दल का सदस्य बनाते हैं या उनका इस्तेमाल करते हैं,यह भी नहीं होना चाहिये । राजनीति में आने से छात्र शिक्षा के उद्देश्य की पूर्ति नहीं कर पाते हैं । आज की राजनीति के कारण ही छात्रों में गुटबाजी, जाति-वाद एवं सैन्य की भावना पनप जाती है। प्रत्येक राजनीतिक दल इस प्रयास में रहते हैं कि देश की अधिक से अधिक छात्र शक्ति उनके साथ रहे । छात्रों को राजनीतिक दलों से सदस्य रहकर असामाजिक कार्यों का विरोध करना चाहिये । छात्रों को जातिवाद तथा क्षेत्रवाद की राजनीति का विरोध करना चाहिये । यदि ऐसा नहीं होता तो निश्चित ही आतंकवाद और अलग जैसी समस्यायें हर पल बढ़ी हो सकती हैं क्योंकि आज बीहों

की राजनीति में जितना बढ़ावा जातिवाद को दिया है उतना ही वर्ग संघर्ष पनप रहा है। शिक्षण संस्थाओं में ये सभी समस्यायें पनप रही हैं। जाति-वाद और क्षेत्रवाद की राजनीति शिक्षा एवं देश के लिये समस्या बन गई है। इसलिये राजनीति के चंगुल से शिक्षा को आजाद करना होगा। ये राज-नैतिक दल ही हैं जो अपने स्वार्थपूर्ण कार्यों में हिंसा अनुशासनहीनता, उद्दंडता आदि को बढ़ावा दिलवाते हैं। ऐसे तत्वों से प्रशासन के सहयोग से छात्रों को निपटना होगा तथा असामाजिक तत्वों के महाविद्यालय में प्रवेश का विरोध करना होगा।

विश्वविद्यालय के छात्र संघों के चुनावों में अंधाधुन्ध पैसा खर्च किया जाता है। बाहरी राजनीति उसमें प्रविष्ट हो जाती है एवं उसके कारण पढ़ाई में रुकावट होती है। इससे विद्यार्थी वर्ग का बहुमूल्य समय नष्ट होता है। अनेकों अफवाहें फैलायें घोषित होती हैं। जिसके कारण अशांति फैला होती है। इस स्थिति का निदान आज नहीं तो कल करना ही होगा ताकि शिक्षा-क्षेत्र दूषित होने से बचाया जा सके।

इस सिलसिले में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अध्यक्षा डा० माधुरी शाह ने गुण्डागर्दी और हिंसा को रोकने तथा विश्वविद्यालय परिसरों में फैली हुई राजनीति को हटाने हेतु यह व्यवहारिक सुझाव दिया कि छात्र संघों के चुनाव समाप्त किये जायें। यह एक सुझाव है और इस पर सम्बन्धित पक्ष गम्भीरता से विचार करें। विश्वविद्यालयों में व्याप्त राजनीति हटाने का तात्पर्य है छात्र परिषद के चुनाव समाप्त करना। चुनाव के स्थान पर प्रतियोगिता के आधार पर छात्र परिषद गठित की जाये एवं उसके लिये छात्रों का मनोनयन किया जाये। अधिकांश विद्यार्थी छात्र संघों के चुनाव के कारण अध्ययन में पिछड़ जाते हैं। राजनैतिक दलों द्वारा समर्थित छात्र चुनावों में भारी खर्च करते हैं। शिक्षा मन्दिरों में अव्यवस्था, गुण्डागर्दी और हिंसा अधिकतर निहित स्वार्थों की शंका पर होती है। यही कारण है

कि कई निर्दोष छात्र ऊँची पढ़ाई में पिछड़े जाते हैं। डा० आर० का दृढ़ मत है कि प्रवीणता के आधार पर छात्रों को मनोनयन से विद्यालयों का वातावरण सुधर जायेगा और परिस्थितियाँ अनुकूल बन जायेंगी।

भारतीय अल्प संख्यक आयोग द्वारा किये गये एक अध्ययन के अनुसार छात्र अशांति के लिये बीच में निराशा और राजनीतिज्ञों द्वारा उनका शोषण उत्तरदायी है। श्री बी. एन. झुटा, जिन्होंने आयोग की ओर से अध्ययन किया है, ने पटना में कहा था कि राज्य में क्षेत्रीय राजनीतिज्ञों द्वारा दबाये जाने छात्रों के दल को अपने तरीके तथा कुछ प्रकरणों में अपने केन्द्र से अलग रखा जाना एक सामान्य बात है। युवकों की दुखद और विस्फोटक समस्या का कारण राजनीति में छात्रों की सम्बद्धता के साथ इतिहास को दुहराते हुये प्रतिदिन में चुनाव प्रचार की कार्य प्रणाली की ओर इंगित किया गया है, जिसमें छात्र राजनीतिज्ञों के लिये एक अनिवार्य आवश्यकता है।

नेतृत्व के गुणों के विषय में अनेकों शोध कार्य हो चुके हैं। अनेकों विद्वान इस विषय पर अपने विचार प्रकट कर चुके हैं। जिन अनेकों गुणों का वर्णन इन अध्ययनों में मिलता है उनका वर्तमान राजनैतिक नेताओं में अभाव है। वर्तमान समय में नेताओं के प्रति समाज में अच्छे विचार देखने को नहीं मिलते हैं। यद्यपि नेता व्यक्तियों से घिरा रहता है परन्तु उस नेता के प्रति अधिकांश व्यक्तियों के मन में आदर नहीं होता बल्कि कोई न कोई स्वार्थ निहित होता है। बिना किसी स्वार्थ के व्यक्ति नेता के पास जाने से भी कतराता है जिसका प्रमुख कारण नेतृत्व के गुणों का अभाव होना है। वर्तमान

समय में यह अनुभव किया जाता है कि वही व्यक्ति तकड़ा नेता बन सकता है जिसके पास एक शक्तिशाली शारीरिक संगठन, दाव पहलवानी, कुश्ती एवं मुख्य रूप से स्वास्थ्य हो। वर्तमान वर्षों में सभी गुण वह व्यक्ति पसन्द करते हैं जिन्हें अपने स्वार्थ इन्हीं साधनों से पूरे होते दिखाई पड़ते हैं। यद्यपि आम जनता इस प्रकार के गुणों को पसन्द नहीं करती है और इसी कारण से साधारण व्यक्ति नेता शब्द को अपमान-जनक समझता है। वर्तमान समय की विभिन्न संस्थाओं में भी छात्र-नेतृत्व के विकास में यही उपरोक्त बातें अनुभव की जा रही हैं।

यह अटल सत्य है कि युवा शक्ति एक बहुत बड़ी शक्ति है। यह शक्ति सामूहिक रूप से जिस तरफ भी जायेगी आँधी-तूफान की तरह सबको बहा देगी। इस तथ्य को राजनैतिक नेता भी पूर्ण रूप से अनुभव करते हैं। आज का प्रत्येक राजनैतिक नेता तथा राजनैतिक दल इस शक्ति को स्वार्थवश अपने साथ रखना चाहते हैं। यह बात विभिन्न संस्थाओं में छात्र समितियों के चुनाव के समय पूर्ण रूप से देखी जा सकती है। ये राजनैतिक दल छात्रनेताओं को आर्थिक मदद देते हैं तथा अन्य दूसरी सहायतायें भी करते हैं। फलस्वरूप छात्र नेता इन बड़े राजनैतिक नेताओं के बल पर समाज विरोधी कार्य करते हैं तथा उनके हाथ की कठपुतली बन कर रह जाते हैं।

उपर्युक्त बातों के आधार पर यह स्पष्ट होता है कि विभिन्न प्रकार के देशों में नेतृत्व के तात्पर्य व्यवहारिक दृष्टि से परिवर्तित होते रहते हैं। अतः यह आवश्यक है कि नेता अथवा छात्र नेता का सही अर्थ समझा जाये।

नायक अथवा नेता शब्द का अर्थ होता है ले जाना। अर्थात् ऐसा पुरुष जो समाज अथवा समूह को दिशा प्रदान करे। यह दिशा अभीष्ट उद्देश्य की ओर लक्षित करती है। इसका अर्थ है कि अभीष्ट

उद्देश्य का निर्णय करते हैं। समूह की आवश्यकता अथवा स्वयं नेता की अन्तर्दृष्टि से ? सच्चा नायक वही है जो अपने अनुयाइयों को अन्धे से सच की ओर, अन्धकार से प्रकाश की ओर ले जाये। जिससे अभीष्ट उद्देश्य की प्राप्ति हो सके। असतो मां सद्गमय, तमसो मां ज्योतिर्गमय - बी. एस. मूर्ति ता० 2026। जो नेता अनुयाइयों को उन्हीं के द्वारा बनाये गये उद्देश्य की ओर ले जाता है तो यह आवश्यक नहीं है कि वह अनुयाइयों को सदैव एक ही दिशा में ले जाता हो। इसके विपरीत जो नेता अपने मन चाहे मार्ग पर अनुयाइयों को ले जाता है वह भी आवश्यक रूप से अनुयाइयों को ध्येय की ओर नहीं पहुंचाता है। जब तक की सामूहिक रूप से उचित गन्तव्य का निर्णय न हो गया हो। जो नेता केवल अपने स्वार्थवश अथवा अल्प समूह की अनुचित मांगों के दबाव में आकर अनुयाइयों को सम्पूर्ण समूह के विपरीत चलाने का प्रयत्न करता है वह व्यापक अर्थ में नेता नहीं कहा जा सकता है। वास्तविक रूप से नेता में वह प्रतिभा होती है जिसके कारण वह अनुयाइयों को अपने आदेशानुसार अनुशासन करने का भाव विद्यमान रखता है।

भारत वर्ष में स्वतन्त्रता प्राप्ति के पूर्व नेता शब्द का बड़ा गौरव था। समाज के प्रत्येक क्षेत्र में चाहे वह धार्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक अथवा राजनैतिक हो। नेतृत्व के गुणों से परिपूर्ण व्यक्ति को सम्मानजनक दृष्टि से देखा जाता था। परन्तु स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद नेता शब्द का उपयोग केवल राजनैतिक क्षेत्रों तक ही सीमित रह गया है। ऐसा कह गया है कि स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद देश के नेताओं के कार्य-कलाप जन आशाओं के अनुरूप नहीं रहे हैं। अनेक अवसरों पर नेताओं के आचरण संदिग्ध और कभी-कभी निन्दित रूप से प्रकट हुये हैं। इसलिये वर्तमान समय में नेता के प्रति पूर्व जैसी धारणा का लोप हो रहा है।

नेता शब्द विशेष कर नेतागिरी के संदर्भ में । ऐसे पुरुष का द्योतक बन गया है जो खद्दर की वर्दी, गांधी आदि नेताओं के नाम और दूसरे किसी प्रतिष्ठा प्राप्त बाह्य चिन्हों को धारण करके परमिट लाइसेन्स और दूसरी लाभ की वस्तुओं को दलाली, घूस एवं अधिक आदि के बल पर प्राप्त करता है । यह नेता ऊँचे-ऊँचे सिद्धान्तों का उल्लेख करते हुये स्वयं अच्छे आचरणों में उत्साह नहीं दिखाते हैं । शब्दार्थ की दृष्टि से नेता जन-कल्याण के लिये नेतृत्व करने वाला है परन्तु वास्तविक रूप से व्यवहार में नेता इसके विपरीत आचरण करते हैं । इस धारणा के अनुसार किसी भी संगठित राजनैतिक दल अथवा विशेष तौर पर शैक्षिणिक संस्थाओं में विद्यार्थी वर्ग में प्रभावता रखने वाले को नेता कहा जाता है । यद्यपि अनेक स्थितियों में ऐसा नेता स्वयं सही रास्ते पर नहीं होते हैं । और न ही उनमें उचित नेतृत्व करने के गुण होते हैं । अतः वे अनुकरण अथवा आज्ञा पालन के पात्र नहीं होते हैं ।

जहाँ तक नेताओं में नेतृत्व के गुणों वाली बात है उन गुणों में सबसे महत्वपूर्ण यह है जिसके द्वारा नेता सम्पूर्ण समूह के लिये आदर्श का पात्र बन जाये । नेता को स्वयं स्वार्थ त्याग कर सामूहिक स्वार्थ को ध्यान में रखकर कार्य करना चाहिये । वर्तमान समय में सभी राजनैतिक नेता तथा दल छात्र समुदाय को अपने स्वार्थमय राजनैतिक मशीनरी के पुर्जों के रूप में उपयोग करने के प्रयास में लगे हुये हैं । यह विद्यार्थी समूह दिशा भूमिका है उन्हें सही मार्ग निर्देशन की आवश्यकता है जो यह नेतागण नहीं कर रहे हैं । उदाहरण के तौर पर श्री जय प्रकाश नारायण ने छात्रों तथा छात्रों को राजनीति में आमंत्रण किया था । परन्तु उचित मार्ग निर्देशन नहीं किया । जिस कारण तोड़-फोड़, लूट-पाट, गुण्डागर्दी तथा शिक्षा में व्यवधान आदि अधिक देखने को मिला । इस कारण उचित रूप से सरकार प्राप्त नहीं हो सकी है । इसी प्रकार से अन्य दूसरे राज-

नेतिकता को कुछ दलों के नाम से राजनीति में भाग ले रहे हैं तथा धर्म को साथ में लेकर चल रहे हैं। उनका सही ध्येय/मार्ग निर्धारण नहीं कर रहे हैं। उचित मार्ग निर्देशन के अभाव से छात्रों में असंतोष, अनुशासनहीनता शिक्षा के प्रति अरुचि तथा अन्य समस्यायें उत्पन्न हो रही हैं तथा वह पूर्ण रूप से दिशा भ्रमित दिखाई पड़ते हैं।

वर्तमान शोध कार्य की अवधि में शोधकर्ता को छात्र नेतृत्व के आधार से अपरोक्ष बातों का अनुभव हुआ। छात्र नेताओं से आत्म चर्चा में जो विचार आत हुये उन्हें आधारक रूप कर वर्णन किया गया।

वर्तमान मशीनी मानव की उत्पादन क्षमतायें सामाजिक कारणों पर अवलम्बित है। इन सामाजिक कारणों से व्यक्ति की स्वतन्त्रता, एक दूसरे को समझने की क्षमता, अनुभव एवं आपसी व्यवहारों को नियंत्रित करने में प्रभाव पड़ता है। वस्तुतः यह विषय ऐतिहासिक दृष्टि से अध्ययन का क्षेत्र रहा है। मानव व्यवहारों को समझने के लिये हमें उन विधियों एवं सिद्धान्तों को समझना होगा जिससे मानवीय आचरणों को सरल रूप में विश्लेषित किया जा सके। यह सर्वमान्य सत्य है कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। सामाजीकरण की प्रक्रिया के प्रथम चरण में यह स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है कि मनुष्य अपने संस्कारों पर अवलम्बित है। दीर्घ जीवन के विभिन्न स्तरों में एकाकी मानव का विकास सतत प्रक्रिया नहीं है।

व्यक्तिगत प्रभावों के फलस्वरूप सामाजिक व्यवस्था एवं सामाजिक नियंत्रण परिवर्तित होते रहते हैं। सैद्धान्तिक संस्थायें पूर्ण रूप से सामाजिक व्यवस्था की अवधारणायें हैं। शिक्षण संस्थायें विद्यार्थियों के सामाजिक व्यवहार और व्यक्तिगत प्रेरणायें सैद्धान्तिक एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं। इन व्यक्तिगत व्यवहारों का मूल्यांकन करने की दृष्टि से पर्यावरणीय कारकों का समझना आवश्यक होगा। सैद्धान्तिक

समीक्षाओं से स्पष्ट होता है कि नेतृत्व विभिन्न कारणों से उत्प्रेरित एवं नियंत्रित होता है।

समाज मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से नेतृत्व को सामाजिक व्यवस्था का मुख्य अंग माना गया है एवं यह विभिन्न कारणों से प्रभावी होता है। व्यवहारिक दृष्टि से उपयोगी नेतृत्व एवं विभिन्न कारकों का सम्बन्ध भिन्न प्रारूप में स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है :-


समूह गुण
समूह इतिहास
समूह-संरचना
समूह-संस्कृति
समूह-सांख्यिकीय लक्षण
समूह-क्रियात्मकताएँ
पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता
के निर्धारक
के प्रभाव
के सहकारी
समूह- केन्द्रीय मूल्यांकन
लक्ष्य प्राप्ति
समूह आदर्श
समूह मूल्य
समूह सहकार
समूह बाध्यता
नेता की परिभाषायें
आकृति वाद
प्रभावी
पुना हुआ व्यक्ति
नेता
व्यवहार
तात्पर्य
वह क्या करता है
वह किस प्रकार करता है
किसके द्वारा वर्णित
किस विधि द्वारा
नेता के व्यवहार की परिभाषायें
अधिकारी व्यवहार
प्रभावी कार्य
प्रभावी का प्रारम्भ
के निर्धारक
के सहकारी
का प्रभाव
व्यक्ति-केन्द्रीय मूल्यांकन
व्यक्तिगत सहकार
नेता के लिये वोट
सहकार निर्धारण
कार्य तीव्रता
परिवर्तन प्रत्याशा
व्यक्तिगत कारक
वैयक्तिक तत्व
व्यक्तिगत गुण
समूह में स्थिति
अधिकार एवं मूल्य
पारितोषण
पर्यावरण के प्रति सहकार
नेतृत्व के विभिन्न आधारों का वर्णन

नेतृत्व सम्बन्धी विभिन्न सिद्धान्त समय-समय पर प्रतिपादित किये जाते रहे हैं। जिनके माध्यम से व्यक्तियों की क्रिया-कलापों अन्तः पारस्परिक क्रियाओं का मूल्यांकन किया जा सके। आधुनिक का नियंत्रण सामाजिक मान्यताओं के द्वारा जितनी सफलता से किया जा सकता है उतना किसी अन्य माध्यम से सम्भव नहीं है। अतः आज नेतृत्व से सम्बन्धित विभिन्न सामाजिक कारकों के विश्लेषण का वर्तमान शोध प्रयास उपर्युक्त दिशा में एक उपयोगी कड़ी सिद्ध होगा।

विकासशील देशों में युवा आक्रोश एवं उनका निर्देशन एक दूसरे के साथ जुड़े हुये प्रतीत होते हैं। अनेकानेक छात्र आन्दोलनों को विकास रूप न मिलने पाये इसके लिये नीति निर्धारक तत्व उत्तरदायी हैं। प्रारम्भिक अध्ययनों से स्पष्ट होता है कि व्यक्ति उग्र स्वभाव वाला नहीं होता है। यह उग्र स्वभाव सामाजिक कारक है और एक हद तक परिवेश उत्तरदायी होता है। राष्ट्रीय विकास की दिशा में व्यक्तियों का यह प्रभावी प्रयास रहता है कि उपलब्ध मानवीय मौलिक स्रोतों का इस प्रकार उपयोग करें जिससे अच्छे जीवन आदर्श किया जा सके। समाज के सतत परिवर्तन में प्रभावशाली व्यक्तियों का निरन्तर कार्यरत होना आवश्यक है। जिसके फलस्वरूप विभिन्न क्षेत्रों में व्यक्ति सामाजिकता हो सके। राष्ट्रीय विकास की अवधारणा मात्र आर्थिक विकास तक ही सीमित नहीं है। अपितु इसमें सामाजिक विकास सांस्कृतिक विकास, राजनैतिक विकास एवं मुख्य रूप से मनोवैज्ञानिक विकास समावेशित होते हैं। पिछले दशकों में राष्ट्रीय विकास को मुख्य रूप से आर्थिक विकास के साथ मूल्यांकित किया जाता रहा है। विभिन्न अध्ययनकर्ताओं अनुभवों के आधार पर यह प्रतिपादित हुआ है कि आर्थिक विकास होने से सामान्य जनजीवन स्तर विकसित नहीं होता है और न ही व्यक्तियों के जीवन यापन पद्धति में कोई सकारात्मक वृद्धि होती है। इस कारण राष्ट्रीय विकास के क्षेत्रों में कुछ नहीं अवधारणाओं को मूल्यां-

चिंता करने का आधार बना प्रतीत हुई है । इनमें से मुख्य

1. बेकारी,
2. आय का असमान वितरण,
3. अमीर एवं गरीब के बीच अन्तर,
4. अशिक्षा एवं अज्ञानता,
5. पौष्टिक आहारों की कमी,
6. निम्न स्तरीय आवासीय व्यवस्था एवं अन्य सामाजिक समस्यायें,
7. सभी प्रमुख शहरी बस्तियों एवं शहर सेवाओं की समस्यायें ।

शिक्षा संस्थाओं में बढ़ती हुये उद्दण्ड आचरण की समस्या सामाजिक परिवर्तन से कारणत्व सम्बन्ध से जुड़ी है । इस संदर्भ में आधुनिक शिक्षा एवं विज्ञान को दोषित करना त्रुटिपूर्ण नहीं होगा । बढ़ती हुई आवश्यकताओं एवं आधुनिकीकरण की प्रक्रिया से कारणत्व शिक्षण संस्थाओं में दूषित वातावरण व्याप्त है । राष्ट्रीय विकास मुख्य रूप से मानव जीवन, भौतिक सुविधायें, अध्यात्म, सामाजिक मूल्यों एवं व्यक्तिगत क्रिया कलापों सैद्धान्तिक सारसम्य के साथ ही अपेक्षित हो सकता है ।

नवीन स्वतंत्रता प्राप्त देश जो धीरे-धीरे ब्रिटिश साम्राज्य के नियंत्रण से बाहर निकल रहे हैं विकास की दृष्टि से विभिन्न सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक राजनीतिक एवं शैक्षिक समस्याओं से ग्रसित रहे हैं । इन देशों की समस्यायें गम्भीर हैं क्योंकि इनमें रहने वाले व्यक्ति समाज सांस्कृतिक मूल्यों एवं परम्पराओं के विरोधी नहीं हो पा रहे हैं । इस प्रकार के चलित समय में राष्ट्रीय विकास की दृष्टि से शान्ति के महत्वपूर्ण योगदान को नकारा नहीं जा सकता है । राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य के रूप में विभिन्न सांस्कृतिक एवं सामाजिक विचारों वाले व्यक्तियों को एक स्तर पर लाने का कार्य शान्ति समुदाय समाज से कर सकता है ।

इस दुस्साहस पूर्ण कार्य के लिये छात्र वर्ग एवं शिक्षण संस्थाओं का सक्रिय योगदान सम्भवतया पर अपेक्षित रहा है। अपनी राष्ट्रीय परम्पराओं एवं संस्कृति के विकास की दृष्टि से छात्र वर्ग के अपर बहुत बड़ा उत्तरदायित्व है। द्वितीय पुनर्वास नेशनल डेवलपमेन्ट काउन्सिल ने विकास की दृष्टि से जिन मुख्य कार्यों पर प्रकाश डाला गया है। वह इस प्रकार है :-

(1) मानवीय स्तर के जीवन यापन के क्रम से कम साक्षर,
(2) व्यक्तियों का नियमित विकास,
(3) नारी का उचित विकास,
(4) जन्म-व्यवस्था का समान वितरण,
(5) स्वास्थ्य, पोषक, आवासीय एवं सामाजिक विकास,
(6) पर्यावरण की सुरक्षा,
(7) सक्रम शिक्षा।

वर्तमान शोध कार्य में जिन सिद्धान्तों को प्रतिपादित किये जाने का प्रयास किया गया है, वह मेधावत्व की व्याख्या करने में उपयोगी है। विभिन्न विश्लेषणों से निकाले गये निष्कर्षों के आधार पर छात्र मेधावत्व की सार्थकता पर प्रकाश पड़ता है। सामाजिक अन्वेषण में मापन एवं प्रकार पर आधारित कारक मुख्य रूप से अध्ययन का विषय होते हैं। कुछ कारकों को वैज्ञानिक अवलोकन पद्धति के माध्यम से अध्ययन करके सिद्धान्त एवं परिकल्पनायें आधारित की जाती हैं। अनेक प्राप्त निष्कर्षों एवं पुनरावृत्ति विधि से प्राप्त सार्वभौम निष्कर्षों में समान समानता होती है। एक समूह में जो विभिन्न व्यक्तियों के आपसी सहयोग से क्रियान्विता रहता है, यदि कोई अकेले पूर्ण सफलता के साथ क्रियाशील नहीं होती है। तो समूह का सामाजिक, आर्थिक एवं वैज्ञानिक विकास अवरुद्ध हो जाता है।

प्रस्तुत निष्कर्षों से प्रारम्भिक परिकल्पना की पुष्टि होती है कि छात्र चेतना पर विभिन्न सामाजिक कारकों का प्रभाव पड़ता है। वर्तमान छात्र वर्ग जिसके अग्र राष्ट्रीय विकास का उत्तरदायित्व पूर्ण कार्य अकांक्षा है, आधुनिक शिक्षा अन्वेषणों एवं उपयोगी रचनात्मक क्रिया-कलापों में सामन्जस्य स्थापित करने में असमर्थ है। शिक्षा जो किसी जाति या वर्ग विशेष का एक मात्र अधिकार नहीं है, दिग्भ्रमित छात्र समुदाय को उचित पथप्रदर्शन प्रदान करने के लिये उत्तरदायी है।

औद्योगिक एवं तकनीकी के आधुनिक विकास में अधिकांशतः व्यक्ति ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन करने लगे हैं, एवं तथाकथित प्रचार के कारणवश अपने बच्चों को शिक्षित करने के प्रयास में जुटे हुये हैं। इस मूलभूत कारण के कारणवश वर्तमान शोध सर्वेक्षण में न्यादर्श छात्राओं में अधिकांश छात्र नेता ग्रामीण क्षेत्रों के हैं। उत्तरदातायों का अधिक प्रतिशत संयुक्त परिवारों का प्रतिनिधित्व करता है। इन परिवारों में अधिकतर प्रमुख पितामह दादा एवं पिता वर्तमान शोध सर्वेक्षण में पाये गये हैं। यह इस बात का प्रदर्शित करता करता है कि पुरानी पीढ़ी आज भी संयुक्त परिवार प्रथा में विश्वास करती है। अन्य प्रकार के परिवार तुलनात्मक दृष्टि से कम पाये गये हैं। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि वर्तमान संयुक्त परिवार प्रथा कितने समय तक जीवित रहेगी। यह एक ऐसा काल्पनिक विचार है जो विभिन्न रूप से समय के तारत्व पर निर्भर करता है।

वर्तमान शोध सर्वेक्षण में अधिकांश प्रतिशत अविवाहित छात्र नेताओं का प्राप्त हुआ है। यह विभिन्न रूप से एक अच्छी सामाजिक उपलब्धि है और इंगित करती है कि मुस्लिम समाज की सामाजिक व्यवस्था में बाल विवाहों की प्रथा तुलनात्मक दृष्टि से कम है। बाल-विवाह की प्रथा को नितान्तरूप से एक सामाजिक अभिशाप कहीं जाती है वर्तमान में इस क्षेत्र का अधिकांश क्षेत्र नहीं मानो का सकती

है । छात्र नेताओं से प्राप्त अधिकांशतः वैवाहिक जानकारियों के आधार पर यह निष्कर्ष निकलता है कि विजा या अन्य तरीकों द्वारा किए गये विवाहों का प्रतिशत अधिक है। छात्र नेताओं के व्यक्तिगत मतों में प्रेम विवाह को कुछ हद तक अधिक माना गया है, परन्तु अन्तर्जातीयविवाहों के सम्बन्ध में इन छात्र नेताओं के मत परम्परागत मान्यताओं पर आधारित है । इस विषय से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी के आधार पर यह निष्कर्ष निकलता है कि व्यक्तिगत मूल्यों में पारिवारिक, सांस्कृतिक मूल्यों का सशक्त प्रभाव छात्र नेताओं के विचारों पर है ।

वर्तमान शोध अध्ययन में पर्यावरणीय कारकों का समग्र रूप से प्रभाव छात्र नेताओं की शिक्षा अभिरुचियों पर दृष्टिगोचर होता है । अधिकांश छात्र नेताओं के मत में शिक्षा सुधार सम्बन्धी प्रयास वैज्ञानिक तरीकों की बहुत आवश्यकता है। सम्पूर्ण सर्वेक्षित किये गये छात्र नेताओं के अनुसार शिक्षण संस्थाओं का वातावरण दूषित है और इतनी खामियाँ व्याप्त है कि उपयोगी शिक्षा के लिए आवश्यक सुविधायें उपलब्ध नहीं है । कुछ छात्र नेताओं के मत में शिक्षण विधि दूषित है, कुछ छात्र नेताओं के मत में उपयोगी पुस्तकालयीन सामग्री का अभाव है । छात्र नेताओं का एक बड़ा प्रतिशत समग्र रूप से यह कहने के लिए तैयार है कि छात्र जो वर्तमान शिक्षण संस्थायें विभिन्न दृष्टिकोणों से उपयोगी नहीं है वो उचित शिक्षा प्रदान कर सके । वास्तविक रूप से यह केवल शिक्षण संस्थाओं को दोषी सिद्ध करना ही नहीं अपितु वर्तमान सरकार की ओर भी संकेत है ।

वर्तमान सर्वेक्षण में यह अनुभव किया गया है कि उत्तरदाताओं का अधिक प्रतिशत अपने अध्यापकों से सामन्जस्य बनाये हुये है एवं उनका आदर करता है । छात्र नेताओं का अध्यापकों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार

निर्णिमा रूप से समाज शास्त्रीय दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण उपलब्धि है। छात्र नेताओं का कुछ प्रतिशत अध्यापकों के साथ मनोरंजन करना स्वीकार करता है। वह विश्वास करते हैं कि प्राचीन गुरु शिष्य- परम्परा बौद्धिक विकास की दिशा में उपयोगी है। वास्तविक रूप से यह एक विचार था जो उत्तरदाताओं से पूछा गया इसमें कितनी सत्यता है यह कहना कठिन है, क्योंकि विभिन्न छात्र आंदोलनों के समय व्यक्तिगत रूप से कुछ छात्रों को अध्यापकों के साथ अशुद्ध व्यवहार करते हुए देखा गया है।

वर्तमान अध्ययन में यह निष्कर्ष निकला है कि छात्र नेताओं का अधिकांश प्रतिशत अपनी मान्य एवं अमान्य मांगों के हेतु में छात्र - आन्दोलनों को अधिक महत्वपूर्ण है। विस्तृत विवरण प्राप्त करने पर यह जानकारी प्राप्त हुई है कि कुछ छात्र नेता व्यक्तिगत रूप से छात्र आन्दोलनों में भाग लेना नहीं चाहते हैं, परन्तु छात्र समिति के संगठन की दृष्टि से उन्हें भाग लेना पड़ता है, जिससे छात्र समुदाय में छात्र समिति की छवि प्रदर्शित हो सके।

अनुसूचियों के द्वारा व्यक्तिगत स्तर में निर्णिमा परिवर्तन पड़ता है, परन्तु पर्यवेक्षण की इस दिशा में महत्वहीन नहीं कहा जा सकता है। वर्तमान अध्ययन में छात्र नेताओं द्वारा दी गई जानकारी का विश्लेषण करने से स्पष्ट होता है कि वे अपने पड़ोस के प्रति सजग हैं। उत्तरदाताओं ने पड़ोस में रहने वाले विभिन्न व्यवसायिक व्यक्तियों के बारे में प्रभावी सूचनायें दी है। इन व्यवसायिक व्यक्तियों के सांस्कृतिक एवं अन्य सामाजिक प्रभावों से छात्र नेता निकल नहीं रह सकता है। प्रेरणा प्राप्त करने की दिशा में छात्र नेता को अपने पड़ोस के प्रति आभारी रहना चाहिए।

आयु समाजीकरण की प्रक्रिया के लिए महत्वपूर्ण कारक सिद्ध हुयी है। वर्तमान सर्वेक्षण में यह पाया गया है कि उत्तरदाता कम आयु वर्ग वाले भिन्न अधिक पाये जाते हैं। यह सिद्ध हो चुके तथ्य के बावजूद उत्तरदाताओं में महिला भिन्न बनाने की ओर अभिरुचि दिखायी है। इस सम्बन्ध में अधिकांश उत्तरदाता अपनी महिला मित्रों को पहले परम्परागत पारिवारिक रूढ़ियों के कारण परिवार के सदस्यों से नहीं करते हैं।

वर्तमान शोध अन्वेषण की दृष्टि से प्रमुख राजनैतिक पक्षधरों का विश्लेषण विशिष्ट रूप से स्थानीय एवं राष्ट्रीय दृष्टि से गम्भीर चिन्तन है। वर्तमान अध्ययन से यह निष्कर्ष निकलता है कि अधिकांश छात्र संस्थाओं की राजनीति में सक्रिय भाग लेते हैं। इनमें से कुछ विभिन्न राष्ट्रीय राजनैतिक पार्टियों की गतिविधियों से साथ जुड़े होने को स्वीकार करते हैं। विभिन्न संस्थाओं में व्याप्त अव्यवस्थाओं से उत्तेजित होकर छात्र समुदाय आन्दोलन की ओर प्रेरित होता है। जिससे उनका अधिकांश समय व्यर्थ जाता है और वह शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य को अर्जित करने में सक्रिय नहीं रह पाते हैं। वर्तमान शोध सर्वेक्षण से यह जानकारी प्राप्त हुई है कि वर्तमान सरकार की ओर अधिकांश छात्र नेता आलोचनात्मक दृष्टि से देखते हैं। सम्पूर्ण छात्र नेताओं के वर्तमान सर्वेक्षण से यह प्रदर्शित होता है कि अधिक प्रतिशत सम्मुलिष्ट विद्यार्थियों का है। भारत जैसे प्रजातान्त्रिक देश जहाँ सरकार का गठन वोट के आधार पर होता है, वोट जैसी इकाई को उपेक्षित नहीं किया जा सकता है। वैचारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण उत्तरदाताओं के छात्र यह स्वीकार करते हैं कि वह अपना मत उम्मीदवार की योग्यता पर देते हैं। जाति या समुदाय पर आधारित मत देने का

प्रतिशत वर्तमान अध्ययन में एक समान प्राप्त हुआ है। राजनीतिक दलों की प्रेरणा का योगदान छात्र नेताओं के विचारों से प्रदर्शित होता है। अच्छे लोकतांत्रिक प्रणालात्मक राष्ट्र के लिये नेतृत्व रूप में उम्मीदवार की योग्यता को ही प्रमुख माना जाना चाहिये।

भारत वर्ष में वयस्क मताधिकार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। इस दिशा में उत्तरदाताओं के मत आमन्त्रित किये गये। इन मतों के अनुसार यह दृष्टि होती है कि वयस्क मताधिकार प्रमुखता से होना चाहिए। इस सम्बन्ध में कुछ उत्तरदाताओं ने मताधिकार के लिये शिक्षा स्तर प्रयोग करने की सिफारिश की है। वर्तमान संविधान में उत्तरदाता सीमित मताधिकार के पक्ष में देखे गये हैं, फिर भी इनका प्रतिशत विरोधियों के विचारों से काफी अधिक नहीं है। तीसरे व्यवस्था के विकास के कारणवश पड़ोसी देशों के घटनाओं से दुष्टेलक्ष्य देश का विचारधी वर्ग अछूता नहीं है।

शैक्षणिक संस्थाओं के प्रशासनिक दृष्टिकोण से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्पष्टतः निष्कर्ष है कि विद्यार्थी वर्ग विभिन्न नीति निर्धारण में अधिक प्राथमिकता चाहता है। किसी भी छात्र नेता के मत में यह प्रदर्शित नहीं होता कि छात्र यूनियनों से शिक्षण स्तर, प्रशासन एवं संस्था की सांस्कृतिक गतिविधियों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। यह प्रतिशत छात्र नेताओं के अनुसार शिक्षण संस्थाओं में छात्र यूनियनों का होना अनिवार्य है। इन छात्र यूनियनों की पारस्परिक गतिविधियों के कारणवश सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक, शैक्षणिक एवं भौगोलिक विकास सम्भव है। इस दिशा की महत्वपूर्ण जानकारी सर्वर (1970) के अध्ययन से प्राप्त होती है। इनके अनुसार यदि छात्र अधिक समय तक शिक्षण संस्थाओं में जुड़ा रहे तो वह राष्ट्रीय गतिविधियों में अधिक रुचिकर प्रदान करता

चाहता है । इस तथ्य से स्पष्ट होता है कि ग्राम संस्थाओं में ग्रामों द्वारा अधिक समय व्यतीत करने की दृष्टि से उपयोगी एवं व्यवहारिक शिक्षा की आवश्यकता है । अन्यथा ग्राम में समय का दुरुपयोग करने के लिये विनाशकारी गतिविधियों की ओर उन्मुख होगा ।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के भूतपूर्व अध्यक्ष डी कोठारी के अनुसार उच्च शिक्षा में नियन्त्रण की आवश्यकता है । यह तथ्य उन्होंने शिक्षा आयोग की प्रोक्षा रिपोर्ट में स्पष्ट किये है । भारतीय शिक्षा प्रणाली में अत्यधिक परिवर्तन की आवश्यकता है और इसकी पूर्ति लिये शिक्षा प्राप्ति का आधार निर्मित किया जाना चाहिये । प्रारम्भिक शिक्षण संस्थाओं में कार्य पद्धति पर आधारित अनुभव युक्त शिक्षा प्रणाली उपयोगी हो सकती है । माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं में व्यवहारिक दृष्टि से उपयोगी प्रशिक्षण की आवश्यकता है । उच्च शिक्षा में साधारण बौद्धिक स्तर रखने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश को अनुचित किया जाना चाहिये । जिससे इस सम्पूर्ण व्यवस्था के कार्य स्थानीय राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उचित एवं सक्षम बौद्धिक क्षमता रखने वाले युवकों को पहुँच सकें । इस सम्पूर्ण प्रक्रिया के लिये मूलभूत स्तर पर प्रशासनिक योजनाओं की तैयारी एवं नियमन आवश्यक है । इस समीक्षा की विवेचना करने से स्पष्ट होता है कि विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में अल्पसंख्यक ग्राम समुदायों के लिये एक निर्देशिका शिक्षा प्रणाली आवश्यक है जिससे ग्राम आन्दोलन की व्यवस्था का अहसास न हो सके ।

वर्तमान समय में ऐसा अनेकों जटिल समस्याओं से घिरा हुआ है । इन समस्याओं के माध्यम से यह विदित होता है कि संख्या की दृष्टि से संख्यात्मक एवं अनुपातिक ग्राम समुदायों में होना आवश्यक है । यदि

अधिक ज्ञान नेतृत्व की आवश्यकता भी है तो विज्ञान संस्थाओं से सम्बन्धित अधिकारियों को छात्रों से सम्बन्धित समस्याओं का गम्भीरता से अध्ययन करना चाहिए। जिससे ये छात्र देश की रचनात्मक गतिविधियों में वांछित योगदान दे सकें। विज्ञान संस्थाओं के क्षेत्रों में जातिगत एवं क्षेत्रीय प्रादेशिक मान्यताओं को अत्यधिक प्रभावी नहीं होने देना चाहिये। वर्तमान समय में आदर्श छात्र नेतृत्व स्थापित करने के लिये संकीर्ण विचारधाराओं को विज्ञान संस्थाओं से दूर रखना चाहिये।

सामाजिक एवं राजनीतिक दृष्टि से राष्ट्रीय हित में उपयोगी क्रिया-कलापों के लिये प्रतिभाओं को व्यक्तिगत हितों के प्रति अधिक संवेदनशील नहीं रहना चाहिये। यदि व्यक्तिगत हितों की भावना सक्रिय रहती है तो राष्ट्रीय प्रगति की कल्पना व्यर्थ है। इसलिये यह आवश्यक है कि छात्र एवं छात्रों को अविलम्ब से प्रति अधिक संवेदनशील एवं संकीर्ण विचारधाराओं से दूर रखना चाहिए। यदि कुछ अपरिहार्य कारण इस प्रक्रिया में बाधक बनें तो नीति निर्धारित सत्रों का उत्तरदायित्व अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। शिक्षाविद्, समाजसेवी एवं अन्य सामाजिक संगठन राष्ट्रहित में छात्र शक्ति का दुरुपयोग न करके उचित मार्ग निर्देशन एवं पथप्रदर्शन प्रदान करें।

12. निष्कर्ष

भारत वर्ष के विभिन्न प्रान्तों में किये गये छात्र आन्दोलनों एवं छात्र नेतृत्व के अध्ययनों से स्पष्ट होता है कि इस दिशा में वर्तमान समय पर किये जाने की शीघ्र प्रयास किये गये हैं अन्यथा 1973।

जिन शिक्षण संस्थाओं में अधिक छात्र आन्दोलन हुये हैं और उनका समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से अध्ययन किया गया उनमें बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, उस्मानियां विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय प्रमुख हैं । वर्तमान शोध कार्य के आधार पर यह निष्कर्ष निकलता है कि छात्र नेता कुछ विशेष गुण वाले होते हैं । इस सम्बन्ध में सहयोगी जानकारी एकत्र करने से स्पष्ट होता है कि छात्र नेताओं में सामान्यतः निम्नलिखित गुण पाये जाते हैं :-

1. निम्न शिक्षा का स्तर :- यह बात निश्चित रूप से प्रमाणित है कि माध्यमिक कक्षाओं में अध्ययनरत छात्रों में आन्दोलन एवं नेतृत्व की प्रवृत्ति कला संकायों के छात्रों की तुलना में कम है । वर्तमान शोध सर्वेक्षण में अधिकांश छात्र नेता उच्च शिक्षण संस्था वाले प्राप्त नहीं हुये हैं, और वह अपनी अध्ययन गतिविधियों के सम्बन्ध में अधिक चर्चा करना उचित नहीं समझते हैं । यह तथ्य आ० 1968 रास 1969 एवं अब 1958 से 1977 तक, औ मैन 1974 बोना 1968 आदि के द्वारा दूसरी संस्थाओं से समर्थित एवं है ।

2. <u>उच्च आर्थिक स्तर</u> :- छात्र नेताओं में वर्गों की दृष्टि से अत्याधिक विभाग प्रदर्शित होता है । वर्तमान शोध सर्वेक्षण की यह उपलब्धि आ 1968 एवं बो मा 1969 के अध्ययनों से समर्थित है । बोना ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र नेताओं के बारे में कहा है कि उनमें भारतीयता बोलने की तीव्र इच्छा होती है, और अपने अनुयायियों को परिस्थितियों के अनुकूल छात्र नेता सफलता के साथ एकत्रित कर लेते हैं ।

3. प्राध्यापकों के साथ सम्बन्ध एवं उनकी राजनीतिक गतिविधियाँ

इ.आई :- वागल छात्र नेता शिक्षण संस्थाओं के प्राध्यापकों के साथ सम्बन्धित होते हैं। इसके कारण प्राध्यापकों की राजनीतिक गतिविधियों से वे पूर्ण रूप से अवगत होते हैं। वर्तमान शोध सर्वेक्षण की यह उपलब्धि है (1977), या (1969) एवं बोगा (1968) के द्वारा विभिन्न तथ्यों के साथ समानता रखती है।

4. राजनीतिक भविष्य एवं राजनीतिक दलों के साथ सम्बन्ध :- यह निष्कर्ष रूप से सही है कि वर्तमान शोध सर्वेक्षण में अधिकांश छात्र नेताओं ने राजनीतिक दलों के साथ सम्बन्धित होना स्वीकारा है, परन्तु वर्तमान अध्ययन की उपलब्धियों जैन (1974) के दिल्ली विश्वविद्यालय में किये गये सर्वेक्षण से भिन्नता है। जो जैन के अध्ययन में 66.67 प्रतिशत छात्र नेताओं ने राजनीतिक नेतृत्व ग्रहण करने की आकांक्षा व्यक्त की है, जबकि वर्तमान अध्ययन में अधिकांश छात्र नेताओं ने भविष्य में राजनीतिक गतिविधियों को अपना आधार बनाने से इंकार किया है।

5. नेतृत्व की आकांक्षा :- विभिन्न शिक्षण संस्थाओं से सम्बन्धित छात्र नेताओं के वर्तमान अध्ययन में उत्तरदाताओं ने स्पष्ट रूप से शिक्षण संस्था परिसर में नेतृत्व प्रक्रिया पर गहरी आस्था व्यक्त की है। इस सम्बन्ध में कुछ छात्र नेताओं का मत था कि छात्र समितियों के चुनाव में रेन्क-ऑर्डर प्रकार का पद ग्रहण होना चाहिए। इस प्रकार के निष्कर्ष जा (1969) एवं बोगा (1968) के निष्कर्षों से भी प्राप्त होते हैं।

6. भिक्षण संस्थाओं के आस-पास निवास करने की प्रवृत्ति :-

अधिकांश छात्र नेताओं की प्रवृत्ति शिक्षण संस्थाओं के आस पास निवास करने की होती है। वह अधिकांश समय कार्यक्रमों का नियोजन एवं उनके क्रियान्वयन में व्यतीत करते हैं। यह अवधि सन् 1950 से लेकर 1970 के अध्ययनों से समानता रखती है।

वर्तमान शैक्षिक विकास की जटिल प्रक्रिया के परिप्रेक्ष्य के अध्ययन की दृष्टि से जिस परिकल्पना का निर्माण किया गया था कि विभिन्न सामाजिक कारकों का छात्र नेतृत्व पर प्रभाव पड़ता है, उसकी पुष्टि वर्तमान शोध अध्ययन में प्राप्त विभिन्न तथ्यों से होती है। वर्तमान शोध अध्ययन की दृष्टि से जिन मुख्य तथ्यों को निर्धारित करने का प्रयास किया गया था उसकी समीक्षा निम्न प्रकार से है :-

1. छात्र नेतृत्व का सामाजिक उद्गम :- पूर्व निर्धारित समाज मनोवैज्ञानिक मान्यताओं के अनुरूप वर्तमान शोध कार्य यह पुष्टि करता है कि छात्र नेतृत्व जटिल सामाजिक प्रक्रिया एवं सामाजिक व्यवस्थाओं से भिन्न नहीं है। सामाजिक प्रक्रियाओं एवं व्यवस्थाओं से परे रहते हुए छात्र नेतृत्व का व्यवस्थित अस्तित्व सम्भव नहीं है। छात्र नेतृत्व की प्रक्रिया पर समायोजन के विभिन्न कारक यथा आयु, लिंग, परिवार, समाज एवं पर्यावरण का सशक्त प्रभाव दृष्टिगोचर होता है।

2. छात्र नेतृत्व के प्रकार :- पूर्व निर्धारित समाज मनोवैज्ञानिक

ग्राम नेतृत्व के विभिन्न प्रकारों का आंशिक एवं परीक्षण शोध अध्ययन में विभिन्न ग्राम नेताओं के व्यक्तित्व में देखा गया है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र की विभिन्न तहसीलों के क्षेत्रों में जिन ग्राम नेताओं से तथ्य एकत्र करने में सहायता प्राप्त की गई उनके व्यक्तित्व एवं अभिवृत्तियों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि दीर्घकालिक एवं स्थाई ग्राम नेतृत्व की भावना का अभाव है।

3. ग्राम आन्दोलन एवं समूह विकास की धारा :-

ऐतिहासिक दृष्टि से अनेकानेक बुन्देलखण्ड क्षेत्र की विभिन्न तहसीलों में परीक्षण अवधि तक विनाशकारी ग्राम आन्दोलन नहीं देखे गये हैं। इससे स्पष्ट होता है कि विनाशकारी गतिविधियों से इस क्षेत्र का ग्राम समुदाय दूर रहकर समूह विकास की धारा रहा है। यह आवश्यक नहीं की सार्वजनिक हितों की रक्षा की दृष्टि से सदैव आन्दोलन का मार्ग अपनाया जाय। सामाजिक एवं राजनैतिक सामंजस्य मौलिक धारा के अनुरूप स्थापित किया जा सकता है।

4. ग्राम नेतृत्व का समाज-आर्थिक कारकों से सम्बन्ध :-

प्रत्येक समाज में प्रभुत्व एवं नेतृत्व की दृष्टि से विभिन्न समाज-आर्थिक कारकों का योगदान रहा है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र में आर्थिक दृष्टि से ठाकुर एवं यादव सम्पन्न जातियाँ हैं। कार्यिका की दृष्टि से भी इस क्षेत्र में यादव एवं ठाकुर जातियों का बाहुल्य है। इन जातियों

का मुख्य आर्थिक स्रोत कृषि है । इसके फलस्वरूप वर्तमान अध्ययन में ... इन जातियों से आने वाले छात्रों का अधिक प्रतिशत उपलब्ध हुआ है । आर्थिक दृष्टि से यदि व्यक्ति को सम्पन्नता प्राप्त न हो तो विकासशील वर्ग में उसकी विभिन्न सामाजिक गतिविधियाँ प्रभावित हो जाती हैं ।

5. छात्र नेतृत्व का स्थानीय एवं राष्ट्रीय विकास के क्षेत्रों में

योगदान :- राष्ट्र के सजग प्रहरी के रूप में शिक्षण संस्थाओं का अत्यधिक योगदान रहता है । छात्र शिक्षण संस्था की धुरी है । इसके सक्रिय योगदान के बिना शिक्षण संस्था का अस्तित्व असम्भव सा प्रतीत होता है । वर्तमान अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ है कि स्थानीय सैद्धान्तिक समिति की छात्रों एवं शिक्षण संस्थाओं के अधिकारियों के मध्य उभर आते हैं उनका निराकरण भी स्थानीय स्तर से हो जाता है । वर्तमान समय तक की प्राप्त जानकारी से स्पष्ट है कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं के क्षेत्रों में कोई भी छात्र समस्या राष्ट्रीय चिन्ता का विषय नहीं बनी है । यह इंगित करता है कि इस क्षेत्र का छात्र वर्ग प्रबुद्ध एवं सामुदायिक विकास के प्रति जागरूक है और इस जागरूकता से वह स्थानीय व राष्ट्रीय विकास में सक्रिय योगदान के लिए पूर्ण सक्षम है ।

6. सुझाव

समाजशास्त्रीय शोध विषय ( ) विभिन्न सामाजिक समस्याओं पर सरकार से पूर्वाग्रह ग्रस्त रहते हैं । व्यक्ति एवं

पर्यावरण के बीच सामंजस्य स्थापित करने का कार्य समाज वैज्ञानिकों के द्वारा सम्भव है। छात्र नेतृत्व को मात्र तात्कालिक उग्र रूप नहीं कहा जा सकता है क्योंकि इसकी पृष्ठभूमि में अनेकों सामाजिक समस्यायें विद्यमान रहती हैं। भविष्य के नीति निर्धारण में यह आवश्यक है कि देश व्यापी एवं विश्व व्यापी समस्यायें वर्तमान शीघ्र शिक्षा के मुख्य पहलू पर गम्भीरता से विचार किया जाये। इसके सापेक्ष राजनीतिज्ञों का गम्भीर चिन्तन अपेक्षित है। राष्ट्रीय विकास में उपयोगी छात्र समुदायों का व्यक्तित्व हिंसा के लिए शोषण न हो।

सभी प्रजातांत्रिक देशों में यह कहावत है कि आज का छात्र कल का भावी नागरिक है। स्वतंत्रता की पूर्व की पीढ़ी ने कई वर्षों के निरन्तर संघर्ष के पश्चात वर्तमान प्रजातांत्रिक रूप को प्राप्त किया है। इस व्यवस्था के अन्तर्गत ऊँच नीच का भेद मिटाकर सभी नागरिकों को समान अधिकार की व्यवस्था की गई है। आज का छात्र व्यक्तित्व योग्यताओं के कारण राष्ट्रहित में महत्वपूर्ण योगदान रखता है, इसकी निरन्तरता इस बात पर निर्भर करती है यह शिक्षा उच्च एवं गतिशील है। प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर को दीर्घायु करने की दिशा में विभिन्न संस्थाओं एवं छात्र वर्ग का योगदान कम्य समझा जाएगा। व्यक्ति की पहली हुई आदर्श परम्परायें स्वीकारने के साथ-साथ प्राचीन मूल्यों की रक्षा करना चाहिये। विभिन्न सामाजिक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोणों से निरन्तर आविष्कार हो रहे हैं, एवं इन आविष्कारों के फलस्वरूप मानव मनोवृत्ति परिवर्तित प्रतीत होती है। इन परिवर्तनों के अनुरूप ही व्यक्ति दिशा भ्रमित नहीं होना चाहिये और उसी से यह अपेक्षा की जाती है कि उसका आचरण व्यवहार एवं गतिविधियाँ नैतिक मूल्यों के अनुकूल होंगी। इस अवधारणा में व्यक्तित्व हिंसा को सर्वोपरि

नहीं माना जाना चाहिये, अपितु सार्वभौमिक हितों को प्राथमिकता दी जानी चाहिये। वर्तमान समय में विश्व में अनेक समुदाय आ गये हैं। व्यक्तित्व की दृष्टि से दो व्यक्ति भिन्न होते हैं। और उनके लक्ष्य विभिन्न होते हैं, सार्वभौमिक हित में सामंजस्य स्थापित करते विभिन्न व्यक्तित्व वाले व्यक्ति निर्धारित लक्ष्य की ओर सामूहिक रूप से कार्य करते हैं। वर्तमान समय में यदि विकसित राष्ट्र की परिकल्पना करना है तो छात्र समुदाय को उचित शिक्षा के अवसर प्रदान किये जाना चाहिये। राष्ट्रहित में छात्रों को नेतृत्व गुण विकसित करने की सुविधा होना चाहिये। राष्ट्र व्यापी विभिन्न गतिविधियों जैसे नीति निर्धारण आदि में छात्र हितों को उपेक्षा की दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिये। छात्रों में सामुदायिक विकास, गम्भीरता एवं अपने कार्य के प्रति लगन की आवश्यकता से सम्पूर्ण मानवता का विकास होगा।

उपर्युक्त सिद्धान्त का अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि भविष्य सम्बन्धी राष्ट्रीय गतिविधियों में छात्र प्रतिनिधित्व आवश्यक सा प्रतीत होता है। छात्रों को यह जानना चाहिये कि वे देश के लिये किस प्रकार मददगार एवं उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। उनको दृढ़ संकल्प यह हो जानी चाहिये कि उनके सोचने का तरीका व्यापक हो। परम्परागत वादविवाद, प्रदेशवाद एवं क्षेत्रीय तंगदिली भावनायें जो कि व्यक्ति के आचरणों में विद्यमान है, वर्तमान परिवेश में निष्प्रभावी होना चाहिये। वार्षिक बजट, जिसमें सामाजिक प्रगति का ह्रास होता है, को आगामी वर्ष से सुधार कर राष्ट्रहित में बाधक नहीं होने देना चाहिये। व्यक्तियों में यदि एक सूत्र की भावनाओं को आदर करने की प्रवृत्ति का विकास होगा, तो भी जैसी संकीर्ण विचार धारा को विकास का बाधक नहीं बनाया जा सकता है।

